दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 26 मई 2025 कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 46 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की स्थिति पाकिस्तान के कठपुतली प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तरह हो गई है। जिनके सिर पर अरविंद केजरीवाल पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर की तरह सवार हो गये हैं। वे मान को अपनी उंगली पर नचा रहे हैं। अपने मुंह मियां मिटठू बनकर अपने हाथों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। मेंढ़की मार कर खुद को बहुत बड़ा शिकारी बता रहे हैं। जबकि सोशल मीडिया पर उन्हें लोग तबीयत से गरिया रहे हैं। लगता है कि दिल्ली से हकाले गये घुंघरू सेठ और उनके मुनीम पंजाब का भी बेड़ा गर्क करके दम लेंगे।

मोदी के विकसित भारत के नक्शे कदम पर चल रही हमारी सरकार : साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के नक्शे कदम पर चल रही है और 'विकसित छत्तीसगढ़' इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगा। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने मन की बात की 122वीं कड़ी में देश के सामने अपनी बातों को रखा। मन की बात की ये कड़ी छत्तीसगढ़ के लिए काफी खास रही। प्रधानमंत्री ने श्री साय के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब के बारे मे जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों में साइंस का पैशन है और वे खेलों में भी कमाल कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने बस्तर क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि इस तरह के प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब पंचानबे (नाइंटी पाइव) प्रतिशत रिजल्ट ये जिला 10वीं के नतीजों में टॉप पर रहा, वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बस्तर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं।

छत्तीसगढ़ के सुशासन मॉडल, नवाचारों ने बनाई विशेष पहचान

राष्ट्रीय राजधानी के अशोक होटल में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

साय ने अपने प्रस्तुतीकरण की शुरुआत राज्य में सुशासन की संस्थागत पहल से की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' का गठन कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी व संवेदनशीलता से लागू करना है।

श्रीलंकाई व्यापार मंत्रालय आलोचना के घेरे में

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका में लाल चावल की कमी के लिए लगाए गए आयात प्रतिबंध और मूल्य नियंत्रण के बाद अब व्यापार मंत्रालय पर नमक व्यापार में एक नई 'माफिया' तैयार करने के आरोप लग रहे हैं। द्वीप राष्ट्र के एक प्रमुख समाचार पोर्टल ने यह जानकारी दी।

बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा सोल

टोक्यो/सोल (वार्ता)। भारत का एक बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार रात दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल पहुंचा, जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख पर चर्चा होगी। इससे पहले इस प्रतिनिधिमंडल ने जापान का दौरा पूरा किया। यह जानकारी रविवार को भारतीय प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने दी।

अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों से गई 200 लोगों की जान

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान में दशकों तक चले संघर्षों के बाद, अब भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों से जान जाने का खतरा बना हुआ है। इन्हीं सुरंगों के कारण परवान प्रांत के कोह सफी जिले के एक गांव में तीन दशकों में अब तक करीब 200 लोगों की जान जाने की खबर है। अफगानिस्तान के दूरस्थ गांव जौज़ाक में आज भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों का खतरा बना हुआ है। यहां करीब एक हजार परिवार रहते हैं।

डेनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

क्वीटो (वार्ता)। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने शनिवार को क्वीटो स्थित नेशनल असेंबली में आयोजित एक समारोह में अपने पहले पूर्ण कार्यकाल के लिए शपथ ली। अप्रैल में फिर से चुनाव जीतने वाले 37 वर्षीय व्यवसायी ने 2023 के अंत में आकस्मिक चुनाव जीतने के बाद अपना प्रारंभिक 18 महीने का कार्यकाल पूरा किया है। उनका नया कार्यकाल 2029 तक चलेगा।

विदेश से लौटकर राज्यपाल से मुलाकात के लिए पहुंचे सीएम

झारखंड (ए.)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौजन्य भेंट के रूप में हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ने अपने हाल ही के स्वीडन दौरे और उसमें झारखंड राज्य में औद्योगिक निवेश को लेकर किए गए प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अवगत कराया कि स्वीडन में उन्होंने कई प्रमुख स्वीडिश कंपनियों से मुलाकात की और उन्हें झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य राज्य में औद्योगिक विकास को गति देना और विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर मुख्यमंत्री की पत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी उनके साथ मौजूद थीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर गया था, जहां झारखंड सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को राज्य में विदेशी निवेश के कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है क्योंकि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ भारत में बने हथियारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी की की ताकत शामिल थी।

मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊँचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ़ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और सोशल मीडिया पर कविताएँ लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग बना रहे थे जिनमें बड़े सन्देश छुपे थे।

मोदी ने कहा 'मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहाँ बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमारे इंजीनियर, टेक्नीशियनों का पसीना इस विजय में शामिल है

भारत में बने हथियारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। इस अभियान के बाद पूरे देश में 'वोकल फॉर लोकल'को लेकर एक नई ऊर्जा दिख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई बातें मन को छू जाती हैं। एक माँ-बाप ने कहा 'अब हम अपने बच्चों के लिए सिर्फभारत में बने खिलौने ही लेंगे। देश-भक्ति की शुरुआत बचपन से होगी।' कुछ परिवारों ने शपथ ली है 'हम अपनी अगली छुट्टियाँ देश के किसी खूबसूरत जगह में ही बिताएंगे।' कई युवाओं ने 'भारत में शादी करने' का संकल्प लिया है, वे देश में ही शादी करेंगे। किसी ने ये भी कहा है 'अब जो भी उपहार देंगे, वह किसी भारतीय शिल्पकार के हाथों से बना होगा।' मोदी ने कहा कि भारत की असली ताकत 'जन-मन का जुड़ाव, जन-भागीदारी।' उन्होंने देशवासियों से देश में बनी चीजों को प्राथमिकता देने का संकल्प लेने की अपील करते हुये कहा कि यह सिर्फ़ आर्थिक आत्मनिर्भरता की बात नहीं है, यह राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी का भाव है। हमारा एक कदम भारत की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान बन सकता है।'

गुजरात में आज मोदी का मेगा रोड शो

अहमदाबाद (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी पहली बार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद 26 और 27 मई को गुजरात के पांच प्रमुख शहरों वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और गांधीनगर का दौरा करेंगे. इस दो दिवसीय दौरे में पीएम कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे, और तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इनके अलावा अहमदाबाद, भुज और वडोदरा में पीएम मोदी रोड शो करेंगे. इसकी तैयारियां की जा रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 26 और 27 मई को पीएम मोदी गुजरात में रहेंगे। दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान पीएम मोदी वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और गांधीनगर में मौजूद रहेंगे। इन सभी जगहों पर पीएम के स्वागत की विशेष तैयारी की जा रही है। साथ ही पीएम तीन जनसभा भी संबोधित करेंगे। इसी के साथ पीएम कई विकासकार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। 26 मई के दिन पीएम मोदी का सुबह 10 बजे वडोदरा में आगमन होगा। वडोदरा में पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद पीएम मोदी 11 बजे दाहोद पहुंचेंगे। दोपहर बाद भुज के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब समेत चार राज्यों की पांच विस सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान

- 19 जून को मतदान
- 23 को नतीजे

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव आयोग ने चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान कर दिया है। उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 19 जून तय की गई है। नतीजे 23 जून को आएंगे। भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गई थी। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं।

25 जून से पहले पूरी की जानी हैं चुनावी प्रक्रिया

चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन का आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

क्यों कराने पड़ रहे उपचुनाव?

गुजरात की कादी सीट करसनभाई पंजाभाई सोलंकी के निधन की वजह से खाली हुई थी। ऐसे ही विसावदर विधानसभा सीट आप विधायक भयानी भूपेंद्रभाई गंदूभाई के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थी। केरल की नीलांबुर सीट पीवी अनवर के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थी। पंजाब की लुधियाना विधानसभा सीट पर गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन की वजह से उपचुनाव कराया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव इस वजह से कराया जा रहा है, क्योंकि यहां नसीरुद्दीन अहमद का निधान हो गया था।

नीलांबुर उपचुनाव

मलप्पुरम जिले के नीलांबुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तिथि 19 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएसएलवी-सी61 मिशन के विफल होने पर इसरो सख्त

- कारणों की जांच के लिए राष्ट्रीय समिति गठित; रॉकेट का ऑडिट शुरू

नई दिल्ली(ए.)। पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट ईओएस-09 को सूर्य की समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित करने वाले रॉकेट पीएसएलवी-सी61 के असफल होने को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) गंभीर है। मिशन के फेल होने के कारणों की जांच के लिए इसरो ने राष्ट्रीय समिति का गठन किया है। इस समिति ने रॉकेट का ऑडिट शुरू कर दिया है। समिति पूरी रॉकेट की गहन समीक्षा के बाद रिपोर्ट सौंपेगी। बीते रविवार को इसरो का रॉकेट पीएसएलवी सी 61 मिशन फेल हो गया था। पीएसएलवी-सी61 रॉकेट को आंध्र प्रदेश के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था। यह पीएसएलवी रॉकेट का 63वां और एक्सएल कॉन्फिगरेशन में

लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निकाला

एक महिला के साथ वायरल हुई थी पोस्ट

पटना (ए.)। पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल से निकाल दिया गया। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया। उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार फीसदी कोटा राज्यपाल ने विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा

बंगलूरू(ए.)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रख लिया है। राजभवन के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि राज्यपाल गहलोत ने विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए आरक्षित कर दिया और इसे कर्नाटक के विधि एवं संसदीय कार्य विभाग को भेज दिया। अब राज्य सरकार इस विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजेगी।

कर्नाटक विधानमंडल के दोनों सदनों से बिल पारित

बता दें कि, राज्य में भाजपा के विरोध के बावजूद कर्नाटक विधानमंडल के दोनों सदनों ने बिल पारित किया था। वहीं भाजपा ने इसे लेकर आरोप लगाया कि यह विधेयक अवैध है क्योंकि भारतीय संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही आरोप लगाया कि इस विधेयक में सत्तारूढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल ने क्या कहा?

राज्यपाल गहलोत ने कहा कि भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता, क्योंकि यह समानता (अनुच्छेद 14), गैर-भेदभाव (अनुच्छेद 15) और समान अवसर (अनुच्छेद 16) जैसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, सुप्रीम कोर्ट ने कई फैसलों में स्पष्ट किया है कि आरक्षण केवल सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया जा सकता है, धर्म के आधार पर नहीं। राज्यपाल ने अनुच्छेद 15 का हवाला देते हुए कहा कि संविधान धर्म, जाति, लिंग, नस्ल या जन्मस्थान के आधार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ऐतिहासिक उपलब्धि ... *हम जापान से आगे, अब तीसरे नंबर पर आना लक्ष्य*

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

नई दिल्ली(ए.)। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी इसकी पुष्टि की है। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी

अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

जितेंद्र सिंह बोले- पीएम मोदी को धन्यवाद

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ने एक तेज कदम बढ़ाया है, एक बड़ी छलांग लगाई है! इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

भारत ऐसे मोड़ पर जहां से बहुत तेजी से कर सकता है विकास

सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी इंटेल रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने रूसी सैन्य उपकरणों की खरीद में कमी की है, लेकिन चीन और पाकिस्तान से संभावित खतरों से निपटने के लिए भारत को अब भी रूसी स्पेयर पार्ट्स की जरूरत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम करते हुए पड़ोसी देश को मुंहतोड़ जवाब दिया है। लेकिन इस जंग में एक बात खुलकर सामने आई है कि पाकिस्तान को पीछे से चीन और तुर्की जैसे देशों का समर्थन हासिल है। अब अमेरिका की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन को भारत अपना प्रमुख सामरिक प्रतिद्वंद्वी मानता है, जबकि पाकिस्तान को एक ऐसी सुरक्षा समस्या के तौर पर देखता है जिस पर काबू पाना जरूरी है।

राजरंग

शह और मात की जंग

महाराष्ट्र में बीजेपी और अजित पवार के बीच शह और मात का खेल जारी है..अजित के न चाहते हुए भी छगन भुजबल मंत्री बन गए..इसका अजित अब तक खुलकर स्वागत नहीं कर पाए हैं..दरअसल पिछले कुछ दिनों में जिस तरह चाचा यानी शरद पवार और भतीजा यानी अजित में मिलन हुआ है, उससे बीजेपी भी चौकन्नी है..वैसे इस मिलन के बाद महाराष्ट्र में कयास लगाया जा रहा है कि चाचा-भतीजा की जोड़ी साथ आने जा रही है..सियासी मजबूरियों में मराठी राजनीति के दादा अजित पवार भले ही इसे स्वीकार ना करें..लेकिन जिस तरह चाचा शरद पवार से मिल रहे हैं, उसके संकेत तो यही हैं...चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ आम चुनाव में बारामती से अपनी पत्नी को उतारने का अफसोस अजित जता ही चुके हैं। पारिवारिक शादी समारोह में चाचा-भतीजे का मिलन हो ही चुका है। सावधान बीजेपी ने छगन के जरिए अजित को बड़ा संदेश दे दिया है..देखना यह है कि महाराष्ट्र की राजनीति में शह और मात का यह खेल कब तक चलता है।

माला का बहाना, लाट भवन पर निशाना

दिल्ली में केन्द्र सरकार से रिटायर हो चुके एक बड़े नौकरशाह राज्यपाल बनने का सपना संजोए हुए हैं। ऐसे पद पाने के लिए जो जोड़-जतन किए जाते हैं, वे अधिकारी वह सब कर रहे हैं..जो उन्हें लाट साहब बनवा सकते हैं, उन सबको माला पहनाने और मिजाजपुर्सी करने का कोई मौका वे नहीं छोड़ रहे। वैसे जब तक वे सेवा में रहे, उनकी छवि बहुत अच्छी नहीं थी..लेकिन अब अपनी छवि बनाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। हाल के दिनों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की बजाय जिस तरह नौकरशाहों को मौका मिला है, हो सकता है कि उन्हें भी मौका मिल ही जाता। आप अंदाजा लगाते रहिए कि वे नौकरशाह हैं कौन..

कांग्रेस में दो फाड़ !

ऑपरेशन सिंदूर कांग्रेस के लिए टर्निंग प्वाइंट बन कर आया है। वैसे कांग्रेस में भी दो तरह के लोग हैं..पहली श्रेणी उनकी है, जिनकी नजर में देश पहले है, बाकी राजनीति दूसरे नंबर पर है। दूसरी श्रेणी उनकी है, जिन्हें हर हाल में राजनीति करनी है। ज्यादातर ऐसे लोग वामपंथी विचारधारा वाले हैं। वैसे इन दिनों ऐसे ही लोगों की पूछ राहुल-प्रियंका दरबार में ज्यादा है। सिंदूर को लेकर सरकार पर सवाल उठाना जहां पहली श्रेणी के लोगों को नागवार गुजर रहा है, वहीं दूसरी श्रेणी वालों को लगता है कि मोदी सरकार की गर्दन दबोचने का यही अच्छा मौका है। थरूर विवाद को भी इसी समूह ने ज्यादा तूल दिया, जबकि दूसरी सोच के लोग इसे टालते रहे। बहरहाल कांग्रेस में दो फांक साफ नजर आ रहा है। देश पहले सोचने वाले लोग आपसी बातचीत में स्वीकार कर रहे हैं कि कांग्रेस ऐसे ही चलती रही तो उसका भगवान ही मालिक है।

डीजीपी हैं भी और नहीं भी

झारखंड कैडर के आईपीएस अफसर अनुराग गुप्ता केंद्र की निगाह में भले ही रिटायर हो चुके हों, लेकिन हेमंत सरकार ने उन्हें अब भी पुलिस महानिदेशक बना रखा है...बहरहाल अनुराग गुप्ता झारखंड और केंद्र के बीच टॉम एंड जेरी शो बन गए हैं। राज्य सरकार उनकी सेवाएं ले रही है, लेकिन केंद्र उनका वेतन देने को तैयार नहीं है। झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर साफ कर दिया है कि वे इस मुद्दे को छोड़ने वाले नहीं। वैसे इस मामले की सुनवाई जून में होनी है। देखना यह है कि हाईकोर्ट क्या फैसला सुनाता है। उसी पर अनुराग गुप्ता का भविष्य निर्भर करेगा...।

राजदार..

दिल्ली के शाहदरा में ई-चार्जिंग स्टेशन में लगी आग

दिल्ली (ए.)। देश की राजधानी दिल्ली के शाहदरा में ई-चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग झुलस गए। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6.40 मिनट पर दमकल विभाग को शाहदरा के मोती राम रोड पर राम मंदिर के पास ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगने की सूचना मिली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि घायलों और शवों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया है। टीकमगढ़ एमपी निवासी बृजेश (19) और मनीराम (18) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में हरिशंकर (19) शामिल हैं, जो 45त्न जल गए हैं, रिंकू (18) 30% जल गए हैं, मुकेश (22) और विपिन (19) 7% जल गए हैं। स्टेशन के इंचार्ज विनोद राठौर को हिरासत में् लिया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। 400 वर्ग गज के टिन शेड के नीचे ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में भीषण आग लगी थी। आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए।

गंगा में डूबे परिवार के चार लोग, दो भाई और भतीजे की मौत

रायबरेली(ए.)। रायबरेली के डलमऊ घाट पर तीन युवकों की गंगा में डूबने से मौत हो गई है। गोताखोरों की मदद से शवों को बाहर निकाल लिया गया है। मौके पर भारी मात्रा में पुलिस मौजूद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डलमऊ के रानी शिवाला घाट के सामने गंगा स्नान के दौरान तीन युवकों की मौत हुई है। चार युवक गंगा में नहा रहे थे। एक के बाद एक सभी डूबने लगे। इसमें से एक को बचा लिया गया, जबकि तीन की डूबकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यहां युवक नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए थे। मरने वाले तीनों अमेठी के जगदीशपुर के रहने वाले हैं।

सभी मृतक अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के पालपुर निवासी चंद्रमा कौशल, चंद्र कुमार कौशल, चंद्र प्रकाश, विधि चंद्र कौशल, बाल चंद्र कौशल, घरम चंद्र कौशल, आयुष कौशल, अनिल कौशल और आर्या डलमऊ के रानी शिवालाघाट के पास स्नान करने के लिए आए थे। सभी लोग स्नान कर रहे थे। इस दौरान चंद्र कुमार कौशल (60), बाल चंद्र कौशल (42) और आर्या (17) गहरे पानी में चले गए। इस कारण तीनों की डूबकर मौत हो गई। घटना से घाट पर हड़कंप मच गया। लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

एशियाई देशों के बाद अब अमेरिका में भी बढ़ने लगा कोरोना

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना का एक बार फिर से बढ़ता संक्रमण चिंता बढ़ाने लगा है। पिछले एक महीने के भीतर दुनिया के कई हिस्सों, विशेषकर एशियाई देशों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं। भारत में भी एक अंतराल के बाद कोरोना के मामलों में उछाल देखा जा रहा है। बढ़ते खतरे को देखते हुए सभी राज्यों को अलर्ट किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि अभी देश में संक्रमण की स्थिति काफी नियंत्रित है, लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। हालांकि जिस तरह से कोरोना वैरिएंट्स की प्रकृति रही है।

समय से 12 दिन पहले महाराष्ट्र पहुंचा मानसून, तीन दिन के अंदर मुंबई में देगा दस्तक

मुंबई (ए.)। केरल के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। इसके अगले तीन दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह आमतौर पर 7 जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है।

ऐसी है मानसून की रफ्तार- भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नागालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है।

कब और कहां-कहां पहुंचने वाला है मानसून?- आईएमडी ने कहा, मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। ऐसे ही बंगलूरू सहित कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के शेष इलाकों, पश्चिम-मध्य व उत्तरी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी हालात मानसून के हिसाब से ही है। अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ और हिस्सों में भी मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। महाराष्ट्र में तटीय कोंकण और मुंबई में पिछले दो दिनों से भारी प्री-मानसून बारिश हो रही है।

शनिवार को केरल में दस्तक दी थी- इससे पहले दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शनिवार को केरल में दस्तक दी थी। यह 2009 के बाद से

भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन था। तब यह 23 मई को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था। आमतौर पर मानसून केरल में 1 जून को दस्तक देता है। हालांकि, सबसे पहले 1918 में 11 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दे दी थी। देरी से मानसून के आने का रिकॉर्ड 1972 में था, जब मानसूनी बारिश 18 जून से शुरू हुई थी। पिछले 25 वर्षों में सबसे देरी से मानसून का आगमन 2016 में हुआ था, जब मानसून ने 9 जून को केरल में प्रवेश किया था।

ऐसी रहती है देश में मानसून की गति- आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है। इसके बाद 8 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

क्या पूरे देश में जल्दी पहुंचेगा मानसून?- मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, मानसून की शुरुआत की तारीख और पूरे देश में मौसम के दौरान होने वाली कुल बारिश के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी हिसाब से कवर करेगा।

बीते साल 30 मई को मानसून ने दी थी दस्तक

पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून ने दस्तक दी थी। 2023 में मानसून 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को केरल पहुंच था। आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के मानसून सीजन में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान लगाया था। इसमें अल नीनो की स्थिति की संभावना को खारिज कर दिया गया था। अल नीनो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा से के लिए जिम्मेदार होता है।

एनडीए की बैठक : जातिगत जनगणना के फैसले को भी सराहा गया

सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा में प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में अहम प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई।

सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसमें पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उन्होंने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को

करारा जवाब दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में करीब 19 मुख्यमंत्री और इतने ही उपमुख्यमंत्री मौजूद थे।

कार्यक्रम का आयोजन करने वाली भाजपा ने कहा कि बैठक में जाति गणना, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न एनडीए राज्य सरकारों की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित रहा। कई मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों की प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

ताज को उड़ाने की धमकी... सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

तीन घंटे चला तलाशी अभियान, पेन भी नहीं ले जा सके पर्यटक

आगरा(ए.)। धमकी मिलने के बाद स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते के साथ ताजमहल परिसर में चप्पे-चप्पे पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तीन घंटे तक सुरक्षा एजेंसियां स्मारक में जांच करती रही रहीं। आगरा में केरल से शनिवार की सुबह पर्यटन विभाग के पास आए एक ई-मेल में ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हाई अलर्ट कर दिया गया। सीआईएसएफ, ताजगंज, पर्यटन, ताज सुरक्षा और सर्किल के फोर्स ने बम निरोधक दस्ते, स्निफर डॉग्स के साथ तीन घंटे तक ताजमहल का चप्पा-चप्पा छान मारा। इस दौरान प्रवेश द्वारों पर पर्यटकों को पैन तक नहीं ले जाने

दिया गया। तीन घंटे के तलाशी अभियान के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह एक हॉक्स मेल था, साइबर सेल इसकी जांच कर रही है।

केरल से शनिवार की सुबह 7 बजे सव्वाकू शंकर की ई-मेल आईडी से यूपी टूरिज्म, दिल्ली पुलिस और अभय श्रीवास्तव की ई-मेल आईडी पर मेल भेजा गया। इसमें ताजमहल को दोपहर 3ः30 बजे तक आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मेल की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं।

ताजमहल पर दोपहर एक बजे से सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा, पर्यटन, ताजगंज और सर्किल के फोर्स के साथ सघन चेकिंग शुरू कर दी गई। स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते के साथ ताजमहल परिसर में चप्पे-चप्पे पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली और धर्मनिष्ठ बनेगा भारत

नई दिल्ली(ए.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को इतना शक्तिशाली बनाया जाए – सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से – कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है। अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है जो हिंसा फैला सकती है। यह इंटरव्यू आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में छपा है। यह बातचीत करीब दो महीने पहले बंगलूरू में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी।

भारत का ताकतवर बनना जरूरी- भागवत

मोहन भागवत ने कहा, हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा, हम प्रार्थना करते हैंः अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति – यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें।

ताकत के साथ धर्म की भी जरूरत- भागवत

उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। सिर्फ बल हो और कोई दिशा न हो, तो वह हिंसक बन जाता है। इसलिए बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। हम ये ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके।

बांग्लादेश के हिंदुओं का उदाहरण

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए काम किया जाएगा – लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए। भागवत ने बताया कि बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया।

लग्जरी होटल और हाईप्रोफाइल लोगों से मुलाकात

किसने स्पॉन्सर की ज्योति की पाकिस्तान यात्राएं?

हिसार(ए.)। ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ में जुटी हिसार पुलिस अब जांच का दायरा बढ़ाएगी। पुलिस ज्योति मल्होत्रा की यात्रा को स्पांसर करने वाली कंपनियों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस ने सात ट्रैवल एजेंसियों को चिन्हित किया है, जो अलग-अलग राज्यों के अलावा पाकिस्तान भी कार्य कर रही हैं। सूत्र बताते हैं कि कम संख्या में फोलोअर्स होने के बावजूद एक यूट्यूबर को किसी दूसरे देश की यात्रा के लिए स्पांसर किया गया। पाकिस्तान में वीआईपी आतिथ्य सत्कार मिला। ज्योति ने लग्जरी होटल में समय बिताया। हाईप्रोफाइल लोगों से मुलाकात की। ये सब जासूसी के शक को गहरा करते हैं। इन सबके बारे में तो पूछताछ चल ही रही है। अब ज्योति की यात्रा को स्पांसर करने वाली ट्रैवल एजेंसियों से भी पूछताछ की जाएगी। ज्योति से भी पूछा जाएगा कि उसे ट्रैवल एजेंसी से किसने मिलाया। ट्रैवल एजेंसी किस आधार पर उसकी यात्रा के लिए लाखों रुपये खर्च करने को तैयार हो गई।

ट्रैवल एजेंसी की यात्रा को स्पांसर करने की क्या नीति है?- जासूसी प्रकरण से जुड़े दूसरे व्लॉगर, यूट्यूबर की यात्रा की हिस्ट्री भी जुटाई जाएगी। ताकि पता चल सके कि ये सब लोग आपस में किस तरह कनेक्ट हैं। ट्रैवल एजेंसी की यात्रा को स्पांसर करने की क्या नीति है। हिसार पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने ऐसी सात ट्रैवल एजेंसियों की पहचान की है, जिन्होंने ज्योति को विदेश भेजने में मदद की थी। क्या ये पैकेज सिर्फ ज्योति को ही दिए गए? क्या इन कंपनियों को किसी तीसरे पक्ष से पैसा मिल रहा था?

कंपनियां 80प्रतिशत उत्पाद बाहर बना रहीं, क्या है मजबूरी?

भारत में आईफोन बनाने पर एपल को धमका रहे ट्रंप

नई दिल्ली (ए.)। जहां एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एपल को भारत में आईफोन का विनिर्माण नहीं करने के लिए धमका रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके देश के आंकड़े मेक इन अमेरिका की पोल खोल रहे हैं। अमेरिकी सरकार की वाणिज्य विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो अमेरिका की बड़ी कंपनियां से देश के भीतर न के बराबर उत्पाद बना रही है। आंकड़ों के अनुसार वहां की 9 बड़ी कंपनियां अपने 80 फीसदी से अधिक उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाती है या बाहरी देशों से खरीदती है। विभाग के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया पर शेखी बघारने वाला अमेरिका करीब 425 लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पाद और सेवाएं, जो भारत की पूरी जीडीपी से भी करीब 32त्न अधिक है, आयात करता है।

देश में बने महज 46% उत्पाद ही इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी- आंकड़ों से पता चलता है कि 2002 में अमेरिका के लोग अपने देश में बने हुए 77% उत्पाद का इस्तेमाल करते थे। लेकिन, 2023 तक आते-आते यह आंकड़ा घटकर

महज 46% रह गया। रिपोर्ट के अनुसार 90% से अधिक इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75% कपड़े और 60% घरेलू उपयोग की वस्तुओं

29 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद देश के बाहर बनाती है एपल

दुनिया की सबसे मूल्यवान अमेरिकी कंपनियों से एक एपल अपने 29 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पाद कम लागत के कारण चीन, भारत और वियतनाम जैसे देशों में बनाती है। इसमें 1.87 लाख करोड़ रुपये का विनिर्माण भारत में होता है। दूसरी ओर, एपल अपने 80% आईफोन, 55% आईपैड और 80% मैकबुक चीन में असेंबल करवाती है। वहीं, 65% एयरपॉड और 90% एपल वॉच का विनिर्माण ताइवान में होता है। एपल के उत्पादन में ताइवान की हिस्सेदारी करीब 2 से 5 फीसदी है तो ब्राजील और थाईलैंड में भी एपल का 1-1प्रतिशत विनिर्माण होता है। गूगल भी अपने 60प्रतिशत से 70प्रतिशत फोन चीन, 20 से 30प्रतिशत वियतनाम और 10त्न भारत में बनाती है। अमेरिका में एक फोन नहीं तैयार होता। देश के बाद एक साल में कंपनी का उत्पादन करीब 4 हजार करोड़ रुपये का है।

शहर के 17 केंद्रों में दो पाली में हुई यूपीएससी की परीक्षा

गाइडलाइन का पालन करते हुए अधिकारी-कर्मचारी और केंद्राध्यक्षों ने ली परीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। यूपीएससी प्रीलिम्स 2025 की परीक्षा का आयोजन आज शहर में 17 केंद्रों में किया गया। इस दौरान परीक्षार्थी समय के आधे घंटे पूर्व ही परीक्षा केंद्र पहुंच गए।

यूपीएससी प्रीलिम्स 2025 की परीक्षा आज हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू हुई। यूपीएससी प्रीलिम्स के लिए सभी केंद्रों में सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्था को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए थे। एग्जाम में गाइडलाइन का पालन करते हुए स्टिकर वाली पानी बोतल लेकर कोई भी कैंडिडेट परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं किया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्देश को ध्यान में रखते हुए एक समय में दो लोगों को वॉशरूम जाने नहीं दिया। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया, जिसमें सुबह की पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर की पाली 2.30 बजे रहा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र में आधे घंटे पहले ही प्रवेश रोक दिया गया। इसके अलावा सिर्फ ब्लैक बॉल पेन ही एलाऊ किया गया। कुछ परीक्षार्थी 1 मिनिट की देरी से पहुंचे लेकिन नियम के चलते उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। कलेक्टर ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा सेंटर में एक दिन पहले जैमर लगाए गए है। साथ ही यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के दौरान लॉ एंड ऑर्डर का ध्यान रखने सख्त निर्देश है । प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कम से कम 5 पुलिसकर्मियों तैनाती की गई थी। साथ ही प्रवेश के समय मेटल डिटेक्टर के जरिए कैंडिडेट की चैकिंग की गई। एग्जाम को लेकर कुछ गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को स्टिकर वाली पानी बोतल लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। निर्देश को ध्यानर में रखते हुए परीक्षा के दौरान एक समय में दो लोगों को वॉशरूम भी जाने नहीं दिया गया। परीक्षा की पहली पाली में सुबह 9 बजे एवं दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे परीक्षा केंद्र की एंट्री बंद कर दी गई, जिसके बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षार्थियों को प्रवेश के समय ई-एडमिट कार्ड एवं वही फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना पड़ा, जो उनके परीक्षा फॉर्म में दर्ज है, मोबाइल पर ई-एडमिट कार्ड की तस्वीर दिखाने से परीक्षा केंद्र में एंट्री नही दी गई जिसके बारे में पहले से ही परीक्षार्थियों को अवगत करा दिया गया था। परीक्षा केंद्र में केवल काले कलर की बॉल पाइंट पेन, पेंसिल, ई-एडमिट कार्ड, पारदर्शी वॉटर बॉटल, स्वयं की पासपोर्ट साइज तस्वीर, आईडी प्रूफ एवं एडमिट कार्ड में उल्लेखित वस्तुएं ही परीक्षार्थी लेकर जा पाए।

दो लोगों को एक साथ वाशरूम जाने की अनुमति नहीं

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में प्रथम पाली में 59.05 प्रतिशत और दूसरी पाली में परीक्षार्थियों की उपस्थिति 58.02 प्रतिशत रही। प्रथम सत्र की परीक्षा 9.30 बजे 11.30 बजे तक रहा। वहीं दूसरे सत्र की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे 4.30 बजे तक रही। शहर में परीक्षा के लिए 17 केंद्र बनाए गए थे। पहले सत्र में 5947 परीक्षार्थियों में से 3512 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 2435 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरे पाली में 3466 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 2481 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान गाइडलाइन के सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन किया गया। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उपस्थित सभी अधिकारी और केंद्राध्यक्षों ने दिए सभी निर्देशों का पालन किया।

न्यूज गैलरी

अग्रवाल सभा अध्यक्ष बनने पर शिवकुमार सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के सदस्यों की तेलीपारा में बैठक हुई। संस्था के संरक्षक सदस्य शिवकुमार अग्रवाल अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके लिए सभी ने उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्या केडिया, राष्ट्रीय महामंत्री मदनमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल अतिथि रहे। बैठक में मदनमोहन ने डॉ. राधेश्याम अग्रवाल ने 62वें सुधारात्मक विकलांग शल्य शिविर अगस्त में होने की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन डीपी गुप्ता ने किया। पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी, राजू सुल्तानिया, नित्यानंद अग्रवाल, आरके गेंदले, ओमप्रकाश अग्रवाल, राधाकृष्ण मौजूद रहे।

सवर्ण वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण नहीं देने के खिलाफ याचिका

छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस आरक्षण नहीं हाईकोर्ट ने राज्य शासन से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में सवर्ण वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत ईडब्लूएस आरक्षण नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता ने 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु राज्य सरकार को आदेश दिए जाने की मांग की। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए चार सप्ताह की मोहलत दी है। पुष्पराज सिंह एवं अन्य ने अधिवक्ता योगेश चंद्र के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार ने सवर्ण तबके के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण प्रदान करने हेतु 10त्र आरक्षण देने का प्रावधान किया है। जिसके लिए भारत के संविधान में 12 जनवरी 2019 को संशोधन किया गया। जिसके अनुसार सरकारी नौकरियां एवं शैक्षणिक संस्थानों में सवर्ण वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। केंद्र सरकार की नौकरियों में एवं शैक्षणिक संस्थानों में यह लागू हो गया है, पर छत्तीसगढ़ राज्य में लागू नहीं हुआ है। जिसे लागू करने हेतु याचिका में मांग की गई है। रिट पिटीशन में बताया गया है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षण अन्य राज्यों में लागू किया गया है तथा सार्वजनिक रोजगार में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में यद्यपि छत्तीसगढ़ लोक सेवा अध्यादेश -2019 पाली लागू किया जा चुका है पर अब तक दस प्रतिशत ईडब्लूएस आरक्षण प्रदान नहीं किया गया है। 12 जनवरी 2019 को भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में किए गए संशोधन में राज्य सरकार को ईडब्ल्यूएस श्रेणी को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए शक्ति प्रदान किया गया है।

मध्यप्रदेश में नियम है लागू

जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में हुई सुनवाई में भारत के संविधान में ईडब्लूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए किए गए संशोधन के आधार पर राज्य सरकार को ईडब्ल्यूएस श्रेणी का आरक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित करने के लिए मांग करते हुए कहा गया है कि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश समेत भारत के अन्य राज्यों में भी से लागू किया गया है। अतः छत्तीसगढ़ राज्य में भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान किया जाए। सुनवाई के बाद राज्य सरकार से अदालत ने चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जवाब आने के दो सप्ताह के भीतरयाचिकाकर्ता को रिजॉइंडर पेश करना होगा।

शहर में 2 करोड़ से अधिक की लागत से होंगे विकास कार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक अमर अग्रवाल के प्रयासों से बिलासपुर शहर में 2 करोड से अधिक की लागत से विभिन्न बहुउद्देशीय विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के अंतर्गत सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा।

इन कार्यों के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में कुल 45.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है,सामुदायिक भवन में 56 लाख एवं सामाजिक भवन में 90 लाख के साथ साथ विकास के अन्य कार्यों में 13 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति, अज्ञेय नगर पार्क के पीछे,अटल वाटिका के समीप एवं वार्ड नं 43 के सामुदायिक भवनों में कुल 56 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसी क्रम में शहर में सामाजिक कल्याण हेतु वाल्मीकि समाज, चंद्रपुरिया कसौंधन वैश्य समाज, कायस्थ समाज,सतनामी समाज अहिरवार समाज एवं श्रीवास समाज के सामाजिक भवनों के लिए 90 लाख की मंजूरी दी गई। साथ ही शैक्षणिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के ध्येय से लालालाजपत राय शाला, स्वामी आत्मानंद स्कूल,बंगाली स्कूल,स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, शासकीय शाला में सामग्री क्रय, कक्ष निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु कुल 45.5 लाख की राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही साथ नगर में अनेक प्रकार के जनकल्याण हेतु ओपन जिम एवं अन्य कार्यों के लिए 13 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

पीएम आवास योजना के पैसे से खरीदी बाइक, किसी ने की शादी

■ जिला प्रशासन ने दिया अल्टीमेटम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। जहां केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का गलत इस्तेमाल होने का खुलासा हुआ है। 2016 से 2023 तक जिले में करीब 59,523 घरों की मंजूरी मिली थी, लेकिन इनमें से 3600 मकान आज भी अधूरे पड़े हैं। इसकी असली वजह जानने जब जिला पंचायत की टीम ने डोर-टू-डोर सर्वे कराया, तो नतीजे चौंकाने वाले थे। सर्वे में पाया गया कि कई लोगों ने सरकार से मिली राशि को मकान निर्माण में लगाने के बजाय बाइक खरीदने, शादी समारोह खर्च करने जैसे गैरज़रूरी कामों में उड़ा दिया। कुछ लोगों ने घर बनाने की शुरुआत की भी, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर ज्यादा जमीन पर निर्माण कर डाला, जिससे बजट बढ़ गया और घर अधूरा रह गया। कई लाभार्थी पैसा लेने के बाद दूसरे राज्यों में पलायन कर गए, तो कुछ ऐसे भी हैं जो अपने अधूरे मकान को पूरा करना चाहते हैं, मगर कानूनी अड़चनों में फंसे हुए हैं। कहीं नामिनी तय न होने से अगली किश्त अटक गई है, तो कहीं लाभार्थी की मृत्यु हो चुकी है।

जानबूझकर योजना का दुरूपयोग किया

अब जनपद और जिला पंचायत की टीम ऐसे लोगों से सीधे संपर्क कर रही है। जो लोग मकान पूरा करना चाहते हैं, उन्हें तकनीकी मदद दी जा रही है। वहीं जिन लोगों ने जानबूझकर इस योजना का दुरुपयोग किया है, उन्हें पहले महिला स्व-सहायता समूहों के ज़रिए समझाया जा रहा है कि वे निर्माण पूरा करें। अगर फिर भी नहीं माने, तो रिकवरी नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की योजना गरीबों को छत देने की है, लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही और गैरजिम्मेदार रवैये ने इस नेक पहल को पटरी से उतार दिया है। अब देखना ये होगा कि अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लोग खुद आगे आते हैं या फिर प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़ेंगे।

हज के लिए पहला जत्था रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिवनाथ एक्सप्रेस से नागपुर के लिए बिलासपुर संभाग से हज यात्री का पहला जत्था शनिवार को रवाना हुआ। हज में जाने वाले प्रमुख लोगों में से छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष इमरान ख़ान, शाहीना परवीन, अब्दुल रहीम, तहेरून निशा, ए. सिदक्की, मोहम्मद नदीम, सिराजून निशा, अब्दुल रसूल, ईसरत परवीन, रजाजक ख़ान दीपका, जहूर बेग, कनीज फातिमा सहित अन्य हाजी रवाना हुए।

नाट्य कार्यशाला में स्वर साधना और दृश्य निर्माण का कराया अभ्यास

बिलासपुर/नवप्रदेश। *सेजेस तिलकनगर में जारी अग्रज नाट्य दल की 40 दिवसीय अभिनय और रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला के नौवें दिन की शुरुआत स्वर साधना से हुई। संगीतज्ञा चम्पा भट्टाचार्य ने 'आज चिड़िया' विषय पर प्रतिभागियों को गीत का अभ्यास कराया।*

इस सत्र में वरिष्ठ रंगकर्मी मोहम्मद रफ़ीक़ ने नाट्य संगीत की बुनियादी बातें सिखाईं। गीत गायन की बारीकियां समझाईं। प्रतिभागियों ने उनके साथ मिलकर नाट्य गीत गाए। दूसरे सत्र में प्रशिक्षक सुनील चिपड़े ने आशु दृश्य निर्माण का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों को चार समूहों में बांटा गया। सभी को एक जैसी परिस्थिति दी गई। बिना पूर्व तैयारी के दृश्य प्रस्तुत करने थे। अग्रज नाट्य दल का उद्देश्य है कि विविध अभ्यासों से प्रतिभागियों की रंगमंचीय समझ को गहरा किया जाए। उनकी सृजनात्मक क्षमता को मंच मिले। बाल रंग कार्यशाला के लिए पंजीयन शुरू अग्रज नाट्य दल जल्द ही बाल रंग कार्यशाला का आयोजन करेगा। इच्छुक प्रतिभागी वर्तमान कार्यशाला स्थल पर शाम को पंजीयन कर सकते हैं। संस्था के सदस्य अरुण भांगे और स्वप्निल तावड़कर से भी संपर्क किया जा सकता है।

फाइव डे वर्किंग खत्म करने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता होगी प्रभावित: तिवारी

लिपिक संघ ने किया विरोध

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार के पांच दिन वर्किंग प्रणाली खत्म करने के प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि पांच दिन कार्य दिवस की व्यवस्था कर्मचारी हित में पूर्ववर्ती सरकार ने बहुत सोच समझ कर लागू की थी कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक बोझ देने से उनकी कार्य क्षमता प्रभावित होती हैं साथ ही कर्मचारी कोई बंधवा मजदूर नही हैं जिसे अपने घरेलू सामाजिक कार्य को भी निपटाना पड़ता है शासकीय विभागों में कार्य की अधिकता का निराकरण यदि सरकार चाहती हैं तो नई भर्ती करे उन्होंने बताया कि शासन की नींव कहे जाने वाले लिपिक संवर्ग सहित विभिन्न कैडर में कई वर्षो से भर्ती नहीं हुई है कार्य विभाग सहित राजस्व विभागों में भी कर्मचारियों की अत्यधिक कमी है। नई भर्ती करने की बजाय सरकार कर्मचारियों की सुविधाएं खत्म करने में लगी है जिससे कर्मचारी की कार्य क्षमत के साथ साथ स्वास्थ भी प्रभावित होता है। श्री तिवारी ने बताया कि पांच दिन वर्किंग मे भी कर्मचारी रात तक काम करते है तब जा कर शासकीय कार्य सुचारु रुप से चलता है और साथ ही सरकार को उन कार्य की पूर्णता का श्रेय मिलता है परन्तु कर्मचारी को मिलता है फिर से नया कार्य प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने कहा कि यदि सरकार इस तरह का आदेश जारी करती है तो प्रदेश व्यापी आंदोलन करने के लिए संघ बाध्य होगा उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि कार्य की अधिकता के लिए नई भर्ती सभी कैडर में करे।

'श्रीकांत वर्मा एक सफल कवि, साहित्यकार व कुशल नेतृत्व के धनी थे'

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्व श्रीकांत वर्मा के 39 वी पुण्य तिथि के अवसर पर प्रधान डाकघर के सामने विशालकाय श्रीकांत वर्मा प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के समाज सेवी व प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित सभी समाज सेवियों ने अपने -अपने विचार रखा गया। इसी क्रम में रेवती यादव समाज सेविका ने बताया कि श्रीकांत वर्मा मूल रूप से बिलासपुर शहर के रहवासी रहे है , राष्ट्रीय स्तर पर पहचान पाने के साथ हमारे बिलासपुर शहर का नाम भी इनके द्वारा रोशन किया गया। श्रीकांत वर्मा एक वरिष्ठ कवि,साहित्यकार एवं राजनेता रहे है ।

साथ ही रेवती यादव ने यह भी बताया कि श्रीकांत वर्मा बिलासपुर के वरिष्ठ साहित्यकार थे जिन्होंने मगध नाम की पुस्तक लिखी थी, वे एक युगद्रष्टा ,ओजस्वी कवि, निर्भीक पत्रकार और सिद्धहस्त राजनेता के रूप में ख्याति पाई थी। उनके पुत्र डॉक्टर अभिषेक वर्मा एक सफल बिज़नेस मेन है व उनकी बहू इंका वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता है जो कि विश्व स्तर पर सामाजिक कार्य करती है सामाजिक संस्था वर्ल्ड हंगर सोसायटी के माध्यम से सामाजिक कार्य करती है।

मौसम

16 जिलों के लिए ऑरेंज और 8 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी

मौसम में बदलाव से 45 से 35 डिग्री पर पहुंचा अधिकतम तापमान

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 25 मई से 2 जून तक नौतपा शुरू हो गया है। इस दौरान दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है, लेकिन इस बार मौसम में बदलाव से भीषण गर्मी से राहत है। अप्रैल महीने में अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में महीनेभर से हो रही हल्की से मध्यम बारिश से अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक आ गया है।

भीषण गर्मी में मौसम मेहरबान बना हुआ है। मौसम विभाग ने 16 जिलों के लिए ऑरेंज और 8 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की घटना भी हो सकती है। बिलासपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, सरगुजा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश के साथ मेघगर्जन की घटना और आकाशीय बिजली गिरने की घटना हो सकती है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। वहीं कोंडागांव, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा -मरवाही, बेमेतरा, मुंगेली, सूरजपुर, कोरिया जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह अलर्ट तीन घंटों के लिए जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

35 डिग्री तक पहुंचा अधिकतम तापमान

छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। बिलासपुर में सुबह से बारिश हुई। आसमान पर बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ने उत्तर छत्तीसगढ़ यानी सरगुजा संभाग और दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बिलासपुर जिले के अधिकतर स्थानों पर बारिश हो सकती है। प्रदेश में एक दिन पहले सबसे गर्म जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ रहा, जहां अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। अभी लगातार बारिश से अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

सुविचार

जिंदगी में एक इंसान ऐसा जरूर होना चाहिए जो आपका हालचाल पूछे तो उसे सच बताया जा सके। - अज्ञात

घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

भारत में घुसपैठ करने वाले लोगे के खिलाफ केन्द्र सरकार विशेष अभियान चला रही है। भारत में अवैध रूप से डेरा डाले पड़े बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने की प्रक्रिया जोर शोर से जारी है। केन्द्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है कि वे एक महीने के भीतर इन घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें। इस प्रक्रिया के बीच सुप्रीम कोर्ट ने शरणार्थियों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई से इंकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनियर भर के लोगों को शरण दी जा सके। भारत में 140 करोड़ की आबादी है। यहां हम अन्य विदेशी नागरिकों को जगह नहीं दे सकते। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला स्वागतयोग्य है। हकीकत तो यही है कि पिछले कई दशकों से भारत को एक धर्मशाला बनाकर रख दिया गया है। जहां कोई भी मुंह उठाकर घुस आता है और यही का होकर रह जाता है। इन घुसपैठियों के लिए भारत में प्रवेश पाना कोई कठिन काम नहीं है। खासतौर पर भारत और बांग्लादेश के बीच जो सीमा है, वहां से बांग्लादेशी और रोहिंग्या बीएसएफ की आंखों में धूल झोकर बंगाल और असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में घुसपैठ कर जाते हैं और वहां से भारत के विभिन्न हिस्सों में जाकर बस जाते हैं। भारत में भ्रष्टतंत्र के चलते इन घुसपैठियों के लिए अपना ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड बनवा ही चुटकी बजाने जैसा आसान काम होता है। पांच से दस रुपए खर्च कर वे ऐसे फर्जी दस्तावेज जुटा लेते हैं। कुछ राजनति पार्टियां इन्हें अपना वोट बैंक बनाने के लिए न सिर्फ झुग्गली झोपड़ियों में बसा देती है। बल्कि उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी सुलभ कराती है। खासतौर पर बंगाल और नई दिल्ली में लाखों की संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिये वर्षों से आबाद है, जिनके खिलाफ संबंधित राज्य सरकारें कभी कोई कार्यवाही नहीं करती। अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने नेशनल सिक्योरिटी एक्ट बनाया है। राज्य सरकारों ने भी इसके लिए अलग से कानून बना रखा है। लेकिन इन कानूनों के मुताबिक पहले कभी कोई कार्यवाही नहीं की गई। एक अनुमान के मुताबिक भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करके रहने वालों की संख्या 5 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। जिसमें लगातार इजाफा हो रहा है। बहरहाल देर आए दुरूस्त आए की तर्ज पर अब केन्द्र सरकार ने इन घुसपैठियों के खिलाफ निणार्यक कार्यवाही की शुरूआत की है। इसके तहत सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके बस्ती बसाने वाले इन घुसपैठियों के विरूद्ध बुलडोजर की कार्यवाही हो रही है और इनके अवैध कब्जों को नेस्तनाबूत किया जा रहा है। किन्तु ऐसी सभी कार्यवाही भाजपा शासित राज्यों में ही हो रही है। गैर भाजपा शासित राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ऐसे में इस बात की संभावना ज्यादा है कि ये घुसपैठिये भाजपा शासित राज्यों से पलायन कर गैर भाजपा शासित राज्यों में अपना नया ठिकाना बना लेंगे। कुल मिलाकर इन घुसपैठियों के खिलाफ कार्यवाही आसान नहीं है। अव्वल तो लगभग पांच करोड़ अवैध घुसपैठियों की पहचान करना ही आसान नहीं है और फिर कितनी बड़ी संख्या में वर्षों से यहां जमें हुए बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को भारत से बाहर करना भी चुनौतीपूर्ण कार्य सिद्ध होगा। बहरहाल केन्द्र सरकार ने जब इन अवैध घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चला ही दिया है तो उसे चाहिए कि वह इस बारे में और कड़े कदम उठाए, जिसके तहत गैर भाजपा शासित राज्यों से भी घुसपैठियों को खदेड़ा जा सके।

अमेरिका को भारत ने आखिरकार दिखाया आईना

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बचकानी बयानबाजी से त्रस्त होकर आखिरकार भारत ने अमेरिका को आईना दिखा ही दिया। अमेरिका की राजधानी में दो इजराइली राजनयिकों की हत्या के मामले को लेकर अमेरिका की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं जिसकी निंदा करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस घटना को दुर्भाग्यजनक करार दिया है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा है कि भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर संघर्ष विराम नहीं किया है बल्कि पाकिस्तान के गिडगिड़ाने पर भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हुआ है। एस जय शंकर के इस बयान से स्पष्ट है कि उन्होंने परोक्ष रूप से अमेरिका पर कटाक्ष किया है। उनके बयान का आश्य यह है कि जो अमेरिका अपनी ही राजधानी में इजराइली राजनयिकों की सुरक्षा नहीं कर सका। वह भला भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कैसै करा सकता है। यह पहली बार है कि अमेरिका के खिलाफ भारत ने इशारों मे ही सही लेकिन इतनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष विराम को लेकर लगातार विवादास्पद बयानबाजी करते रहे हैं। पहले उन्होंने भारत और पाकिस्तान में संघर्ष विराम कराने का दावा किया था लेकिन भारत के रूख को भांपकर उन्होंने अपने बयान से पलटी मार थी बाद में फिर संघर्ष विराम का दावा कर दिया। नतीजतन अब भारत ने उन्हें टका सा जवाब दे दिया है।

उमेश चतुर्वेदी

तमाम सांविधानिक प्रावधानों और उनकी बाधा के बावजूद भारतीय भाषा प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। वे भारतीय भाषाओं को न्यायपालिका की भाषा बनाने की मांग करते रहे हैं। इसका असर उच्च न्यायपालिका भी पड़ा है। बेशक न्यायिक कार्यवाही भारतीय भाषाओं में नहीं हो रही है, लेकिन फैसलों और न्यायिक कार्यवाही तक आम लोगों की सहज पहुंच बनाने की दिशा न्यायालय आगे बढ़े हैं। इसके तहत कार्यवाही और निर्णयों का अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता में एआई सहायता प्राप्त कानूनी अनुवाद सलाहकार समिति का गठन किया है। इसके जरिए अब तक 16 भाषाओं हिंदी, पंजाबी, कन्नड़, पंजाबी, तमिल, गुजराती, मराठी, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, नेपाली, उर्दू, असमिया, गारो, खासी, कोंकड़ी में हजारों फैसलों आदि का अनुवाद कराया जा चुका है और ऐसा किया जा रहा है। ओका समिति की तरह सभी हाईकोर्टों ने भी अपने यहां अनुवाद के लिए समितियां बनाईं हैं। कानून और न्याय मंत्रालय के अधीन बार काउंसिल ऑफइंडिया ने देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.ए. बोबडे की अध्यक्षता में 'भारतीय भाषा समिति' का भी गठन किया है।

न्यायपालिका में भारतीय भाषाओं के लिए बढ़ती उम्मीद

राष्ट्रपति भवन में हिंदी का प्रयोग कोई नई बात नहीं है। लेकिन बीते 14 मई को राष्ट्रपति भवन में हुए हिंदी के प्रयोग ने नया इतिहास रच दिया। देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का शपथ ग्रहण ऐतिहासिक रहा। हिंदी में शपथ लेकर उन्होंने नई परंपरा स्थापित कर दी। अब तक जितने भी मुख्य न्यायाधीश रहे हैं, सबने अंग्रेजी में ही शपथ ली है। देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री जैसी हस्तियां हिंदी में शपथ लेती रही हैं, लेकिन न्यायपालिका का सर्वोच्च पद इससे अब तक अछूता रहा है, लेकिन महाराष्ट्र के विदर्भ इलाके से ताल्लुक रखने वाले न्यायमूर्ति गवई ने न्यायपालिका की ओर से तकरीबन किनारे रही हिंदी को अपने शपथ ग्रहण के जरिए मान दिया है। इसका सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत भी किया जा रहा है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव अतुल कोठारी समेत कई विश्वविद्यालयों की ओर से गवई का उनके इस कदम के लिए स्वागत किया गया है। न्यायमूर्ति गवई के शपथ ग्रहण में अपनी जुबान के प्रयोग ने देश के करोड़ों हिंदी और भारतीय भाषा प्रेमियों को नई उम्मीद से भर दिया है। उन्हें आशा है कि गवई की अगुआई में हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं को न्यायपालिका में सम्मान मिलेगा।

न्यायमूर्ति गवई से उम्मीदों की वजह है न्यायपालिका में हिंदी और भारतीय भाषाओं की हालत। इसे बिडंबना ही कहेंगे कि छह साल पहले संयुक्त अरब अमीरात के न्यायालयों में हिंदी में सुनवाई की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन अब भी देश की उच्च न्यायपालिका की भाषा अंग्रेजी ही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अब भी सुनवाई भारतीय भाषाओं की बजाय अंग्रेजी में ही जारी है। न्यायमूर्ति गवई से उम्मीद की वजह है, उनके पद में निहित अधिकार। इसके मुताबिक, बिना मुख्य न्यायाधीश की सहमति के किसी भी हाईकोर्ट की कार्यवाही का माध्यम वहां की भाषा नहीं बन सकती।



संविधान के अनुच्छेद 348 के भाग एक ए के अनुसार सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की सभी कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में करने का प्रावधान है। हालांकि, इसी अनुच्छेद के भाग दो में प्रावधान है कि अगर कोई राज्य भारतीय भाषाओं में कामकाज करना चाहे तो उस राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की सहमति से, अपने राज्य के हाईकोर्ट की कार्यवाही में हिंदी या अपने राज्य की आधिकारिक भाषा के प्रयोग की मंजूरी दे सकता है। संविधान के इस प्रावधान की ही तरह राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 में भी कहा गया है कि किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, उस राज्य के हाईकोर्ट के फैसले या आदेश के लिए अंग्रेजी के साथ हिंदी या राज्य की आधिकारिक भाषा के प्रयोग की मंजूरी दे सकता है। लेकिन इस प्रावधान का प्रयोग अब तक बहुत कम ही हुआ है।

संविधान के प्रावधानों के तहत हिंदी को 26 जनवरी 1965 से राजभाषा के तौर पर पूरे देश में कामकाज करने की अनुमति मिलनी थी। लेकिन इसके खिलाफ तीखे विरोध के साथ तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति मैदान में कूद पड़ी थी। 26 जनवरी 1965 को द्रविड़ राजनीति ने समूचे तमिलनाडु में हिंदी विरोध में काला झंडा फहराने की अपील तक कर डाली थी। हालांकि जब उसे अहसास हुआ कि गणतंत्र दिवस पर ऐसा करना उचित नहीं होगा तो एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को उसने ऐसा किया। राजभाषा को लेकर होते रहे ऐसे विवादों की वजह से राजभाषा नीति पर विचार के लिए मंत्रिमंडल समिति का गठन किया गया। जिसने 21 मई 1965 की अपनी बैठक में यह तय किया कि हाई कोर्ट में अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा के प्रयोग से संबंधित प्रस्ताव पर देश के मुख्य न्यायाधीश की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। भारतीय भाषा प्रेमियों की नजर में यह प्रावधान भारतीय भाषाओं की न्याय की भाषा बनने की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

अब तक सिर्फ राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के हाईकोर्ट में ही हिंदी में काम करने की अनुमति है। मध्य प्रदेश से निकले राज्य छत्तीसगढ़, बिहार से अलग बने झारखंड और उत्तर प्रदेश से निकले राज्य उत्तराखंड के हाईकोर्ट में भी हिंदी में याचिका तो स्वीकार हो सकती है, लेकिन उसका अंग्रेजी अनुवाद देना भी जरूरी है। एक तरह से देखें तो ठेठ हिंदीभाषी राज्य हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड के हाईकोर्ट में अब भी हिंदी प्रमुख भाषा नहीं है। सांविधानिक प्रावधान के अंतर्गत हिंदी में कामकाज की अनुमति सबसे पहले राजस्थान को हासिल हुई, जिसे हिंदी में कार्यवाही की अनुमति 1950 में मिली। इलाहाबाद हाईकोर्ट में हिंदी कार्यवाही की अनुमति 1969 में मिली, जबकि मध्य प्रदेश को 1971 और बिहार को 1972 में मिली। इसके बाद किसी भी राज्य को ऐसा गौरव हासिल नहीं हो सका है।

कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने समय-समय पर अपनी भाषाओं में अपने हाईकोर्ट में कार्यवाही चलाने की अनुमति मांगी, लेकिन उन्हें नाकामी ही मिली। केंद्र सरकार से तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक की सरकारों ने अपने मद्रास, गुजरात, छत्तीसगढ़, कलकत्ता और कर्नाटक हाईकोर्ट की कार्यवाही में अपनी भाषाओं यानी तमिल, गुजराती, हिंदी, बांग्ला और कन्नड़ के उपयोग की अनुमति मांगी। केंद्र सरकार ने 1965 की मंत्रिमंडल समिति के निर्णय के प्रावधान के चलते इन प्रस्तावों पर मुख्य न्यायाधीश की सलाह मांगी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट की 11 अक्टूबर 2012 को पूरी पीठ ने सुनवाई की और राज्यों की इस मांग को अस्वीकार कर दिया। इसकी जानकारी मुख्य न्यायाधीश ने 16 अक्टूबर 2012 को लिखे अपने पत्र में केंद्र सरकार को दी। ऐसा नहीं कि राज्यों ने इसे सहजता से स्वीकार कर लिया। भाषायी राजनीति के लिए विख्यात तमिलनाडु की सरकार ने फिर मद्रास हाईकोर्ट में तमिल में कामकाज की अनुमति मांगी। जिसके आधार पर केंद्र सरकार ने जुलाई 2014 में मुख्य न्यायाधीश से सुप्रीम कोर्ट के भाषा संबंधी निर्णयों की समीक्षा करने का अनुरोध किया। जिसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने 18 जनवरी 2016 को लिखे अपने पत्र चार साल पहले की ही तरह बात दोहरा दी।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया समीक्षक हैं..

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1739: एक समय अफगानिस्तान भारत का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन मुगल सम्राट मोहम्मद शाह ने ईरान के नादिर शाह के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिससे यह भारतीय साम्राज्य से अलग हो गया। 1822: नार्वे में गिरिजाघर में आग लगने से 122 लोगों की मौत। 1926: लेबनान ने संविधान अपनाया। 1957: बम्बई (अब मुंबई) में जनता बीमा पॉलिसी की शुरूआत हुई। 1969: अपोलो 10 के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे। 1973: बहरीन ने संविधान अपनाया। 1983: जापान में आए 7.7 की तीव्रता वाले भूकंप से 104 लोगों की मौत। 1987: श्रीलंका ने जाफना में तमिल विद्रोहियों के खिलाफ अभियान छेड़ा। 1991: थाईलैंड में बैंकाक के निकट एक विमान हादसे में 223 लोगों की मौत। 1999: इसरो ने भारत, जर्मनी और दक्षिण कोरिया के तीन उपग्रहों को सफ्लतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया। 1999: सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ ने श्रीलंका के खिलाफ एक दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 318 रन की भागीदारी का विश्व रिकार्ड बनाया।

पाठकों की बात

देश नकली

देश नकली हीरो की पिक्चर देख कर उनकी करोडो की कमाई करवाता है जो देश की नयी पीढी को पथभ्रमित और मिस गाइड कराते हैं,पैसो के लिए मनोरंजन के नाम पर देश की नयी पीढ़ी को गुमराह करते हैं,कुछ भी ऊल जलूल दिखाते हैं,ये बन्द होना चाहिए। - **शालीनी शर्मा**

पूरे देश में वन-नेशन

पूरे देश में वन-नेशन... वन-इलेक्शन की बात हो रही है... देश में एक कक्षा... एक किताब की बात क्यों नहीं हो रही है... सब स्कूलों में अलग-अलग किताब चलती है... प्राइवेट स्कूल हर साल... एक ही क्लास की किताब बदल देते हैं... ये देश में अरबों रूपये का घोटाला है... जिसकी कीमत मजबूर पैरेंट्स चुका रहे हैं..!

- **कुमार संतोष**

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | न तुम बदलो न मैं बदलूं, बदलने

न तुम बदलो न मैं बदलूं, बदलने दो जमाने को। न रक्खूं कैद मैं मन में, जो मन में आये तुम कह दो। भले ही रूठ जाये रब, मनायें क्यों रिझाने को। निकल कर आगई दिल से जो अपनी पीर होंठों पर, छिपा लो मुस्कराहट में सनम अपने फसाने को। हमारे दर्मियां जो दूरियां ये चार दिन की हैं। बढ़ाकर दो कदम आबाद करदो आशियाने को। - **चंद्रलता यादव**

देर रात तक हम-तुम देखते रहे एक-दूसरे

देर रात तक हम-तुम देखते रहे एक-दूसरे को यूं ही ख़ामोश रहकर बिना किसी हरकत के कितने करीब नजर आए अन्य दिनों की अपेक्षा! ये तुमसे कोई शिकायत नहीं ये हक है कि अपनी बात कहूँ हमारे लहजे पर इतराओ भी कि मेरे अपने से लगते हो हर किसी को इतना नहीं कहते जितना तुमसे कहते हैं तुम्हारा चमकता चेहरा मेरे आंखों को खूब भाता है इंतजार में ये मन आवारा सा राह तुम्हारी तकता है भले ही अमावस रूलाता है मगर पूरणम हँसाता भी है। - **सपना चन्द्रा**

जो क्लैव्य का अवतार है ,वह युद्ध

जो क्लैव्य का अवतार है ,वह युद्ध की बातें करे। काँटे बिछाए राह में अनिरुद्ध की बातें करे। परिवेश में बदलाव की कैसी प्रवाहित वायु है, भाए जिसे हिंसा वही, अब बुद्ध की बातें करे।। बस प्रेम ही संसार का अद्भुत अलौलिक तत्त्व है। इसके बिना कोई यहाँ पाता नहीं अमरत्व है। मत दौड़ पीछे हर किसी के और इतना ध्यान रख, संबंध बनते हैं वहीं होता जहाँ अपनत्व है।। - **डॉ.बिपिन पाण्डेय**

दर्द को भूल कर मुस्कराने लगे गीत

दर्द को भूल कर मुस्कराने लगे। गीत हम भी कोई गुनगुनाने लगे। नेह की बांसुरी सी हवा में सुनीं प्रेम के नव तराने सुनाने लगे। झूमती सी बसंती हवा बह उठीं कल्पना प्रेम की वन्दना कह उठीं कोयलों की सुनी तान मीठी मधुर प्यार के गीत हम फिर बनाने लगे । मीत सी कल्पना पास आने लगीं लाज से व्यंजनाएं लजाने लगीं खुशबुओं से महकती हुई रात में राग मे रातरानी सजाने लगे । किसने छेड़ी नूतन नवल रागिनी झील में आ नहाने लगी चांदनी उड़ उठी स्वप्न गंधा , नशीली हवा गीत श्रंगार के फिर लुटाने लगे। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

अपने ही शहर का पता भूल गई हूं कुछ

अपने ही शहर का पता भूल गई हूं कुछ इस कदर खुद में कैद हो गई मैं ना पिंजर ना सीकड़ ना कोई जाल कठोर रेशमी मन पिंजर में बंद हूँ मैं। ना लाल ना पीली ना कोई भी रंग काले सफेद में ही जचने लगी हूँ मैं बस यूं ही। - **प्रीति श्रीवास्तव**

अब बटोही जागना होगा लक्ष्य पाने भागन

अब बटोही जागना होगा। लक्ष्य पाने भागना होगा। ठोस पत्थर चूर्ण कैसे हों कार्य दुष्कर पूर्ण कैसे हों जो तुम्हारे नैन ने देखे- स्वप्न निज सम्पूर्ण कैसे हों इसलिए तुमको बटोही अब- चैन को भी त्यागना होगा। अब बटोही जागना होगा। हौसले भरपूर कैसे हों विघ्न पथ के दूर कैसे हों मंज़िलों की प्राप्ति हो सत्वर- भाग्य को मंजूर कैसे हो अत्यधिक श्रम-चाशनी में तो- तब स्वयं को पागना होगा। अब बटोही जागना होगा।। राह का अनुमान कैसे हो साथ में सामान कैसे हो सोचना होगा तुम्हें राही- लक्ष्य का सन्धान कैसे हो हो अमिट जिस पथ चलो पंथी- चिह्न ऐसा दागना होगा। अब बटोही जागना होगा।। - **भाऊराव महंत**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

विजय कुमार गुप्ता

ट्रैक्टर ट्रॉली का सच

हो सकता है मजदूर का ही बेटा हो।
जो भी हो, क्रिकेट खेल के खिलाड़ी का
अरमान बहुत प्रखर है।
सूर्य की बिखरती सिमटती किरणों की तरह,
उस बालक का भविष्य मानो गर्त में कैद है।
महान बन जाने पर,
दुनिया में नाम का यशोगान हो जाने पर,
शास्त्रीजी की भी महिमा निरूपित हुई,
सचिन के चर्चे भी सुर्खियों में रहे,
अमेरिका के राष्ट्रपति इब्राहिम के संदेश भी मिले।
कभी हार मत मानो जीवन में,
परिस्थितियों का सामना करो हमेशा, हार के बाद जीत है,

क्रमशः

QUIZ TIME

1) भारतीय नागरिकता अधिनियम पारित कब किया गया था?

2) अल्जाइमर रोग निदान हेतु जीवी-971 दवा किस देश द्वारा विकसित की गई है?

3) किस देश ने समुद्र के नीचे पहली अन्तर्महाद्वीपीय रेल प्रारंभ की?

4) बेसल मानक का संबंध किस क्षेत्र से माना जाता है?

5) 31 मार्च 2025 को किस अमेरिकी सीनेटर ने सीनेट में रिकॉर्ड तोड़ 25 घंटे 5 मिनट का भाषण दिया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 30 दिसंबर, 1955 (2) चीन (3) [illegible] (4) बैंकिंग प्रणाली (5) कोरी बुकर

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:39, सूर्यास्त: 07:08 चन्द्रोदय: 28:08, चन्द्रास्त: 17:20 अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: ग्रीष्म, शक सम्वत: 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत: 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : भरणी, योग : शोभन, प्रथम करण : गर (05:37 तक), द्वितीय करण : वणिज (15:51 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : मेष, मंगल :कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्रः मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:42, अमृत काल 28:09 से 05:34, सर्वार्थ सिद्धि योग 05:18 से 11:12, विजय मुहूर्त 14:33 से 15:28, गोधूलि मुहूर्त 19:08 से 19:29, सायाह्न सन्ध्या 19:10 से 20:11, निशिता मुहूर्त 23:53 से 24:34, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:14 से 13:58, दुर्मुहूर्त 17:19 से 18:14, होमाहुति केतु, दिशा शूल पश्चिम, अग्निवास पाताल (15:51 से पृथ्वी), भद्रावास स्वर्ग (15:51 से 26:01)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप अपने अंदर एक नई ऊर्जा का संचार अनुभव करेंगे। कार्यो को लेकर थोड़े लापरवाह भी रहेंगे।

वृष : आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आर्थिक समस्याएं यथावत बनी रहने से मानसिक कष्ट भोगेंगे काम-काज भी ठप्प सा ही रहेगा।

मिथुन : आज का दिन भी आपको सहज लाभ दिलाएगा।

कर्क : सरकारी नौकरी वाले जातक अथवा सरकार संबंधित कार्यो के लिए आज का दिन विशेष रहेगा।

सिंह : आज का दिन सुख शांतिदायक रहेगा फिर भी आपसी संबंधों में आज शक की गुंजाइश ना रखें मामूली बातो को अनदेखा करें।

कन्या : आज भी दिन के अंतिम भाग को छोड़ शेष विपरीत फलदायी रहेगा। दिन भर भागदौड़ करने के बाद भी कुछ भी आपकी आशा के अनुरूप नही होगा।

तुला : आज का दिन आपके लिए आशाजनक रहेगा। बेरोजगार लोग आज थोड़ा अतिरिक्त प्रयास करें निश्चित सफलता मिलेगी।

वृश्चिक : आज का दिन वैसे तो सामान्य ही रहेगा फिर भी राजसी खर्च रहने से धन की कमी रहेगी। व्यवसाय में मंदी रहने से धन की आमद खर्च की तुलना में आधी भी नही होगी।

धनु : आज आप अपने विवेकी व्यवहार के चलते कार्य क्षेत्र एवं परिवार में अन्य लोगो से बेहतर आंके जाएंगे।

मकर : आज के दिन आप के मन मे कुछ ना कुछ तिकडम लगी रहेगी। थोड़ी सी सफलता पाकर सामर्थ से अधिक सोचेंगे अतिआत्मविश्वास भविष्य के लिए हानि कारक रहेगा।

कुंभ : आज का दिन सामान्य बीतेगा। धन लाभ आज अवश्य होगा परन्तु अधिक पाने की लालसा मूल लाभ से भी वंचित कर सकती है।

मीन :आपको आज का दिन मिलाजुला फलदेगा। प्रातः काल से ही मानसिक रूप से निराश रहेंगे। कार्यो की असफलता का गुस्सा परिजनों पर निकालने से अशांति फैलेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

1	2	■	3	4	5	■	6	7
■	8	9				■	■	
10			■	11		12	13	■
14		■	15	■	■	16		17
	■	18		19	20	■	21	
22			■	23		■	■	
■	■		■		■	24	25	
26				■	27			■
	■		■	■	28			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 058 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

संक्षिप्त खबरें

सिंदूर शौर्य यात्रा में महाराष्ट्र मंडल की रही गौरवशाली भागीदारी

रायपुर /नवप्रदेश । राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की ओर से शनिवार शाम को निकाली गई सिंदूर शौर्य यात्रा में महाराष्ट्र मंडल ने अपनी गौरवशाली उपस्थिति दर्ज की। यह यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करने के लिए निकाली गई। इसे लेकर शहर के विभिन्न समाजों और संगठनों में भारी उत्साह रहा। सिंदूर शौर्य यात्रा में महाराष्ट्र मंडल की ओर से महत्वपूर्ण विशेषता के रूप में पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर और भारत मां की वेशभूषा में बच्चियों ने अपनी ऐसी उपस्थिति दर्ज की कि वे सभी के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, महिला प्रमुख विशाखा मदन तोपखानेवाले सखी निवास प्रभारी नमिता शेष, शताब्दी पांडे, डॉ. कमल वर्मा, रश्मि गोवर्धन, शुभांगी आप्टे, अलका संत, अपर्णा आठले समेत बड़ी संख्या में सभासदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें ज्यादातर महिलाओं ही रही और देशभक्ति से ओतप्रोत नारेबाजी में उनका जोश देखते ही बन रहा था।

केटीयू में सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

रायपुर। हम रहें या ना रहें कल, याद आएंगे ये पल...–गीत की इन भावनात्मक पंक्तियों के साथ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग में वर्ष 2025 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह का माहौल भावविभोर हो गया। इस अवसर पर एमए जनसंचार, बीएजेएमसी, बीएससी और एमएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पाठ्यक्रमों के जूनियर विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर्स के सम्मान में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनील शर्मा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा, कोई भी संस्था केवल ईंट और रेत से नहीं बनती, बल्कि विद्यार्थियों से उसकी पहचान बनती है। आज का दिन आपके छात्र जीवन का अंतिम दिन नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत का पहला कदम है। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मोहंती ने कहा, यह वह पड़ाव है जिससे हम सभी गुजर चुके हैं। हम कामना करते हैं कि आप जीवन में नए कीर्तिमान स्थापित करें। विद्यार्थियों की सफलता में माता-पिता के बाद यदि कोई सबसे अधिक हर्षित होता है, तो वे उनके शिक्षक होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। यही अनुभव आगे चलकर सफलता की राह को प्रशस्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बॉलीवुड गीतों पर जमकर नाचे। साथ ही, जूनियर्स द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। उन्होंने अपने सीनियर्स को हर्षोल्लास एवं सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रायपुर निगम कौन चला रहा है क्या हो रहा है मेयर को ही पता नहीं?

रायपुर/नवप्रदेश। महापौर मीनल चौबे को रायपुर नगर निगम में यूजर चार्ज बढ़ाए जाने की जानकारी नही होने पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि महापौर मीनल चौबे कह रही हैं यूजर चार्ज की बढ़ोतरी की जानकारी उन्हें नहीं है, यूजर चार्ज बढ़ाने का विषय एमआईसी में नही लाया गया है? फिर यूजर चार्ज 20 रु. महीना कैसे बढ़ गया? आखिर नगर निगम कौन चला रहा है? निर्णय कौन ले रहा है? क्या मेयर मीनल चौबे के नियंत्रण में निगम नही है? अजीब स्थिति है?प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि महापौर मीनल चौबे निगम के निर्णय की जिम्मेदारी लेने से कब तक बचती रहेगी? अभी कुछ दिन पहले नगर निगम रायपुर में पाश इलाकों को छोड़कर पूरे शहर में सुबह 6:15 बजे एवं शाम को 6:15 बजे नल खुलने के वक्त बिजली बंद करने का फरमान जारी किया था जिसका विरोध हुआ था तब भी मीनल चौबे ने कहा था कि उनकी जानकारी में नहीं है? आज फिर जब यूजर चार्ज में बढ़ोतरी कर दी गई है तब फिर कह रही हैं उनकी जानकारी में नहीं है?प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के दौरान भाजपा ने बड़े-बड़े दावे किए थे ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर जनता को सुविधा मिलेगी यहां स्थिति यह है कि निगम फैसला कर लेता है और मेयर कहती है कि हमें जानकारी नहीं है। ट्रिपल इंजन की सरकार आम जनता को सुविधा देने में असफल साबित हो रही है जनता के ऊपर तानशाही फैसला थोपा जा रहा है और जब विरोध होता है तब मेयर जानकारी नहीं होने की बात कह कर पडल्ला झाड़ लेती है।

राजधानी में दिनदहाड़े लाखों की उठाईगिरी

रायपुर /नवप्रदेश । राजधानी रायपुर में दिनदहाड़े उठाईगिरी की बड़ी वारदात सामने आई है. मोबाइल दुकान में काम करने वाले कर्मचारी के बैग से अज्ञात आरोपी ने 2.5 लाख रुपए पार कर दिए. गिनती करने पर पैसे कम मिले तब कमर्चारी ने खमतराई थाना पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, कर्मचारी अपने बैग में वसूली के कुल 5 लाख रुपए रखकर जा रहा था। रास्ते में एक व्यक्ति ने लिफ्ट मांगी और इसी दौरान बेहद चालाकी से बैग से 2.5 लाख रुपये का बंडल लूटकर फरार हो गया. जब कर्मचारी ने पैसे गिनने शुरू किए, तब उसे रकम कम होने का पता चला, जिससे चोरी की आशंका हुई। इसके बाद वह खमतराई थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

राजेंद्र नगर रायपुर में हो रही फिल्म फेस्टइवल

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के जाने माने फिल्म निर्माता निर्देशक डॉक्टर पुनित साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न किया गया। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लेखक ओमप्रकाश जैन शामिल रहे। साथ ही साथ कई शॉर्ट फिल्मों के निर्देशक सोनू राजपूत जी रहे हैं। फिल्म फेस्टइवल में हो रही तोर मोर माया के कहानी एल्बम को लॉन्च किया गया जिसके मुख्य अभिनेता और अभिनेत्रि तामन साहू रजनी निराला जी रहे और छत्तीसगढ़ के अनेक उभरते हु? कलाकार शामिल रहे। इस कार्यक्रम में श्री जय प्रकाश साहू को रंगमंच अभिनेता के रूप में मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। जय प्रकाश जी अनेक एल्बम शॉर्ट फिल्म और कई छत्तीसगढ़ी फिल्मो में काम कर चूके हैं। अभी हाल ही में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ रंग मंदिर में आयोजित रंग महोत्सव में नाट्य मंचन किया जिनका नाम पेन गेस्ट था जिनके निर्देशक आचार्य रंजन मोडक जी रहे। पेईंग गेस्ट को लोगों ने खूब इनजॉय किया पेन गेस्ट में हास्य हंगामा और शिक्षा की बातें सुनने को मिली।

कांग्रेसजनों ने झीरम के शहीदों को किया नमन

झीरम हमले की 12वीं बरसी : सिंहदेव बोले- यह सुनियोजित तरीके से करवाया गया राजनीतिक हमला था

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कांग्रेस भवन में रविवार को झीरम हमले की 12वीं बरसी पर शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इसे सुनियोजित तरीके से राजनीतिक हमला करार दिया है।पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि, मैं स्पष्ट हूं कि, झीरम घाटी हमला कोई नक्सली घटना नही था। ये कांग्रेस नेताओं के जान लेने का सुनियोजित तरीके से षडयंत्र का हिस्सा था। घटना स्थल पर स्वर्गीय नंदकुमार पटेल का नाम पूछा जा रहा था। नंदकुमार पटेल को मारने के उद्देश्य से इस घटना को षडयंत्र पूर्वक अंजाम दिया गया, जिसमें अनेकों लोगों की जान गई। मैंने जांच कमेटी के सामने भी इस बात को रखा है कि यह घटना कोई नक्सली हमला नहीं था।एनआईए ने मुझे पूछताछ के लिए नहीं बुलाया-उन्होंने आगे कहा कि, मैं परिवर्तन यात्रा का प्रभारी था बावजूद इसके हृद्व ने मुझे पूछताछ के लिए नहीं बुलाया। नंदकुमार पटेल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे उस दौरान चुनाव के परिणाम को कांग्रेस के पक्ष में न आने वाले सोच के लोगों ने झीरम घाटी घटना को अंजाम दिया है। झीरम घाटी कांड राजनीतिक हमला था।

झीरम हमले की बरसी पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस

झीरम हमले की 12वीं बरसी पर आज कांग्रेस ने शहादत दिवस मनाया. इस अवसर पर पार्टी के नेताओं का दर्द एक बार फिर उभर आया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मामले की केंद्र सरकार ने ठीक से जांच नहीं कराई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेताओं के साथ मीडिया से चर्चा में कहा कि झीरम घाटी घटना को 12 साल हो गए. कांग्रेस ने तमाम प्रथम पंक्ति के नेताओं को खोया है. आज सभी को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने कहा कि झीरम मामले पर केंद्र सरकार ने जांच ठीक से नहीं कराई। जिन्होंने सरेंडर किया, उनसे कोर्ट के आदेश के बाद भी पूछताछ नहीं हुई। एनआईए की जांच का स्तर इससे समझा जा सकता है। जितने लोग वहां गए थे, जिनको गोलियां लगी, उनसे पूछताछ तक नहीं की गई।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि 6 महीने के अंदर सभी जेल के अंदर होंगे. हमारी सरकार में हमने मांग की हमें जांच करने दी जाए. इसमें कोई संज्ञान नहीं आया. आज-कल एजेंसियां एक ही विषय में जांच कर रही हैं।

झीरम घाटी 12वीं बरसी पर भाजपा विधायक चंद्राकर ने कांग्रेस पर बोला हमला

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के झीरम घाटी में हुए भयावह नक्सली हमले की आज 12वीं बरसी है. इस घटना में कांग्रेस के 27 नेताओं की मौत हुई थी. 12 साल बीत जाने के बाद भी घटना की जांच पूरी नहीं हो सकी है. जिसके कारण सियासी गलीयारों में बार-बार इसका जिक्र दोहराता रहता है. एक बार फिर झीरम हमले की 12वीं पुण्यतिथि पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। तेज तर्रार भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्हें झीरम हत्याकांड में न्याय और जांच से मतलब नहीं है. सिर्फ राजनीति करनी से मतलब है.।विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि दुखद घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं. कांग्रेस तो न्याय दे नहीं सकी. नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ उन्हें प्राकृतिक न्याय हो रहा है। भूपेश बघेल जब तक राजनीति में है झीरम-झीरम कहते रहेंगे. झीरम में न्याय, जांच से भूपेश बघेल को मतलब नहीं है। कांग्रेस और भूपेश बघेल को इसमें राजनीति करनी है।भाजपा दिग्गज नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने छग कांग्रेस में घर वापसी के आवेदनों को लेकर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस में ऑपरेशन लोनवर्राटू अभियान चल रहा है, जो अब स्थगित हो गया है. जैसे नक्सलियों के लिए घर वापसी का अभियान चल रहा था. इसी तरह कांग्रेस का अभियान कभी चलता है और बंद हो जाता है. कांग्रेस अगर भूल जाती है तो कार्यक्रम स्थगित हो जाता है. विधायक अजय ने कहा कि यहां किसी का वजूद नहीं है, मल्लिकार्जुन खड़गे का नहीं है तो बाकी को तो छोड़ ही दिया जाए।

रायपुर/नवप्रदेश। झीरम हमले की 12वीं बरसी पर राजीव भवन में कांग्रेसजनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहीदों के लिये दो मिनिट का मौन रख कर नमन किया गया। इस अवसर पर एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने एसआईटी बनाकर षडयंत्र की जांच करने का प्रयास किया। एनआईए ने इस मामले की जांच बंद कर दिया था, एनआईए ने 24 सितंबर 2014 को अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल किये, इसके बाद 28 सितंबर 2015 को सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश किया, अर्थात एनआईए ने जांच बंद कर दिया था, एनआईए ने किसी भी पीड़ित से पूछताछ नहीं किया, जो संदिग्ध नक्सली थे किसी के खिलाफ आरोप पत्र नहीं दाखिल नहीं किया। लेकिन जैसे ही राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया एनआईए ने फिर से जांच शुरू कर दिया और राज्य की एजेंसी के जांच को बाधित किया। कानूनन जब तक एनआईए मामले की फाइल राज्य को वापस नहीं करती एसआईटी जांच शुरू नहीं कर सकती थी। कांग्रेस के पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद एनआईए ने झीरम की केस फाइल नहीं दिया। एनआईए ने भी एसआईटी की जांच को रोकने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया, बाद में हाईकोर्ट ने एनआईए के स्टे को खारिज कर दिया। एनआईए हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गयी जहां सुप्रीम कोर्ट ने 21 नवंबर 2023 को एनआईए की याचिका को खारिज कर दिया। लेकिन तब तक राज्य में सरकार बदल गयी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राज्य की एसआईटी के जांच के रास्ते खुल गये। राज्य सरकार दरभा थाने में पीड़ित परिवारों की रिपोर्ट के आधार पर एसआईटी की जांच शुरू करें। आज तथाकथित शराब घोटाला, कोल घोटाला सभी ईडी, आईटी, सीबीआई जांच कर रही राज्य की ईओडब्ल्यू भी जांच कर रही लेकिन झीरम में राज्य की एजेंसी को जांच करने से रोकने केंद्र सरकार कोर्ट गयी थी। झीरम मामले के 12 साल पूरे होने के बावजूद पीड़ितों के परिजनों और घायलों को न्याय नहीं मिला। भाजपा की सरकारों ने हमेशा झीरम की जांच को रोकने का प्रयास किया। झीरम हमले में कई घायलों और पीड़ितों और प्रभावितों तक से अब तक एनआईए ने बयान नहीं लिये है। यह आरोप पीड़ित और उनके परिजनों ने लगाया है। आखिर इतनी परदेदारी क्यों? किसको बचाने के लिये जांच को रोका जाता है? भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को भय है कि झीरम का सच आने से उनके षडयंत्र बेनकाब हो जायेंगे। मुझे दुख है कि सरकार में रहते केंद्र सरकार के अवरोध के कारण जांच नहीं हो पाई।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस के लिए बेहद पीड़ा का दिन है। हमने अपने नेताओं को खोया था। मैं शहीद नेताओं को अपनी श्रद्धांजली अर्पित करता हूं। आज भी छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को घोर नक्सल इलाके में ही क्यों हटाया गया था? झीरम नरसंहार भाजपा के लिए उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा की गई चूक मात्र हो सकती है तथा उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया एक षड्यंत्र मात्र हो सकता है। कांग्रेस के लिए झीरम वह घाव है जो कभी नहीं भर सकता। यह घटना देश के लोकतंत्र के माथे पर लगा वह कलंक है जो कभी नहीं मिट सकता। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद छाया वर्मा, कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, पंकज शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, विनोद वर्मा, महेन्द्र छाबड़ा, सुरेन्द्र शर्मा, धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. अजय साहू, राम गिडलानी, चंद्रदेव राय, श्रीकुमार मेनन, शिवसिंह ठाकुर, आकाश तिवारी, एजाज ढेबर, सुनील बाजारी, सलाम रिजवी, दीपा बग्गा, कमलाकांत शुक्ला, दिलीप चौहान, पप्पू बंजारे, अविनय दुबे, बबीता नत्थानी, शब्बीर खान, आनंद मिश्रा, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगड़ी, देवकुमार साहू, दिनेश शुक्ला, पिंकी बाघ, भुवनेश्वरी डहरिया, पुष्पराज वैद्य, अखिलेश जोशी, ओम श्रीवास, अनिल रायचुरा, शनाया परविन, सुंदर जोगी उपस्थित थे।

अटकी निगम-मंडलों में नियुक्तियां

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में अप्रैल में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्ति किया, उनमें से आधा दर्जन के पदों में पेंच फंसा था। इसमें से चार पदों का पेंच सुलझाने के लिए एक संशोधित दूसरी सूची जारी करके तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष को दूसरे पदों पर नियुक्त किया गया है। अभी दो पदों का पेंच इसलिए फंसा है, क्योंकि इन पदों पर कांग्रेस शासनकाल के लोग विराजमान हैं। इसके लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। इसी तरह से अब जिन नेताओं को पद नहीं मिल सके हैं, उनको भी निगम, मंडल, आयोग की तीसरी सूची के लिए थोड़ा लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अब तक भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला नहीं हो सका है। इसीलिए माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही निगम, मंडल और आयोग की तीसरी सूची आएगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है।

शिक्षा का उद्देश्य संस्कार और सेवा होना चाहिए : राज्यपाल

■ **विप्र पब्लिक स्कूल के नव-निर्मित भवन के लोकार्पण में शामिल हुए राज्यपाल**

रायपुर /नवप्रदेश। विप्र पब्लिक स्कूल, रायपुर के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण आज जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व को संवारने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने की प्रक्रिया है।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल डेका ने विप्र शिक्षा समिति और विप्र कॉलेज के 30 वर्षों की शिक्षायात्रा को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह ज्ञान, सेवा और संस्कृति का संगम है।

राज्यपाल डेका ने कहा कि आज जब पूरा विश्व डिजिटल क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब ऐसी शिक्षा की जरूरत है जो आधुनिकता के साथ-साथ हमें हमारी जड़ों और भारतीय जीवन मूल्यों से भी जोड़े रखे।

राज्यपाल ने कहा कि भवन कैसा है यह न देख हुए वहां कैसी शिक्षा मिल रही है यह देखा जाए। हमे ऐसी शिक्षा देना है जो स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक समझ के साथ-साथ विज्ञान, गणित और तकनीकी शिक्षा को समन्वित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव-निर्मित भवन आने वाले वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता का प्रतीक बनेगा। डेका ने कहा कि देश में गुरूकुल परंपरा को स्थापित करने में ब्राह्मण समाज का बहुत बड़ा योगदान है। ब्राह्मण समाज ने सदैव शिक्षा और नैतिकता तथा सामाजिक मार्गदर्शन को अपना कर्त्तव्य माना है।

इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपना आर्शीवचन दिया।

मासिक काव्य गोष्ठी: कविताओं के जरिए भारतीय सेना की वीरता को नमन

■ **साहित्य व संस्कृति में अश्लीलता फैलाने का किया या कड़ा विरोध**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की सामाजिक संस्था वक्ता मंच ने 24 मई की शाम को वृन्दावन सभागृह में प्रदेश स्तरीय मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें प्रदेश भर से आए 83 कवियों ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू भाषाओं में 5 घंटे तक शानदार प्रस्तुतियां दी। 'भारतीय सेना ल जोहार' विषय पर संपन्न इस गोष्ठी में कविताओं के माध्यम से भारत के सैनिकों के शौर्य और वीरता को सलाम किया गया। गोष्ठी के अंत में छत्तीसगढ़ी साहित्य और संस्कृति में अश्लीलता फैलाने का प्रयास करनेवाले तत्वों की निंदा की गई और इसके खिलाफ जारी आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पी के तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शोभा देवी शर्मा ने की। विशेष अतिथि की आसंदी पर वरिष्ठ कवयित्री शुभा शुक्ला 'निशा', मशहूर छत्तीसगढ़ी गीतकार मिनेश साहू, वक्ता मंच की संरक्षिका ज्योति शुक्ला, यातायात प्रशिक्षक टी के भोई और युवा संस्था के प्रमुख एम राजीव मौजूद रहे।

कवियों को प्रदान किया गया सम्मान–कार्यक्रम के दौरान दो बाल कवियों काव्या राजीव और अनंत बाजपेयी को 'शब्द सम्मान' प्रदान किया गया। इस दौरान तीन कवियों राहुल सोनकलिहारी, ओमवीर करण और भूपेंद्र कुमार के जन्मदिन भी मनाया गया।

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

रायपुर। बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, बलौदाबाजार, सरगुजा, जगदलपुर(बस्तर) जिलों में दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा कर कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए. अपर मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हिट एण्ड रन प्रकरणों के प्रभावितों को राहत के लिये गठित जिला दावा निपटान समिति को प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. मालवाहक वाहक वाहनों में यात्री परिवहन, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले, शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ ही व्यापक जागरूकता कार्यक्रम करने के भी निर्देश दिए गए।

नवाचार | **यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की अब खैर नहीं**

सड़क हादसे रोकने अफसरों ने ली बैठक

■ **4 महीने में हुए 5322 सड़क हादसे में 2591 लोगों की गई जान**

■ **हेलमेट नहीं लगाने से हुई अधिकतर मौतें**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे। बीते चार महीने में 5322 सड़क हादसे हुए हैं, जिसमें 2591 लोगों की जान गई है. इन घटनाओं में अधिकतर मौतें हेलमेट नहीं लगाने से हुई है। सड़क हादसे पर लगाम लगाने आज अपर मुख्य सचिव (गृह) मनोज पिंगुआ की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई निर्देश दिए गए।

बैठक में एसीएस पिंगुआ ने कहा कि सड़क सुरक्षा उपायों का सबकी सहभागिता से बेहतर क्रियान्वयन हो। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात को बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयास किया जाए. बैठक में एसीएस पिंगुआ ने सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. उन्होंने मुख्य सड़कों में मिलने वाली ग्रामीण सड़कों के जंक्शन, दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों/ब्लैक स्पॉट्स में प्राथमिकता से आवश्यक सुधारात्मक उपाय समय-सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश ने विभागीय गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले चार महीनों में 5322 सड़क दुर्घटनाओं में 2591 व्यक्ति की मृत्यु हुई और 4825 घायल हुए हैं. उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है. सचिव एस प्रकाश ने बताया कि वर्ष 2019-2025 तक चिन्हाकित/लंबित ब्लैक स्पॉट्स में से 69 और 101 जंक्शन सुधार किया गया है. यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग ने 3 लाख 06 हजार 106 प्रकरणों में 11.92 करोड़ और परिवहन विभाग ने 2 लाख 80 हजार 568 प्रकरणों में 58.35 करोड़ रुपए की शमन शुल्क वसूल किए हैं।

बैठक में बताया कि जिलों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी समीक्षा बैठकों के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए गए हैं।

झीरम घाटी के शहीदों को बीजापुर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

बीजापुर/ नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने आज जिला मुख्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान, झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शहीदों के बलिदान को याद किया और उनके योगदान को नमन किया।

लोकतंत्र के लिए दिया बलिदान

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झीरम घाटी के शहीदों ने लोकतंत्र और समाज सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा, ÷उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।÷ कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

झीरम हमले की बरसी पर संकल्प

यह सभा झीरम घाटी हमले की बरसी पर आयोजित की गई। 25 मई 2013 को नक्सलियों ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला किया था, जिसमें कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शहीद हो गए थे। इस अवसर पर, स्थानीय नेताओं ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

इनकी रही मौजूदगी

इस श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य बोधी ताती, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम सल्लूर, ज्योति कुमार, हरेंद्र मांझी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बलराम कोरसा और लक्ष्मण कड़ती सहित कई अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झीरम घाटी में शहीद नेताओं को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

कांकेर/नवप्रदेश । झीरम घाटी नक्सली हमले की 12वीं बरसी पर जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन में शहीद नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया साथ ही पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद भगत सिंह चौक में केंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। गौरतलब है कि झीरम हमला 25 मई 2013 को घटित हुई थी जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेता नंदकुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियार, दिनेश सहित सुरक्षा कर्मी नक्सली हमले में शहीद हुए थे। इस दिन को कांग्रेस पार्टी आज भी शहादत और न्याय की प्रतीक्षा का प्रतीक मानती है। कांग्रेसियों ने कहा कि झीरम कांग्रेस के लिए सिर्फ हमला ही नहीं, बल्कि भावनात्मक आघात है। झीरम की घटना लोकतंत्र पर हमला और कभी न मिटने वाला कलंक है। इस श्रद्धांजलि सभा में यासीन कराणी,पुरुषोत्तम पाटिल, सरजू शोरी, कमलेश कोमरा, लोमेन्द्र यादव,अजय रेणु, मृदुला भास्कर, दीपक शोरी, खोमेंद्र ऊइके, मतीन खान,अजय भाषवानी, चंद्रलोक ठाकुर, शिवांकित श्रीवास्तव,सुमित राय, रोहन सिन्हा, ओमप्रकाश देवांगन, विजय यादव, शेष गजबिए, तारश सिन्हा, अमन गायकवाड़, अमित साहू, पवन कांगे, विनय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

कोण्डागांव में झीरम घाटी के शहीदों को भाजपा ने श्रद्धांजलि देकर शहादत को किया नमन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। झीरम घाटी नक्सली हमले की 12वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी कोण्डागांव द्वारा रविवार को गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा आयोजन कर शहीदों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक तथा बल्कि समाज में नक्सलवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा कार्यालय अटल सदन से हुई, जहां भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए। वहां से सभी पदयात्रा करते हुए भारत माता चौक पहुँचे, जहां शहीद नेताओं और वीर शहीद सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि25 मई 2013 का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे काला दिन था। झीरम घाटी में हुआ नक्सली हमला राज्य की राजनीति और लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा आघात था। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और सुरक्षा जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे।भाजपा नेताओं ने दोहराया कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा और नक्सलवाद के विरुद्ध समाज को एकजुट रहना होगा।उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमें नक्सलवाद के खिलाफ सामाजिक एकजुटता और जनचेतना से संघर्ष करना होगा।÷इस अवसर पर मनोज जैन,जसकेतु उसेंडी,दयाराम पटेल, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, अश्वनी पांडे, लक्ष्मी ध्रुव, ईना श्रीवास्तव, प्रतोष त्रिपाठी, बंटी नाग, प्रदीप साहू, सारंगधर कौशिक, प्रदीप सागर, अशोक ब्रम्ह, संजय मोदी, अमिताभ बोस, अविनाश सोरी, ललित देवांगन, नानू सेन, सोनमणि पोयाम, सती बघेल, सुषमा खोपरागडे, रामेश्वरी पोयाम सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ किया गया।

जन विश्वास की ओर दस कदम, पंजीयन विभाग की दस क्रांतिकारी सुविधाओं पर आधारित कार्यशाला आयोजित

- जमीन के खरीदी-बिक्री प्रक्रिया सरल होने के साथ-साथ फर्जी रजिस्ट्री पर लगेगा अंकुश -पूर्व मंत्री महेश गागड़ा

बीजापुर /नवप्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में जनसाधारण को सहूलियत पहुंचाने रजिस्ट्री नियमों में 10 क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। जिसका जमीन खरीदी - बिक्री करने वाले प्रदेश के जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगी। उक्त नए नियमों के बदलाव एवं सुविधाओं को जन साधारण तक पहुचाने के लिए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जनपद अध्यक्ष बीजापुर सोनू पोटाम, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ सहित वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग, श्री निवास मुदलियार सहित राजस्व विभाग के अधिकारीगण, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल एवं एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जनप्रतिनिधिगण, वार्ड पार्षद, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुऐ पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने रजिस्ट्री नियम के लिए ऐतिहासिक बदलाव से जमीन की खरीदी बिक्री, एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया सुगम एवं सुरक्षित ढंग से होने से फर्जी रजिस्ट्री सहित जमीन संबंधी अन्य विवादास्पद परिस्थितियों से निजात मिलेगी। वहीं इस ऐतिहासिक निणर्य को जनसाधारण के महत्वपूर्ण एवं लाभदायक बताया वहीं। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने इसे शासन की बहुत अच्छी पहल बताते हुए कहा कि अब रजिस्ट्री में होने वाली कठिन प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलेगी। नामांतरण अब रजिस्ट्री के बाद स्वतः हो जाएगा घर बैठे रजिस्ट्री एवं जमीन के बारे में जानकारी आसानी से हो जाएगा। इस नियम का व्यापक स्तर पर जनसाधारण के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता किया जाएगा।

कार्यशाला में रजिस्ट्री नियमों के संशोधन से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर द्वारा पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाओं को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। जिसके अर्न्तगत फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन-क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार संख्या और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड-रजिस्ट्री की जानकारी अब आपकी अंगुलियों पर- खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। यह पारदर्शिता और सुरक्षित खरीद को बढ़ावा देता है। ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र- संपति की कानूनी स्थिति अब आपके सामने- संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है।

बीजापुर में 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' का सफल आयोजन

- 47 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की हुई पहचान

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बीजापुर जिले में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराना और मातृ-शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी सुनिश्चित करना है। बीजापुर, जो एक संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, में आयोजित इस शिविर में कुल 125 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 47 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था श्रेणी में चिन्हित किया गया, जिनके लिए प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया ताकि मातृत्व संबंधी जटिलताओं को समय रहते रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, 80 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड परीक्षण भी किया गया, जिसने गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न संभावित जटिलताओं की शीघ्र पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चुनौतियों के बावजूद सफलता

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संवेदनशील क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन स्थानीय प्रशासन और चिकित्सा टीमों के समर्पित प्रयासों से यह संभव हो पाया। उन्होंने जोर दिया कि मामलों की समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन से मातृत्व संबंधी जटिलताओं को सफलतापूर्वक रोका जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रत्येक महिला, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में रहती हो। सुरक्षित मातृत्व का अधिकार प्राप्त कर सके।

झीरम घाटी शहीदों को कोण्डागांव कांग्रेस भवन में दी गई श्रद्धांजलि

कोण्डागांव/नवप्रदेश। झीरम घाटी में 25 मई 2013 को नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेताओं और सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कोण्डागांव कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल, शहीद उदय मुदलियार, शहीद दिनेश पटेल, शहीद योगेंद्र शर्मा सहित अन्य सभी शहीदों और वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गीतेश गांधी एवं रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, गुणमती नायक, बब्बू दहिया, रितेश गोयल, सुनील रैकवार, रविन्द्र दीवान, गीतेश बघेल, मंशाराम बघेल, भुवन मार्कण्डेय, बुधराम मरकाम सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने झीरम कांड को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए कहा कि इस दुखद दिन को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शहीद नेताओं की बलिदान भावना को स्मरण कर उनके सपनों के छत्तीसगढ़ को बनाने का संकल्प दोहराया।

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ का जिलास्तरीय बैठक आयोजित

एनएचएम कर्मी सीएचओ आरती यादव को दिया गया श्रद्धांजलि

कांकेर /नवप्रदेश जिला स्तरीय बैठक में सभी ब्लॉक से उप स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिला अस्पताल के कर्मचारियों ने बैठक में भाग लिया जिसमें सर्व सम्मति से आगे मांग पूरा नहीं होता हैं तो बड़ा आंदोलन में जाने जिला कार्यकारणी ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

इन कर्मचारियों ने लम्बे समय से नियमितीकरण एवं घोषित 27 प्रतिशत की कर रहें हैं मांग। 20 वर्ष हो गए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को इन्ही कर्मचारियों के भरोसे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था मांग पूरी नहीं होने पर कर रहें बड़े आंदोलन की तैयारी शासन द्वारा घोषित 27त्न वेतन वृद्धि को त्वरित कार्यवाही करते हुए लाभ प्रदान किया जाए। मासिक वेतन समय से भुगतान किया जाये।ि नयमितीकरण मेडिकल अवकाश स्थानांतरण पॉलिसी जैसे सुविधाओं को सरल बनाया जाए।सीआर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय प्रशासन के द्वारा लिया जाए और इस पद्धति को समाप्त किया जाए। नियमितीकरण के मुद्दे पर शासन द्वारा त्वरित निर्णय नही लिए जाने पर आगामी दिनों में उग्र आंदोलन पर सहमति जताई गई है।बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण राजपूत, सचिव मनेंद्र कुमार, कोसअध्यक्ष अनीस खान सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्ष एवम अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को किसी भी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं होगा

- बीमा कंपनी द्वारा पारिश्रमिक का होगा भुगतान -प्रबंधक संचालक

बीजापुर /नवप्रदेश प्रबंधक संचाकल जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर एवं वन मंडलाधिकारी श्री रामाकृष्णा रंगानाथा वाय ने बताया कि तेन्दूपत्ता का नियमानुसार बीमा कराया जाता है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित होने पर बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 में जिला वनोपज सहकरी यूनियन मर्यादित बीजापुर द्वारा 121600 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन के नीति अनुसार इस वर्ष विभागीय संग्रहण किया जाना है। 09 मई 2025 को तेन्दूपत्ता तोड़ाई प्रारंभ किया गया है, 21 मई 2025 तक की स्थिति में 12226.638 मानक बोरा संग्रहण हुआ है। समिति देपला के फड़ कोत्तागुड़ा, गोरगुण्डा-अब, पोषडपल्ली, कारकावाया एवं समिति चेरपल्ली के लॉट क्रमांक 12 अ-चेरपल्ली के फड़ चिल्लामरका का संग्रहित तेन्दूपत्ता की गड्डियां जो कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी नदी किनारे चट्टा लगाकर सुखाया जा रहा था, 22 मई 2025 को आधी रात में बेमौसम बारिश होने के कारण एवं 23 मई 2025 नदी में जल स्तर बढाने से उपरोक्त फड़ों के चट्टा लगाकर रखी गई कुल गड्डियां 460840 में से 323539 तेज पानी के बहाव में नदी में बह गया है जिसका परिश्रमिक राशि रू. 17,79,465.00 होता है। फड़ में प्राकृतिक रूप एवं दुर्घटना से होने वाली क्षति का बीमा कराया गया है बीमा राशि प्राप्त करने हेतु इंश्योरेन्स कंपनी क्लेम किया जा चुका है। संग्राहकों को किसी भी प्रकार का नुकसान नही होगा उनके पारिश्रमिक का दाम उनके बैंक खाता में ऑनलाईन साफ्ट वेयर के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कोण्डागांव में विशेष सफाई अभियान के तहत बांधा तालाब व शिव मंदिर की हुई सफाई

कोण्डागांव/नवप्रदेश प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोण्डागांव नगर पालिका परिषद द्वारा रविवार को विशेष सफाई अभियान का आयोजन के अंतर्गत बांधा तालाब में जमी जलकुंभियों की सफाई की गई, वहीं तालाब परिसर स्थित शिव मंदिर की भी विशेष सफाई कर उसे स्वच्छ और श्रद्धायोग्य बनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धा स्थलों की गरिमा बनाए रखते हुए नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अभियान में नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, अन्य सफाई कर्मचारी एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक श्रमदान कर नगर की सफाई व्यवस्था में योगदान दिया।

प्रथम पेज का शेष

ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के...

बिहार के कटिहार में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल

गुजरात में आज मोदी ...

लिए पीएम मोदी रवाना होंगे। दाहोद और भुज में पीएम मोदी का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है, दोनों ही जगह पीएम जनसभा को संबोधित करके कई विकासकार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

26 मई की शाम पीएम मोदी अहमदाबाद पहुंचेंगे। अहमदाबाद में पीएम मोदी के स्वागत के लिए भव्य रोड शो का आयोजन किया गया है, जिसके बाद पीएम गांधीनगर स्थित राजभवन पहुंचेंगे और 27 मई के दिन पीएम मोदी गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम के मौजूद रहकर विविध विकासकार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे.।

रोड शो के रूट पर एलईडी, ब्रह्मोस मिसाइल, एस400 डिफेंस सिस्टम, फाइटर प्लेन के कटआउट्स लगाये गए है. ऑपरेशन सिंदूर के कटआउट्स के साथ बाउल जिसमें सिंदूर रखा गया है। पूरे रोड पर तिरंगे लगाए गए है साथ ही में रोड के दोनों तरफट्राई कलर के पट्टे लगाए गए हैं। अहमदाबाद के रोड शो के बाद पीएम गांधीनगर स्थित राजभवन पहुंचेंगे और दिन के सभी आधिकारिक कार्यक्रम समाप्त होंगे।

पीएम मोदी 27 मई के दिन गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर से 5,536 करोड़ के विकासकार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. जिनमें 1,006 करोड़ की लागत से पीएमएवाय के तहत निर्मित 22,055 घरों का उद्घाटन करेंगे और 1,000 करोड़ की लागत से निर्मित साबरमती रिवरफ्रंट चरण-3 की आधारशिला रखेंगे।

पंजाब समेत चार राज्यों की पांच विस ...

जून घोषित किए जाने के बाद केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और विपक्षी यूडीएफ इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार तय करने में जी-जान से जुट गए हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के साथ मतभेदों के बाद अनवर ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। पीएसएलवी-सी

पीएसएलवी-सी61 मिशन...

एक्सएल कॉन्फिगरेशन में 27वां मिशन था। शुरूआती दो चरणों में सब कुछ सामान्य था। लेकिन जब तीसरे चरण ने काम करना शुरू किया, तभी एक तकनीकी समस्या सामने आई। तीसरे चरण में प्रेशर कम होने की वजह से सैटेलाइट अपनी जगह तक नहीं पहुंच पाया। इसके बाद इसरो ने मिशन के फेल होने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

समिति में कौन-कौन

पीएसएलवी सी 61 मिशन की जांच के लिए गठित की गई राष्ट्रीय विफलता विश्लेषण समिति में भारतीय विज्ञान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं। समिति के साथ पीएसएलवी सी 61 मिशन से जुड़ा डाटा साझा किया जा चुका है। माना जा रहा है कि समिति महीने के मध्य तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे होने वाले प्रक्षेपणों को लेकर फैसला लिया जाएगा।

क्या थी ईओएस-09 सैटेलाइट?

जानकारी के मुताबिक, ईओएस-09 से वास्तविक समय में मिलने वाली सटीक जानकारी कृषि, वानिकी निगरानी, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण साबित होती। इस मिशन का उद्देश्य देश भर में विस्तारित तात्कालिक समय पर होने वाली घटनाओं की जानकारी जुटाने की आवश्यकता को पूरा करना था।

पीएसएलवी रॉकेट के चरण कैसे काम करते हैं?

पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) एक चार-चरणीय रॉकेट होता है। पहला और तीसरा चरण -ठोस ईंधन से चलते हैं। दूसरा और चौथा चरण-तरल ईंधन से चलते हैं। तीसरा चरण सैटेलाइट को ऊपरी वायुमंडल में सही कक्षा की दिशा में ले जाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसी चरण में गड़बड़ी आई और सैटेलाइट तय कक्षा तक नहीं पहुंच पाया।

सरकारी ठेकों में मुस्लिमों ...

कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति की बू आती है। पार्टी ने राज्य भर में चल रही अपनी जनआक्रोश यात्रा के दौरान इस विधेयक को प्रमुख मुद्दा बनाया है।

संवैधानिक अधिकार और राज्यपाल का निर्णय

राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 200 और 201 के तहत उन्हें यह अधिकार है कि वे किसी भी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्यपाल का विशेषाधिकार है कि वह निर्णय ले कि कोई विधेयक तुरंत पारित हो या आगे राष्ट्रपति को भेजा जाए। उन्होंने कहा, कोई भी विधेयक तभी कानून बनता है जब राज्यपाल उसे मंजूरी दें या वह राष्ट्रपति से स्वीकृति प्राप्त कर ले। अगर कोई भ्रम या भविष्य में विवाद की संभावना हो, तो राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

क्या है यह विधेयक?

यह विधेयक कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट्स (संशोधन) विधेयक, 2025 है, जिसे कांग्रेस सरकार ने 21 मार्च को विधानमंडल के दोनों सदनों में पारित किया था। इसका उद्देश्य था कि मुसलमानों को सरकारी ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण मिले...

राज्यपाल ने क्या ...

पर भेदभाव की अनुमति नहीं देता।

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

ई-कोर्ट

ग्राम-..........तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदिका चंद्रिका प्रसाद पिता/पति नन्हूलाल जाति सोनार साकिन सोनारपारा महामाया वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 05 तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर6 रकबा 0.1900 हेक्टर का त्रुटि सुधार हेतु किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है। अतएव आवेदक /आवेदिका का नामांतरण किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से दिनांक 22/05/25 05/6/23 भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनाक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुंगेली दिनांक

सील

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

ई-कोर्ट

ग्राम-.......... तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका चंद्रिका प्रसाद पिता/पति नन्हूलाल जाति सोनार साकिन सोनारपारा महामाया वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 05 तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 87/1, 108/3 रकबा 1.8050,0.0450 हे., कु ल रकबा 1.8500हे. का त्रुटि सुधार हेतु किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतएव आवेदक / आवेदिका का नामातरण किया जाना प्रस्तावित है। इस सबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से दिनाक 22/05/25 05/06/25 के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। ईश्तहार आज दिनांक 08/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा में जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुंगेली (छग)

सील

न्यूज गैलरी

आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग अंतर्गत मृत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है। अनुकंपा नियुक्ति के लिए महेश कुमार जायसवाल पिता स्वर्गीय मनोहर लाल जायसवाल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला कंसरी लोरमी, सौरभ ज्ञानिक माता स्वर्गीय संध्या वासनिक प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला को कुटेलीपारा मुंगेली, अविनाश कुमार वाद्यकर पिता स्वर्गीय धन्नूलाल वाद्यकार शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व शाला खाम्ही कुर्मी मुंगेली, आशुतोष कुमार कसेर पिता स्वर्गीय राजेंद्र कुमार कसेर सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला पकरिया, राजकुमारी पटेल पति स्वर्गीय ईश्वर कुमार पटेल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला केशरुवाडीह ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन सभी आवेदनों एवं अभिलेखों का परीक्षण कर लिया गया है। इनकी अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या दावेदार की कोई भी दावा-आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुंगेली में प्रमाण सहित दावा आपत्ति या अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

पात्र संस्थाएं 30 मई तक करें आवेदन

मुंगेली/नवप्रदेश। उप संचालक कृषि द्वारा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग के अंतर्गत भारतीय प्राकृतिक खेती बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर हेतु पात्र एजेंसियों, संस्थाओं, संघों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह केंद्र एनएफ बायो इनपुट के उत्पादन, भंडारण, वितरण के प्रति किसानों को जागरूक करने के साथ दस्तावेजीकरण में किसान मास्टर ट्रेनर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की सहायता करेंगे। इच्छुक संस्थाएं 30 मई तक अपना आवेदन केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेज सकती हैं। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक कृषि के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

पीएम विद्यालय मुंगेली के 20 छात्र-छात्राओं का चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर कुंदन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी चंदकुमार घृतलहरे एवं संस्था के प्राचार्य पीसी दिव्य के मार्गदर्शन ने जिला का नाम रोशन करने अवसर दिया है। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में पीएम बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय मुंगेली के 20 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। किसी राष्ट्रीय परीक्षा में किसी एक विद्यालय के छात्रों को इतनी बड़ी संख्या में चयन अपने आप में गौरव का विषय है। इसमें शिक्षक और सम्पूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारी में लगे एक-एक व्यक्ति का उत्कृष्ट योगदान दिखाई देता है।

सुशासन तिहार 2025: लूण्ड्रा एवं मंगारी में आयोजित हुआ समाधान शिविर

हितग्राहियों को मिली समस्याओं के समाधान की जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में सुशासन तिहार की शुरुआत की, जिससे लोगों की मांग और शिकायतों का निराकरण उनके घर पहुंचकर किया जा रहा है, जिसको लेकर हितग्राहियों में काफी उत्साह देखने को मिला रहा है।

सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड लूण्ड्रा के लूण्ड्रा पंचायत और विकासखंड बतौली के मंगारी में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह,जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पावले, बीडीसी राजेश सोनी सहित सरपंच एवं पंचगण शामिल हुए।

लूण्ड्रा समाधान शिविर में शामिल विधायक प्रबोध मिंज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर आयोजित सुशासन तिहार लोगों की समस्याओं का समाधान लेकर आई है। शासन की मंशा है कि लोगों को शासन की योजनाओं के लिए शासकीय दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े, इसलिए आपके ग्राम आपके शहर में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस दौरान विधायक श्री मिंज ने स्वच्छता अभियान के उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर

सम्मानित किया, साथ ही आवेदन के निराकरण हितग्राही से संवाद कर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी। समाधान शिविर में विभागवार अधिकारियों ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत जानकारी साझा की गई। लूण्ड्रा में 15 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक क्लस्टर बनाया गया था जिसमें मांग के 5333 एवं शिकायत के 89 कुल 5422 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग के 5318 एवं शिकायत के 88 कुल 5406 आवेदन का निराकरण हुआ, शेष 16 आवेदन लंबित है,जिसका नियमानुसार कार्यवाही जारी है। बतौली के मंगारी में 14 ग्राम पंचायत को मिलाकर एक क्लस्टर बनाया गया था जिसमें मांग के 7553 एवं शिकायत के 46 कुल 7599 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें मांग के 7552 एवं शिकायत के 46 कुल 7598 आवेदन का निपटान किया गया। शेष 1 आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में डीडीसी नानमनि पैकरा सहित स्थानीय सरपंच एवं पंचगण उपस्थित थे। शिविर में लूण्ड्रा थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह ने ग्रामीणों को बढ़ते साइबर फॉर्ड को लेकर जागरूक किया साथ ही यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचाव की अपील की। शासन की पहल पर आयोजित सुशासन तिहार योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित कर लोगों के जीवन में खुशियां लेकर आई है, नागरिकों को अब मांग और शिकायत के निराकरण लिए शासकीय कार्यालय नहीं जाना पड़ रहा है। बतौली कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुनील नायक,बतौली तहसीलदार तारा सिदार, बतौली जनपद सीईओ लक्ष्मी नारायण सिदार, लूण्ड्रा शिविर में एसडीएम शतरंज सिंह, लूण्ड्रा तहसीलदार चित्रलेखा, लूण्ड्रा जनपद पंचायत सीईओ प्रीति भगत लूण्ड्रा थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बीपीएल परिवार को 5 लाख और एपीएल राशन कार्डधारियों को 50 हजार तक उपचार की सुविधा

आयुष्मान महाभियान के तीन दिन में 63 हजार से अधिक कार्ड बने

मुंगेली/नवप्रदेश। आयुष्मान महाभियान के तीन दिवस में ही अब तक 63 हजार 300 से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस कार्य में स्वास्थ्य अमला और संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरी तत्परता से जुटे हैं। सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में तीन दिवसीय आयुष्मान महाभियान चलाया गया। इस दौरान तमाम बाधाओं को पार करते हुए मुंगेली जिले ने स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है और सुशासन तिहार के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में ही मुंगेली जिला सिरमौर बन गया है। आयुष्मान महाभियान के तीन दिवस में ही अब तक 63 हजार 300 से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शतप्रतिशत लोगों को आच्छादित करने आयुष्मान सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य में स्वास्थ्य

अमला और संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरी तत्परता से जुटे हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने महाभियान के दौरान जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उन्हें आयुष्मान सप्ताह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और अपना कार्ड बनवाने की अपील की है। आयुष्मान महाभियान के दौरान आयुष्मान कार्ड बनवाने वनांचल सहित जिले के सभी गॉवों में उत्साह का माहौल देखा गया। अधिकारी-कर्मचारियों ने पूरी तत्परता से घर-घर जाकर, शिविर व स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से चिन्हित लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाया। लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक करने इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने व्यापक रूपरेखा तैयार की गई थी। गांव-गांव में सर्वे टीम भेज कर आयुष्मान कार्ड से छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हांकित किया गया। तत्पश्चात कार्य योजना बनाकर इस मुहिम को अंजाम दिया गया। वनांचल के गांव में भी शत प्रतिशत आयुष्मान कवरेज देने के लिए भी व्यापक पहल की गई। छूटे हुए पात्र लोगों को आयुष्मान योजना से लाभान्वित करने के लिए 10 गांवों का क्लस्टर बनाया गया। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए 03 हजार से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया, जिसमें आरएचओ, सीएचओ, सहायक ग्रेड 03, रोजगार सहायक, शिक्षक एवं वीएलई शामिल थे। कर्मचारियों ने घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र लोगों का आधार कार्ड या राशन कार्ड अद्यतन करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए। अभियान शुरू होने के पूर्व सर्वे के दौरान ही महज दो दिन में 08 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके थे और अभियान शुरू होने के तीन दिवस में 63 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर गॉव, गरीब एवं आमजनों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध करायी गई है। गौरतलब है कि आयुष्मान कार्ड में बीपीएल परिवार को 05 लाख तक निःशुल्क ईलाज और एपीएल राशन कार्डधारियों को 50 हजार रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा देश के पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है।

जिले में एक हजार से अधिक प्रकरणों की हुई सुनवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाने की दिशा में एक पहल करते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में विशेष न्यायालय स्पेशल कोर्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत समय-सीमा के बाहर एवं समय-सीमा में लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। जिले के विभिन्न अनुविभाग एवं तहसीलों में भी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों द्वारा राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की जा रही है और उनका यथासंभव त्वरित निराकरण किया जा रहा है। विशेष राजस्व न्यायालय के माध्यम से जिले में 1 हजार से अधिक प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिसमें 300 से अधिक प्रक्रियाधीन प्रकरणों का निराकरण किया गया, इनमें मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया अनुविभाग शामिल है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला कलेक्टोरेट के न्यायालय में 66 प्रकरणों की सुनवाई कर 23 प्रकरणों का निराकरण किया। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने 13 प्रकरणों में से कुल 07 प्रकरणों का निराकरण किया। जिले में अभियान चलाकर सभी समय-सीमा के बाहर एवं भीतर के सभी प्रकरणों का निराकरण करने विशेष न्यायालय आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत विशेष राजस्व न्यायालय का उद्देश्य न्याय की सुलभता और प्रशासन की पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस पहल से नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और उन्हें समयबद्ध समाधान प्राप्त हो रहा है, इससे आमजनों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हो रहा है।

शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 जून से

मुंगेली/नवप्रदेश। शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 जून से आदर्श कृषि उपज मंडी मैदान में किया जायेगा। इस कथा में देश के अनेक राज्यों, जिले से बापू के भक्तों का आगमन होगा। क्षेत्र के सभी श्रद्धालु शिव कथा श्रवण करेंगे।

पूज्य गिरी बापू जी शिव भक्ति और शक्ति का रसपान कराएंगे। अंतराष्ट्रीय शिव महापुराण कथा वाचक गिरि बापू जिनके प्रशंसक शिव भक्ति से सुखद जीवन का राह अपनाते है, बापू जी के भक्त उनको सुनने उत्सुक रहते हैं। मुंगेली निवासी मिथिलेश केशरवानी जो लगभग 16 वर्षो से गिरी बापू की कथा आस्था चैनल के माध्यम से और कई जगह प्रत्यक्ष उनके कार्यक्रमों में पहुंचकर सुनते रहे है, मिथिलेश केशरवानी बताते हैं 16 वर्षो से पूज्य बापू मुंगेली आकर कथा कहें ऐसी उनकी इच्छा थी जो अब पूर्ण होने जा रही है। कहते हैं ईश्वर की भक्ति में अपार शक्ति होती है मन से कोई कार्य करने की इच्छा जागृत हो तो अवश्य पूर्ण होती है ईश्वर मन की बातें सुनते हैं और ईश्वर ने मेरी बात सुनी जिसका परिणाम है मुंगेली की पावन धरा में गिरी बापू का आगमन हो रहा है, आज से ठीक 11 दिन बाद 3 जून से आदर्श कृषि उपज मंडी मैदान में शूरु होने वाले इस कथा में देश के अनेक राज्यों, जिले से बापू के भक्तों का आगमन होगा क्षेत्र के सभी श्रद्धालु शिव कथा श्रवण करेंगे, यह आयोजन धर्म और राष्ट्र जागरण का कार्य है जिस कार्य में उनके परिवार सहित उनके इष्ट मित्र संबंधी व नगर के लोग बढ़चढकर सहयोग कर रहे हैं। गिरी बापू के करोड़ों प्रशंसक देश विदेश में अलग-अलग जगह लगातार कथा का आयोजन करते रहते हैं। मुंगेली में होने जा रहे 811वीं कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सुकता व्याप्त है। लोगो में उत्साह है शिव महापुराण पूज्य गिरी बापू के मुखारविंद से सुनने को मिलेगा व आगमन को लेकर लगातार तैयारियां चल रही है कथा 03 जून से 11 जून तक चलेगी। कथा समय दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगी, आयोजक केसरवानी परिवार मुंगेली मोहडंडा वाले ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों को शिव महापुराण कथा सुनने हेतु आमंत्रित किया है।

छात्रा भूमिका का आवासीय खेल अकादमी में चयन

सक्ती/नवप्रदेश। परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती की छात्रा कु. भूमिका बरेठ पिता शशिभूषण बरेठ का संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के तहत

विभागीय आवासीय खेल अकादमी हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीरंदाजी खेल चयन में स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, माता- पिता, गुरुजनों एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों का प्रवेश नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन तीरंदाजी एवं फुटबॉल खेल स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा एवं तीरंदाजी एरिना तथा आवासीय हॉकी एवं एथलेटिक्स खेल का चयन ट्रायल स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा एवं हॉकी स्टेडियम पिच-02 में संपन्न हुआ है।

कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों का हुआ सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पटेल कृषि केंद्र मुंगेली, मां शाकंभरी कृषि केंद्र कवर्धा एवं पटेल कृषि केंद्र लोरमी के सदस्यों के सम्मान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात अतिथियों ने कर्मचारियों की मेहनत और योगदान की सराहना की। कृषि केंद्रों के सदस्यों को शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पटेल कृषि केंद्र मुंगेली के संचालक भुनेश्वर पटेल ने कहा कि हमारा स्टाफ केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि किसान भाइयों के सहयोगी हैं। उनका

समर्पण ही हमारी असली पूंजी है। मां शाकंभरी कृषि केंद्र कवर्धा की प्रबंधक मोती लाल पटेल ने कहा कि हमारे स्टाफ ने हर मौसम और परिस्थिति में किसानों की सेवा की है, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। पटेल कृषि केंद्र के वरिष्ठ कर्मचारी मनहरण पटेल ने भावुक होकर कहा आज जो सम्मान मिला है, वह हमारी वर्षों की मेहनत का फल है। यह हमें और बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में कृषि केंद्र संचालकों ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और लगन के कारण ही किसानों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने सदस्यों को प्रेरणा स्रोत बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह सेवाभाव के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया।

डी.एड. अभ्यर्थियों ने 6वीं चरण कॉउंसलिंग के लिए सीएम से लगाई गुहार

मुंगेली/नवप्रदेश। डी.एड. अभ्यर्थियों ने 6वीं चरण कॉउंसलिंग के लिए मुख्यमंत्री से लगाया गुहार। ज्ञापन देने आये डी.एड. धारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 2023 में बस्तर और सरगुजा सम्भाग के लिए 6282 पदों पर सहायक शिक्षक के लिए भर्ती निकाला गया था, इस भर्ती में 2855 बीएड डिग्री वालो की भी नियुक्ति दिया गया। जिसे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाहर किया गया और उनके जगह पर डीएड. डिप्लोमा वालो की नियुक्ति देने का फैसला दिया गया। जिस पर आगे कार्यवाही करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2615 पदों पर कॉउंसलिंग कराया गया। और इन 2615 पदों पर कॉमन मेरिट होल्डर जो बिना डी.एड, बिना ज्न्ज, बिना योग्यता वालें अर्थात बिना योग्यता के होते हुए जो भी परीक्षा में बैठा उन सभी को काउंसलिंग में बुलाया गया। उन सभी के लिए स्कूल अलॉटमेंट कर दिया गया। जिसके कारण 2615 के 2615 अभ्यर्थी पात्र कैंडिडेट नहीं हो सके। ऐसे में 1316 पदों के लिए अगली सूची निकालकर पात्र कैंडिडेट के लिए पुनः लिस्ट जारी कर काउंसलिंग कराया जाना चाहिए था। 2615 पदों में 1299 अभ्यर्थियों ने पदभार ग्रहण किया और 1316 पदों के लिए छठवें चरण

की काउंसलिंग बुलाया जाना चाहिए था। लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा अब आगे काउंसलिंग यह कहकर नहीं बुलाया जा रहा है की कट-ऑफरैंक काफी नीचे आ गया है। डी.एड. धारियों ने बताया की विभाग द्वारा बिना योग्यता धारकों को भी फॉर्म भरने का मौका और परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाया है तो पात्र अभ्यर्थियों को ढूंढने के लिए बार-बार काउंसलिंग तो कराया जाना पड़ेगा ही। मुंगेली जिले के सभी डीएड धारी अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से निवेदन किया है कि हमारे बुजुर्ग माता-पिता और हमारे सपनें को ना मारा जाए और छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार द्वारा आगे छठवीं चरण की काउंसलिंग 1 अनुपात 3 में कराकर सहायक शिक्षक भर्ती 2023 को संपन्न कराने की मांग किया। ज्ञापन देने वालों में निलेश साहू, सत्यवती कश्यप, शैलेंद्र जायसवाल, प्रदीप कुमार लूनिया, गोविंद, गोपाल कश्यप, सुरेंद्र कश्यप और तमाम डी.एड अभ्यर्थी शामिल थे।

आयोजन

सुशासन तिहार के तहत सक्ती के ग्राम सकरेली बा और हसौद में समाधान शिविर

समाधान शिविर में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से किया लाभान्वित

सक्ती/नवप्रदेश। जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरेली बा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सुशासन तिहार 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस समाधान शिविर में सक्ती जनपद पंचायत के लवसरा, बेल्हाडीह, सिधनसरा, डूमरपारा, बाराद्वारबस्ती, सरवानी बा, पलाडीकला, पलाडीखुर्द, लहंगा, सकरेली बा, डेरागढ से कुल 5744 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे सभी आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अहिल्याबाई होलकर जयंती पर स्वच्छता शपथ दिलाया और उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति सभी नागरिकों बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाए। विभिन्न विभाग द्वारा शासन के संचालित योजनाओ को आमजन के समक्ष शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र का वितरण, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसाइकल का वितरण, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर में

उपस्थित लोगो का जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया जिसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। ग्रापं हसौद के हायर सेकेंडरी स्कूल में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत जैजैपुर कलस्टर से कुल 4248 आवेदन प्राप्त हुआ। आयोजित शिविर में जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, जिपं सदस्य आयुष शर्मा , जपं उपाध्यक्ष सक्ती बंशीधर खांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चंद्रा,जिला पंचायत सदस्य निर्मल सिन्हा, सुशीला सिन्हा, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा परदेशी खूंटे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सीताराम मुन्ना चंद्रा,जनपद पंचायत सदस्य शांति लहरें, सत्य प्रकाश महंत, टंकेश्वर पटेल, टिकेश्वर पटेल ,सहित कलस्टर के सरपंच/सचिव विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला सदस्य, ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

नपा परिषद सक्ती भी होगा हरिहर

सक्ती/नवप्रदेश। अब नगर पालिका परिषद शक्ति भी होगा हरिहर नगरीय प्रशासन विभाग ने शुरू किया मिशन मोड पर वृक्षारोपण का कार्य नगरी प्रशासन विभाग द्वारा वूमेन फॉर ट्री मिशन का शुरुआत किया गया। महिला समूहों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया इस मिशन में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग तीन स्थानों में महिला समूह द्वारा वृक्ष का रोपण करेंगे प्रत्येक पौधे का नंबरिंग एवं जिओ टैगिंग का कार्य भी किया जाएगा। शान द्वारा इन महिला स्व सहायता समूह को डे एन यू एल एम योजना के माध्यम से 10 लाख तक का अनुदान राशि प्रदान किया जाएगा। नगर के प्रथम नागरिक एवं अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल जी नगर पालिका के उप अभियंता तारकेश्वर नायक मिशन मैनेजर वीरेंद्र आचार्य उर्मिला उर्मिला जायसवाल इब्राहिम खान एवं वेद जायसवाल उपस्थित रहे।

हमर अस्पताल आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 'सियान जतन' कार्यक्रम का सफल आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को ''सियान जतन'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 21 मई 2025 को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर क्लब एसोसिएशन एवं सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इस विशेष शिविर में 21 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाए गए, वहीं 97 वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, 49 का शुगर, 33 का हीमोग्लोबिन, 4 का मोतियाबिंद, 17 का ईएनटी (नाक, कान, गला), तथा 6 व्यक्तियों का गठिया एवं जोड़ संबंधी जांच किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। यहां किसी भी जांच अथवा पर्ची हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता। अस्पताल में सामान्य रोगों का उपचार प्रथम पाली में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में शाम 5:00 बजे से रात 7:00 बजे तक किया जाता है। दोनों पालियों में प्रतिदिन औसतन 120 से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज ने बताया कि ''सियान जतन'' जैसे कार्यक्रमों से हितग्राहियों में विश्वास एवं उत्साह बढ़ता है, जिससे वे शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा पाते हैं।

अहिल्याबाई आत्म-प्रतिष्ठा के झूठे मोह का त्याग करके सदा न्याय करने का प्रयत्न करती थीं: भीखम सिंह

महासमुंद/ /नवप्रदेश। पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी स्मृति में आयोजित ÷त्रिशताब्दी स्मृति अभियान÷ के तहत बागबाहरा के भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। इस सफाई अभियान के तहत मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने के लिए सभी ने एकजुटता के साथ झाड़ू लगाये। इस मौके पर सभी ने साफ सफाई के माध्यम से अहिल्या बाई होल्कर जी की विरासत और उनके आदर्शों को याद किया और उनके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुआ और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बनवाया, मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की।

न्यूज गैलरी

दिनदहाड़े खरोरा में महिला की हत्या

खरोरा /नवप्रदेश। खरोरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 में अकेले रहने वाली पदमा यादव की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। महिला को पहले बेदर्दी से डंडे से पिटा गया है और उसके बाद उसके सर पर बड़ा से पत्थर पटककर उसकी हत्या की गई है । दिनदहाड़े खरोरा के पॉश इलाके में हुई हत्या से नगर में सनसनी फैल गई है । मिली जानकारी के अनुसार पद्मा यादव का पड़ोसी राजू यादव से जमीन को लेकर विवाद होता रहता था। वहीं आज तकरीबन पदमा यादव की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा सबसे पहले पड़ोसी राजू यादव को पकड़ा गया । जो कि फरार होने के प्रयास में था । वहीं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पंचराम यादव ने बताया कि दोनों का कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद होते रहता था वहीं इसकी शिकायत पदमा यादव द्वारा थाने में की गई थी। वहीं । मुझे आज दोपहर 01 बजे राजू यादव का फोन भी आया था और वह कह रहा था कि पदमा के शिकायत के बाद पुलिस बार बार अति है उसे रुकवाओ ,पार्षद पंचराम ने अपने वार्ड पार्षद को फोन लगाने को कहा । वहीं थाना प्रभारी दीपक पासवान ने कहा कि प्रथम दृष्टिया पड़ोसी पर ही शक है ,फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

विधायक से मिले क्रिकेटर गाजी शूजाउद्दीन

धरसीवां/नवप्रदेश। धरसींवां के जाने माने क्रिकेट प्लेयर गाजी शूजाउद्दीन अपने क्रिकेट करियर का 15 साल पूरा कर लिए गाजी शूजाउद्दीन मगर आज तक कोई विधायक से मिलने का मौका नहीं मिला ,इससे पहले भी तीन विधायक परिवर्तन हो चुका है कोई भी उनको सहायता नहीं किया। देश के हर कोने-कोने में जाकर क्रिकेट खेल कर अपना नाम कमाने वाला है गाजी आज पहली बार धरती का विधायक अनुज शर्मा से अपने क्रिकेट का चर्चा करते हुए और छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग में खेल को लेकर भी अपना चर्चा किया ताकि छत्तीसगढ़ से खेलने को मौका मिले उनको अभी तक भारत के 18 राज्यों में प्रदर्शन कर चुके हैं गाजी शूजाउद्दीन इसके अलावा नेपाल में भी अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं । इसके लिए गाजी ने विधायक जी से अर्जी रखा की कम से कम छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग में मुझे एक बार मौका दिया जाए। विधायक अनुज शर्मा जी ने भी बात को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे करके बताए हैं। इस चर्चा में शामिल थे धरसींवा के जनपद अध्यक्ष शकुंतला सेन थे। उन्होंने भी गाजी को तारीफ करते हुए बात को विधायक के पास रखें है ताकि उनको आगे मौका मिले छत्तीसगढ़ से।

जिला पुलिस की कार्यवाही

खैरागढ़/नवप्रदेश। यातायात नियमों का पालन न करने वाले बिना हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने,दोपहिया मे तीन सवारी, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, मालवाहक मे यात्री परिवहन न करने के सम्बन्ध मे समझाइस एवं चालानी कार्यवाही की गई । यातायात पुलिस की अगुवाई मे जिला में सडक् दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व जागरूकता के उद्देश्य से समझाईश देने व चालानी कार्यवाही करने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर जिला पुलिस द्वारा समझाईश देते हुए चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी ओर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने यातायात नियमों का पालन करने वाले दो-पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को जो हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के साथ साथ वाहन से सम्बंधित सभी दस्तावेज रखने वाले सभी वाहन चालकों को सम्मानित किया गया ।

कृषक संगोष्ठी में सम्मिलित हुए राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष

अच्छे क्वालिटी के बीज उत्पादन कर उन्नत कृषक बनें किसान: चंद्रहास

महासमुंद/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर बेमेतरा व जिला कबीरधाम के प्रवास पर रहे। चंद्राकर दोनों जिलों में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कृषक संगोष्ठी तथा निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए।

श्री चंद्राकर सर्वप्रथम बेमेतरा जिले के ग्राम पथर्रा स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल हुए। कृषकों ने चंद्राकर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान चंद्राकर ने किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने किसानों को उन्नत किस्म के उच्च गुणवत्ता वाली बीज उत्पादन करने प्रेरित किया। पश्चात दोपहर 3 बजे ग्राम पथर्रा के चंद्रयान हेल्थ केयर अस्पताल का अवलोकन कर चिकित्सकों को आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। वहां से शाम 4 बजे चंद्राकर जिला कबीरधाम के ग्राम घोटिया स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल हुए। साथ ही कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी की भी उपस्थिति रही। इस दौरान बड़ी संख्या में बीज उत्पादक कृषकों ने भाग लिया तथा बीज गुणवत्ता, भंडारण, समय पर भुगतान एवं ब्रीडर बीज की उपलब्धता एवं प्रक्रिया केन्द्र में गोदामों की मरमत व नए गोदाम की मांग जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कृषकों ने अपने सामूहिक पत्र के माध्यम से चंद्राकर को इन समस्याओं के समाधान हेतु निवेदन किया।

चंद्राकर ने शीघ्र समाधान के दिए आश्वासन

अधिकारियों ने कृषकों को विभागीय योजनाएं, बीज प्रमाणन प्रक्रिया एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। घोटिया के कृषक संगोष्ठी में पहुंचे किसानों की समस्त मांगों व उनकी समस्याओं को सुनकर चंद्राकर ने शीघ्र समाधान के आश्वासन दिए। उन्होंने शासन द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषकों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने की बात कही। चंद्राकर ने कहा कि राज्य के भाजपा सरकार किसानों की उन्नति व प्रगति के लिए कृत संकल्पित है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं होने दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त की ओर अग्रसर: योगेश्वर

महासमुंद। नारायणपुर भीषण मुठभेड़ में 27 नक्सलियों के मारे जाने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश जल्द ही नक्सलमुक्त होने की अग्रसर है। सुरक्षाबलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में उन्हें लगातार सफलता मिल रही है।उन्होंने आगे कहा कि राज्य के नारायणपुर जिले के सघन जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फबसवराज सहित 27 नक्सली मारे गए।

विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 से शुरू

रथ के माध्यम से किसानों को किया जाएगा जागरूक

महासमुंद/ नवप्रदेश। शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू की गई है। यह अभियान जिले में 29 मई से शुरू होगा, जो 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि विभाग एवं वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी भी किसानों को देंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को इस अभियान के संबंध में कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि अभियान के तहत किसानों को खरीफमौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं जानकारी दी जाएगी। साथ ही अभियान के तहत किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किए गए नवाचार के संबंध में वैज्ञानिक नवीन जानकारी प्राप्त करेंगे एवं अनुसंधान में आवश्यक दिशा निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि विभाग किसानों को जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराएं।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में तीन टीम गठित की गई है, जो प्रत्येक दिन 7-8 पंचायतों के बीच क्लस्टर बनाकर शिविर लगाएगी, जो प्रतिदिन 7-8 ग्राम पंचायतों में जाकर लगभग डेढ़ हजार से अधिक किसानों के साथ वैज्ञानिक दल का सीधा संवाद किया जायेगा।

भारत में कला और संस्कृति का नया अध्याय

संगीत विवि और गोरखपूर की डीडी विवि के बीच हूआ एमओयू

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं नवाचार के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात करते हुए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू विश्वविद्यालय की कुलपति लवली शर्मा एवं प्रो.पूनम टंडन के नेतृत्व में हुआ । यह समझौता तकनीकी नवाचार और कलात्मक समन्वय को सुदृढ़ करते हुए दोनों संस्थानों के बीच गहरे संवाद और सहयोग की नई राह खोलेगा जिससे भारतीय कला में अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूती मिलेगी। कुलपति लवली शर्मा ने एम.ओ.यू. पर विचार रखते कहा यह समझौता भारतीय कला को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। हमारे छात्रों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इसके माध्यम से प्रदर्शन, दृश्य और सांस्कृतिक कलाओं में उन्नति की नई राह प्रशस्त होगी। गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि यह समझौता हमारी उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसमें हम पारंपरिक कलाओं की गरिमा को आधुनिक अकादमिक ढांचे में समाहित कर रहे हैं। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के साथ यह साझेदारी हमारे छात्रों और शिक्षकों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

सहकार भारती ने किया होल्कर जयंती पर चर्चा और गोष्ठी का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके अद्वितीय योगदान और प्रेरणादायक जीवन पर आधारित एक विशेष चर्चा एव गोष्टी का आयोजन बक्शी स्कूल में किया गया । सहकार भारती के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । मुख्य वक्ता नरेंद्र सोनी ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर एक नाम ही नहीं है जबकि वह लोकमाता के साथ सामाजिक न्याय की देवी है इंदौर जैसे शहर की निर्माण करने वाली और मालवा प्रदेश की प्रशासिका बतौर रानी के रूप में अनेक धार्मिक और न्यायिक निर्णय उनके द्वारा किये गये है जो आज भी प्रासंगिक है । महिला प्रमुख पिंकी ठाकुर ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर समस्त नारी जगत का स्वाभिमान है और और उन्हीं से ही प्रेरणा लेकर सबको कार्य करनी चाहिए उन्होंने हीं भगवान विश्वनाथ और सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों का निर्माण कराया था विकासखंड प्रमुख सुभाष सिंह ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर महिला जगत की सूर्य है जो कभी अस्त नहीं हो सकती उनका हर निर्णय आज भी अनुकरणीय है उनका व्यक्तित्व सबको प्रेरणा देता रहेगा । चर्चा एवं गोष्ठी में सहकार भारती के जिला प्रमुख नरेंद्र सोनी, महिला जिला प्रमुख पिंकी सिंह ठाकुर, त्रिवेणी पटेल , प्रमिला यादव , तान्या सिंह , करुणा सोनी ,नारायणी साहू सहित विकासखंड प्रमुख सुभाष सिंह गहरवार, सुरेंद्र सिंह सेगर ,खंड सह प्रमुख अभिषेक गुप्ता और अनेक साथी उपस्थित रहे।

बैताल रानी मंदिर बनेगा पर्यटन स्थल, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित हो रहे ऐतिहासिक और आस्था के प्रतीक माता बैताल रानी मंदिर के पर्यटन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है । कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंदवाल ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और इसके सुव्यवस्थित विकास की रूपरेखा तय की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर पहुंचकर माता बैताल रानी के दर्शन किए तथा मंदिर के पुजारी से मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक मान्यताओं और जनआस्था से जुड़ी जानकारियाँ प्राप्त कीं। उन्होंने मंदिर को क्षेत्रीय पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर चंद्रवाल ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मचान एवं बेंच की व्यवस्था की जाए। साथ ही, मंदिर मार्ग में स्थित पेड़ों को सजावट एवं रंग-रोगन कर सौंदर्यीकरण किया जाए, जिससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बैताल रानी मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और लोकआस्था का जीवंत प्रतीक भी है।

डेंगू दिवस पर जनजागरूकता अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद, मॉडल एवं चित्रकला प्रतियोगिता, शैक्षिक कार्यशाला, जन-जागरूकता रैली तथा आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य डेंगू की पहचान, रोकथाम एवं निदान के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम ÷जांचें, साफकरें, ढंकें डेंगू को हराने के उपाय÷ रही, जिसमें मच्छरों के प्रजनन रोकथाम पर विशेष बल दिया गया।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सीएमएचओ कार्यालय परिसर में नीम, लेमनग्रास, करंज, अजवाइन जैसे मच्छर-रोधी आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया। डॉ. राज ने नागरिकों से अपील की कि ऐसे पौधे घरों में भी लगाएं। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में डेंगू के कारण, लक्षण, जीवन चक्र, रोकथाम, जांच एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। डेंगू की रोकथाम के लिए 'ड्राय डे' मनाने, पानी के स्त्रोतों को ढंकने, कूलर व टंकी की नियमित सफाई, मच्छरदानी उपयोग जैसे उपायों पर बल दिया गया। प्रतिभागियों से डेंगू के प्रकार, जांच और मच्छरों के जीवनचक्र जैसे विषयों पर प्रश्नोत्तर भी हुए।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में ÷क्या डेंगू की रोकथाम में जनजागरूकता, सरकारी प्रयासों से अधिक प्रभावी है÷ विषय पर प्रतिभागियों ने पक्ष-विपक्ष में विचार रखे।

योजना का लाभ

अमृत सरोवर में मछली पालन से महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

मनरेगा से निर्मित अमृत सरोवर बना आजीविका का केंद्र

कवर्धा/नवप्रदेश। ज़िले के जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोन में बनाये गए अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य बाजार तालाब अब ग्रामीणों को लाभान्वित करने लगा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत अमृत सरोवर का निर्माण 8 दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुआ जो अब पूरा हो चुका है। इस कार्य की लागत राशि 9.71 लाख रुपए थी। निर्माण कार्य पूरा होने पर इसमें कुल 6 लाख 16 हजार 5 सौ 43 रुपए व्यय हुआ जिसमे मजदूरी पर 1.65720 लाख रुपए एवं सामाग्री पर 4.50823 लाख रुपए खर्च आया। अमृत सरोवर का निर्माण कुल 20 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत अमृत सरोवर फेस-2 में इस सरोवर का चयन किया गया है। यह सरोवर गांव के केन्द्र में लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है इस सरोवर के जीर्णोद्धारा एवं साफ-सफाई कराया गया। सरोवर निर्माण के दौरान गांव के 324 पंजीकृत परिवारों के 689 श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हुआ और इसके साथ ही मजदूरी की राशि ग्रामीणों के बैंक खाते में सीधे जारी हुआ। गांव के बीचो-बीच बने सरोवर के आस-पास वातावरण को स्वच्छ सुंदर एवं प्राकृतिक रूप से हरा-भरा रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्य भी कराया गया है जो अब देखते ही बनता है।समुह के द्वारा अब तक मत्स्य विक्रय कर 1.20 लाख रूपये की आमदानी प्राप्त की जा चुकी है। रोहू, कतला, मृगल जैसे प्रचलित एवं पसंद किए जाने वाले मछलियां ग्रामीणों को अमृत सरोवर से प्राप्त हो रहा है। समूह द्वारा प्रत्येक सप्ताह जल डालकर मछलियां निकली जा रही हैजो लगभग 1 से 2 किलो के साइज की है। बिरकोना गांव के निवासियों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मछलियां गांव के अंदर ही 80 से 100 रुपए प्रति किलो के दर से मिल रहा है। मछलियां बेचकर मां चंद्रहासिनी महिला स्व सहायता समूह की सभी 10 सदस्य आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। वह अब अपने परिवार के दैनिक जरूरत को आसानी से पूरा करते हुए परिवार का मजबूत सहारा बन गई हैं। इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का योगदान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है।

एक और जहां अमृत सरोवर निर्माण से ग्रामीणों को रोजगार और व्यावसायिक गतिविधियों का जरिया मिल तो दूसरी ओर 20 एकड़ के बड़े क्षेत्र में 5 लाख घन मीटर पानी का संचय करने से आस-पास के 50 एकड़ क्षेत्र में भू-जल स्तर में वृद्धि करते हुए सिंचाई की सुविधाओं का विस्तार हुआ।

मछली पालन का व्यवसाय अब जोर पकड़ने लगा

महात्मा गांधी नरेगा योजना से अमृत सरोवर बनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण करते हुए भू-जल स्तर में वृद्धि कर ग्रामीणों को इसमें आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को जोड़ना है। सरोवर का देखभाल और इसके रख रखाव के लिए माँ चन्द्रहासनी महिला स्वं सहायता समुह को दिया गया है। समुह के द्वारा सरोवर में मत्स्य पालन का व्यवसाय किया जा रहा है। 6 माह पहले प्रारंभ किया गया

कलेक्टर ने प्राचीन नर्मदा मंदिर का निरीक्षण कर मंदिर विकास कार्य योजना बनाने निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश । कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले के ऐतिहासिक नर्मदा मंदिर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक महत्व एवं परिसर में स्थित कुंड में सदैव जल उपलब्ध रहने की विशेषता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को जानकारी देते बताया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रति वर्ष विशाल मेले का आयोजन होता है। इस मेले में हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजन हेतु आते हैं। मेले के आयोजन में अत्यधिक व्यय होता है, परंतु मंदिर के पास आय के सीमित स्त्रोत हैं। कलेक्टरचन्द्रवाल ने मेले के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए स्थायी आमदनी के स्त्रोत विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर की नियमित देखरेख और विकास कार्यों के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाने, एसडीएम को मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु प्रस्ताव तैयार कने निर्देश दिए ।

जिलेभर में प्रशासन के कामकाज में कसावट नागरिको में नजर आ रहा है

एक्शन मोड में कलेक्टर, मुंगेली जिले में नजर आने लगा प्रशासनिक कसावट

मुंगेली/नवप्रदेश। जहां चाह होती है, वहां विकास को गति मिलती है। कडी मेहनत एवं परिश्रम से सफलता कदम चुमती है, यह कथन अपने एक माह के अल्प कार्यकाल में ही कलेक्टर कुंदन कुमार ने चरितार्थ कर दिखाया। जिले मे पदस्थापना के बाद नगर सहित पूरे जिले में स्वच्छता का अभियान हो या मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हो चाहे सुशासन तिहार का समाधान शिविर या आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे महाअभियान में जिले को नई पहचान दी है, लंबित पडे कई भूमि आबंटन को भी गति दी है।

जिले के 11 वें कलेक्टर कुंदन कुमार को पदभार संभाले हुए अभी कुछ माह ही बीते है, लेकिन पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड में आ गए और नतीजा यह रहा कि जिले भर में प्रशासन के कामकाज में कसावट नागरिको में नजर आ रहा है। उन्होने सभी अधिकारी कर्मचारियों को एक पई संस्कृति अपनाने का मंत्र दिया है जिससे जनता के प्रति भी प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चत हो रही है। सबसे सुखद बात यह है जिले के लगभग सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी, कर्मचारी सुबह समय से पहुंच कर अपने दैनिक कार्यो के निर्वहन मे लग जाते है। जिससे आम नागरिकों में भी काफी प्रसन्नता है। इनका कहना है कि जिले के नये कलेक्टर के पद स्थापना के बाद जिस तरह प्रशासनिक कसावट दिख रहीं है, यह जिले के विकास के लिए शुभ संकेत है। साथ ही नागरिको को कार्यालयीन चक्करों में काफी हद तक निजात मिल रही है। कलेक्टर कुंदन कुमार ने बीते 21 अप्रेल को पदभार संभाला है। इसके बाद से इनका पूरा फोकस स्वच्छता के साथ-साथ प्रशासनिक कसावट लाने और केन्द्र एवं राज्य सरकार कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने पर ही है। इसके अंतर्गत वे प्रत्येक मंगलवार को जन दर्शन लगाकर जिले भर कि फरियादियों की समस्याएं सुन रहे है और यथासंभव मौके पर ही इसका निराकरण कर रहे है। इसके अतिरिक्त वे जिले भर का दौरा कर आमजनों के बीच जाकर योजनाओं के जमीनी स्थिति का जायजा भी ले रहे हैं साथ ही विभिन्न विभागों स्कूलो, आंगनबाडी पहुचकर वहां कि स्थिति से रूबरू होकर कामकाज में कसावट लाने समय पर दफ्तर पहुचने की हिदायत संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को दे रहे है। अपने एक माह के अल्प कार्यकाल में वे अपने दफ्तर एवं कोर्ट का कामकाज नियमित रूप से निपटाने के बाद वे जिले मे चल रहे सुशासन तिहार में भाग ले रहे है, और विभिन्न ब्लॉकों के ग्राम मे पहुचकर शासकीय योजनाओं का औचक निरिक्षण भी कर रहे है। तीन ब्लॉक के इस जिले में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर वहां की समस्याओं को दुर करने का प्रयास कर लोरमी ब्लॉक के सुदूर इलाको में जाकर ग्रामीणों से रूबरू हो रहे है पथरिया ब्लॉक के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं का आकलन कर रहे है, नगरीय निकाय क्षेत्रों मे भी रूके हुए कार्यो को गति प्रदान करने में जुटे हुए है। सरकार कि योजनाओं को मूर्त रूप देने अभियान चला रहे है।

समाधान शिविर से जिले को दी नई उचाईयां

कार्यो मे ढिलाई बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सबक सीखाने में पीछे नही हट रहे है। एक माह के अल्प कार्यकाल मे ही कलेक्टर कुंदन कुमार ने नए आयाम जोडे है, एक्सन मोड में नजर आने वाले कलेक्टर ने सुशासन तिहार समाधान शिविर के माध्यम से जिले को नई उचाईयां दी है,जिले मे स्वचछता के साथ-साथ पूरें प्रदेश में समस्याओं के निराकरण के मामले में पहला स्थान प्राप्त किया है, वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने में भी एक ही दिन में 36868 आयुष्मान कार्ड बना कर रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान उनकी तैयारियां एवं कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में कलेक्टर का बडा योगदान है। नवीन कन्या महाविद्यालय के लिए लगभग 5 एकड जमीन भी आबंटन कर दी गई हैं।

न्यूज गैलरी

जिले के विभिन्न कार्यों का सचिव कैसर ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। सचिव अब्दुलहक ने ग्राम दशरंगपुर, सेमरसल, कुम्भरौली, ठरकपुर और मसना में प्रत्येक घरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, टंकी की क्षमता आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान दशरंगपुर में टंकी में पानी नहीं चढ़ने, कुम्भरौली में पानी टेस्टिंग कार्य की धीमी प्रगति पर सचिव अब्दुलहक ने अधिकारियों को फटकार लगाई और योजना के अंतर्गत कार्य को शीघ्र पूरा कर हर घर नल जल पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सेमरसल में टेकराम पटेल के घर पहुंचकर स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की जानकारी ली। इसके अलावा ठरकपुर में ग्रामीणों के घर जाकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का जायजा लिया। इस दौरान सचिव एवं कलेक्टर ने गॉव के नरेंद्र कुमार द्वारा व्यर्थ पानी बहाते पाए जाने पर उन्हें पानी की बर्बादी नहीं करने की समझाइश दी। उन्होंने गॉवों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने एवं पूरी तत्परता से कार्य करने निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता बिलासपुर संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता बिलासपुर परीक्षित चौधरी, अधीक्षण अभियंता ए.के. माल्वे मौजूद रहे।

मुंगेली शहरी क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक स्थलों पर अवैध प्लाटिंग

अवैध प्लाटिंग को लेकर नगरीय निकाय प्रशासन हुआ सख्त

मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध प्लाटिंग को लेकर नगरीय निकाय प्रशासन हुआ सख्त। नगर पालिका कार्यालय से कालोनी विकास हेतु आवश्यक पंजीयन प्रक्रिया का पालन नही किये जाने के चलते मुंगेली शहरी क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक स्थलों पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जिसे रोके जाने के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पंजीयक कार्यालय को पत्र लिखकर रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए कहा है। वही नवगठित नगर पंचायत बरेला में अवैध प्लाटिंग और बिना भवन अनुज्ञा के निर्माण के मामले में राजस्व और नगरीय प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। मामले में 9 लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। लेकिन अब तक किसी ने भी जवाब नहीं दिया है। इस पर प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अब अंतिम नोटिस के बाद बिना सुनवाई के सीधे एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।जिला मुख्यालय स्थित नगर

पालिका मुंगेली में शहरी क्षेत्र में इन दिनों तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध प्लाटिंग कर कालोनियां बनाई जा रही है। नगर एवं नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। कार्यवाही नही होने से इस कारोबार में जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हो गए है। नगर से लगे आसपास के गांवों में भी लोगों के कृषि भूमि को सस्ते दामों पर लेकर प्लाटिंग कर लाखों करोड़ों कमाने का धंधा बदस्तूर जारी है। जिस पर बड़ी और कड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। शिकायत मिलने या समाचार प्रकाशित होने पर नोटिस-नोटिस का खेल जरूर होता है, लेकिन कुछ दिनों बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। जमीन का कारोबार नियमों को ताक पर रखकर आपसी मिलीभगत में जोरों से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि शहरी एवं नगर से लगे ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्को में हो रही अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही को लेकर समय-समय पर अनुविभागीय कार्यालय राजस्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा चिन्हित खसरों पर रोक लगाने के लिये पत्र लिखा गया था। शहरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के कालोनी निर्माण के उद्देश्य से बिना किसी कालोनी विकास अनुज्ञा तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग की अनुमति के लिये बिना भूमि को छोटे-छोटे भूखण्डों में विभाजित करना अवैध कालोनी निर्माण की श्रेणी में आता है। इस संदर्भ में नगर पालिका कार्यालय से कालोनी विकास हेतु आवश्यक पंजीयन प्रक्रिया का पालन नही किये जाने के चलते मुंगेली शहरी क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक स्थलों पर अवैध प्लाटिंग को रोके जाने के लिये कहा गया है। जिस पर कोई कार्यवाही नही की गई। वही नवगठित नगर पंचायत बरेला में अवैध प्लाटिंग और बिना भवन अनुज्ञा के निर्माण के मामले में राजस्व और नगरीय प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। मामले में 9 लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन अब तक किसी ने भी जवाब नहीं दिया है। इस पर प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अब अंतिम नोटिस के बाद बिना सुनवाई के सीधे एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा भूमि की अवैध प्लाटिंग कर खरीदी-बिक्री की जा रही थी, साथ ही निर्माण कार्य भी बिना अनुमति के किया जा रहा था।

संविधान बचाओ रैली और सभा का हुआ सफल आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के दिशा निर्देश पर समुचे भारत वर्ष में संविधान बचाओ रैली और सम्मेलन सभा का आयोजन प्रदेश , संभाग तथा विधान सभा क्षेत्र में किया जा रहा है। इसी कड़ी में 24 मई दिन शनिवार को सरगुजा जिले के अंबिकापुर विधानसभा अंतर्गत ब्लाक लखनपुर के दुर्गाबाड़ी में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं सम्मेलन सभा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव, जिला अध्यक्ष (कांग्रेस) बालकृष्ण पाठक, हेमंत सिंन्हा शहर अंबिकापुर, विनय शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबिकापुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, राजनाथ सिंह अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी उदयपुर कांग्रेस प्रदेश सदस्य विक्रमादित्य सिंह देव, सिद्धार्थ सिंह देव अमित सिंहदेव, रणविजय सिंह देव, रहे। साथ ही संविधान बचाओ रैली एवं सम्मेलन सभा में कांग्रेस के पदाधिकारी जमीनी कार्यकर्ता क्षेत्र से आये ग्रामीण काफी तादाद में शामिल हुये। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव के अगुआई में संविधान बचाओ रैली अस्पताल चौक से दुर्गाबाड़ी तक निकाली गई। यह रैली दुर्गा बाग में पहुंच कर सम्पन्न हुई। बाद इसके सम्मेलन सभा में शामिल जनसमुदाय को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक विक्रमादित्य सिंह देव ने सम्बोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि -- मोदी सरकार के द्वारा संविधान पर किए जा रहे प्रहार और संविधान बदलने के प्रयास के विरोध में कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली और प्रदेश स्तर ,संभाग तथा जिला-स्तर एवं मतदान केंद्र स्तर पर सम्मेलन सभा का आयोजन किया जा रहा है।

सुशासन तिहारः ग्राम चारभाठा में समाधान शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम चारभाठा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चारभाठा क्लस्टर में 27 विभागों से संबंधित कुल 02 हजार 818 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर लिया गया है। शिविर में चारभाठा क्लस्टर अंतर्गत कोदवाबानी, चारभाठा, खुर्शी, ढबहा, खुजहा, नवागांव (घु.), प्रतापपुर, हेड़सपुर, छाता, दामापुर और बैहाकापा सहित 11 ग्राम पंचायतों से हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

समाधान शिविर में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 119 हितग्राहियों को शौचालय की स्वीकृति आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 05 को प्रतिकात्मक चाबी, 10 को ऋण पुस्तिका, बी वन, नक्शा, 11 को पशु शेड निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश, 08 को स्प्रेयर, 05 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि चेक, 06 को राशनकार्ड, 13 को किसान क्रेडिट कार्ड, 05 को फलदार पौधा वितरण, 04 स्व सहायता समूहों को एनआरएलएम अंतर्गत चेक, 05 महिलाओं को लखपति दीदी प्रमाण पत्र, 15 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र, 05 को आयुष्मान वय वंदना कार्ड और 05 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया। साथ ही उन्होंने चारभाठा क्लस्टर अंतर्गत विभिन्न स्कूलों से कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं और मांगों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। इस पहल के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, ताकि जनता की शिकायतों और आवश्यकताओं का तत्काल निराकरण किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 03 हजार 972 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है, इनमें से अधिकांश आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।

रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। जमीन संबंधी रंजिश को लेकर एक महिला के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया सुमित्रा बाई पति स्व सुबेदार जाति हरिजन उम्र 45 वर्ष साकिन ग्राम बंधा आमाढोढी ने थाना उपस्थित आकर अपने एवं परिजनों के साथ मारपीट किये जाने का प्राथमिकी दर्ज कराई है। दरअसल आरोपी 1-धरमजीत 2-वशगोपाल दोनो निवासी ग्राम बंधा तथा 3- आरोपी फागूलाल निवासी अम्बिकापुर तीनों ने 23 मई की रात करीब 8-9 बजे जमीन संबंधी पुराने रंजिश को लेकर महिला के साथ गाली-गलौच करते हुए हाथापाई करने लगे तभी महिला की बड़ा लड़का विजय कुमार एवं छोटे लड़के के पत्नी सुचिता बीच बचाव करने आये तीनों ने उनके साथ भी मारपीट किया।

मेंड्राखुर्द में जिला स्तरीय वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में जल संवर्धन एवं जल संरक्षण को लेकर हमर गांव हमर पानी महाअभियान 31 मई 2025 तक सभी ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जल शपथ, जल सभा, जन जागरूकता रैली तथा श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत मेंड्राखुर्द में जिला स्तरीय वृहद श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन अमृत सरोवर घाट के पास किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ने मिलकर

श्रमदान किया और जल संरक्षण की दिशा में अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसौदिया, भारत सिंह सिसौदिया, जनपद अध्यक्ष विक्रम सोनपाकर, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, मेंड्राखुर्द, खलिबा, डिगमा, कुल्हाड़ी एवं चाठीरमा ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसौदिया ने वर्षा जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने जल बचाओ, जीवन बचाओ का आह्वान करते हुए सभी ग्रामीणों से जल प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल बचाने की ज़िम्मेदारी समाज के हर व्यक्ति की है।

बुद्ध जयंती पर जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले के शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी जाति वर्ग के कक्षा 10वीं तथा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान तथा जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बुद्ध जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दो सत्रों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में किया गया। जिले के तीनों विकासखण्डों मुंगेली, पथरिया, लोरमी से लगभग 175 छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा गुरूघासीदास, तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में 10वीं के बाद विषय चयन कैसे करें, जेईई, नीट, बी.एस.सी. नर्सिंग, कलेक्टर, जज, वैज्ञानिक बनने, भाषा ज्ञान तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कब और कैसे करें, पढ़ाई के दौरान होने वाले कठिनाईयों का समाधान कैसे हो, क्या कोचिंग जरूरी है कोचिंग कहां

मिलता है, कोचिंग में कितना खर्च लगता है। इस ग्रीष्मावकाश में 25 मार्च से संस्थान द्वारा जेईई, नीट, बी.एस.सी. नर्सिंग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 से 75 दिवसीय निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग दी जा रही है। निःशुल्क कोचिंग से गणित संकाय के छात्र विगत छः वर्षो से लगातार जेईई मेंस क्लियर कर एडवांश के लिए क्वालिफाई हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी यतेन्द्र भास्कर, संस्था प्राचार्य आशा दिवाकर, जगदीश कांत, जितेन्द्र कुमार, मोहन उपाध्याय व्याख्याता छटन, संतोष यादव कोषाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ मुंगेली, शबनम खान प्राचार्य किरना, प्रकाश मनहर धमनी, शैलेष कुर्रे डांड़गांव, एनआईटी छात्र सिद्धार्थ पात्रे, पदमिनी रात्रे, पूनम बैस, बड़ी संख्या में उपस्थित मेधावी छात्र-छात्रा तथा अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिका, कोचिंग टीम, संस्थान के सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

योजना

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोखिम महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

मुंगेली में 100 में से 94 उच्च जोखिम वाली महिलाएं, पथरिया में 210 का हुआ परीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएमए के तहत जिले में 526 उच्च जोखिम महिलाओं में से आज 220 महिलाओ के जांच का लक्ष्य रखा गया था जिसके अंतर्गत विकासखण्ड मुंगेली में 100 में से 94 उच्च जोखिम वाली महिलाएं तथा पथरिया 50 मे 47 एवं लोरमी 70 में से 69 कुल 210 महिलाओ का परीक्षण हुआ। 99 महिलाओं का सोनोग्राफी हुआ।

जिसमें जिला चिकित्सालय मुंगेली में 54, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी में 9 तथा निजी सोनोग्राफी सेंटर ईरा डायग्नोसिस्टिक सेंटर में 16 तथा के.एम. इमेजिंग डायग्नोसिस्टिक सेंटर में 20 कुल 99 सोनोग्राफी जांच किया गया। इस संदर्भ में कलेक्टर के निर्देशानुसार 24 मई को जिला चिकित्सालय मुंगेली, 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-लोरमी, जरहागांव, पथरिया एवं सरगांव तथा 08 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों खपरीकला, लालपुर, साल्हेघोरी, पदमपुर, पालचुवा, दशरंगपुर, सिलदहा, रामबोड चिन्हांकित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी एवं निजी अस्पतालों के स्त्री रोग विशेषज्ञों के ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा उक्त दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन के

अधिकारियों की टीम निरीक्षण के लिए लगाई। जिसमे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबधंक गिरीश कुर्रे को मानिटिरिंग हेतु एवं जिला चिकित्सालय मुंगेली में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमति संजूला शर्मा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द पथरिया में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग लक्ष्मी प्रसाद पटेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी में सहायक पंजीयक सहकारिता विभाग हितेश श्रीवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जरहागांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दशरंगपुर में जिला खनिज अधिकारी श्रीमति ज्योति मिश्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पालचुवा में उपसंचालक कृषि विभाग एम.आर. तिग्गा, पदमपुर में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ठाकुर, खपरीकला में सहायक संचालक उद्यान विभाग सुश्री भगवती साहू, लालपुर थाना में जिला खाद्य अधिकारी हुलेश साहू, साल्हेघोरी में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आर.एम. त्रिपाठी, सिलदहा में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ए.पी. गौतम तथा रामबोड में सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग आलोक श्रीवास्तव द्वारा चेक लिस्ट के साथ निरीक्षण किया गया।

तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहा 5500 प्रति मानक बोरा का दाम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में 'तेंदू पान' के नाम से विख्यात तेंदूपत्ता का संग्रहण ग्रामीण क्षेत्र में कृषि के बाद लघु वनोपज संग्रहण ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आय का एक पूरक स्त्रोत है। राज्य के लाखों ग्रामीण प्रतिवर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण में करते हैं, जिससे उन्हें खेती के अलावा अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा तेंदूपत्ता दर में की गई 1500 रुपये प्रति बोरा वृद्धि ने संग्राहकों को आर्थिक मजबूती दी है। पहले जहां प्रति मानक बोरा की दर 4000 रुपए मिलता था, अब इसे बढ़ाकर 5500 रुपए कर दिया गया है। इस 1500 रुपए की वृद्धि से संग्राहकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इससे वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और ग्रामीण परिवारों को खेती के अतिरिक्त आमदनी का सशक्त स्त्रोत मिला है। जिले में तेंदूपत्ता संग्रगण का कार्य तीव्र गति से जारी है। मिली रिपोर्ट के अनुसार, जिले में कुल 36,200 मानक बोरा के लक्ष्य में से अब तक 35,217.129 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संकलन किया जा चुका है।

केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर 26 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

नक्सल प्रभावित क्षेत्र से अंतर्राज्यीय शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में थाना रेंज साइबर टीम को मिली सफलता

बिलासपुर/नवप्रदेश। बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर ओटीपी लेकर 26 लाख 74 हजार रूपए की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को साइबर टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी सिम कार्ड व फर्जी बैंक खातों का उपयोग धोखाधडी करने में इस्तेमाल करते थे।

पुलिस के अनुसार जॉनसंन एक्का निवासी सकरी बिलासपुर को कॉल कर अपने आप को बैंक अधिकारी बताकर ज्ञ्ल्ब् अपडेट कराने के बहाने अपने बातों में उलझाकर ऑनलाईन केवाईसी करने की प्रक्रिया बताकर प्रार्थी से बैंकिंग जानकारी एवं ओटीपी प्राप्त कर प्रार्थी के बैंक खाता से लोन लेकर कुल 26,74,701/- रूपये की ठगी करने की लिखित आवेदन पत्र के आधार पर थाना सकरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की विवेचना दौरान प्रार्थी के बैंक खाता संबंधित बैंक से बैंक स्टेटमेंट तथा सायबर अपराध पोर्टल में किये रिपोर्ट का ए.टी.आर. रिपोर्ट के आधार पर खाता धारको एवं मोबाईल धारकों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल अद्यतन रिपोर्ट, ठगी की रकम प्राप्त करने में उपयोग किये बैंक खातों को चिन्हांकित कर बैंक खाता धारकों की जानकारी, ऑनलाईन ट्रांजेक्शन तथा घटना से संबंधित तकनीकी जानकारी प्राप्त किया गया, प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी उड़ीसा प्रांत के निवासी होने की जानकारी प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर निर्देशानुसार विशेष टीम उड़ीसा हेतु रवाना की गई, जहां नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपनी टीम के साथ संदेही खाता धारक क्रूंशणा लूहा पिता बिबाना लुहा उम्र 42 वर्ष निवासी दीपापल्ली थाना उलूंडा जिला सोनापुर उड़ीसा को थाना उलूंडा के स्टॉफ के सहयोग से आरोपी के पते पर जाकर तलाष किये जो पुलिस को देखकर भागने एवं छुपने का प्रयास किया जिसे स्थानीय पुलिस के सहयोग से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

बिलासपुर पुलिस की अपील

साइबर ठग आये दिन नये नये तरीको के माध्यम से आम जनता से धोखाधड़ी करने का प्रयास करते है अपना बैंक खाता तथा मोबाईल सिम किसी दूसरे व्यक्ति को उपयोग हेतु ना दे, वह आपके बैंक खाता तथा मोबाईल सिम का उपयोग साइबर ठगी करने में कर सकता है, जिससे आपको कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देने वाले अनजान कॉल से सावधान रहें एवं किसी भी प्रकार के व्हाट्सएप्प ग्रुप में न जुड़े और न ही किसी प्रकार की जानकारी साझा करें। कोई भी व्यक्ति अनजान नम्बर से अपने आप को कस्टम विभाग, पुलिस अधिकारी, सी.बी.आई. अथवा ई.डी. का अधिकारी बताकर बताकर ठगी करने का प्रयास करते है जिसमें पार्सल कैंसल हो गया है पार्सल में एटीएम कार्ड, ड्रग्स मिला है जिसे कस्टम विभाग द्वारा जप्त किया गया है कहकर ''डिजीटल अरेस्ट'' के नाम पर ठगी किया जा रहा है इस प्रकार के ठगी से सावधान रहे।

भेजे गए जेल

आरोपी क्रूंशणा लूहा निवासी दीपापल्ली थाना उलूंडा उड़ीसा और गुलेख कुम्हार निवासी दीपापल्ली उड़ीसा तथा पंकज कुमार खैतान निवासी विवेकानंदपल्ली रेल्वे कॉलोनी प्लांट साईट राउलकेला के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबुत पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों का ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त बिलासपुर लाकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कराया गया है।

न्यूज गैलरी

सरपंच प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

मल्हार/नवप्रदेश। थाना मस्तूरी अंतर्गत चौकी मल्हार क्षेत्र के ग्राम विद्याडीह में पूर्व सरपंच और वर्तमान में सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटले पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 24 मई 2025 की रात की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटले शनिवार रात करीब 8.45 बजे अपने गांव विद्याडीह स्थित शिव किराना दुकान के पास ईश कुमार पात्रे के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव के दो युवक, जगमोहन गेंदले और उमेश गेंदले, वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते संतोष पाटले को अश्लील गालियां देने लगे। जिसको गाली देने से मना करने पर दोनों ने मिलकर सरपंच प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। संतोष पाटले की रिपोर्ट के मुताबिक, उमेश गेंदले ने उन्हें हाथ-मुक्कों से मारा, जबकि जगमोहन ने ईंट से हमला किया, जिससे उन्हें माथे के दाहिने हिस्से, बाएं भुजा और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जगमोहन गेंदले और उमेश गेंदले के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2)-बीएनएस 296-बीएनएस 3(5)-बीएनएस एवं 351(2)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

थानों में होगा पत्रकारों का बायोडाटा दर्ज

पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन हुआ सख्त, हमलावरों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में कार्यरत एक फोटो पत्रकार और उनके पिता पर जानलेवा हमले के मामले ने पत्रकारिता जगत को झकझोर कर रख दिया है। यह हमला 23-24 मई की दरमियानी रात कुछ शराबी और नशेड़ी तत्वों द्वारा किया गया। इस घटना के बाद प्रेस क्लब बिलासपुर ने तत्काल एक आपात बैठक बुलाई, जिसमें पत्रकारों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष संजीव पांडेय, सचिव दिलीप यादव, अखलाख खान, सुनील शर्मा, रामप्रताप सिंह, लोकेश वाघमारे, पंकज गुप्ते, जितेंद्र थवाइत और गुड्डा सदाफले सहित कई पत्रकार शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस गंभीर मामले में दोषियों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है, और जिन पर पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, उनके खिलाफ गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। प्रेस क्लब की मांग पर पुलिस ने यह भी निर्णय लिया है कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों का बायोडाटा– नाम, पता और मोबाइल नंबर – संबंधित थानों में रखा जाएगा। इसका उद्देश्य आपात स्थिति में उन्हें त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करना है। साथ ही, पत्रकारों और पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए थाना-स्तरीय व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाने का सुझाव भी दिया गया है, जिस पर पुलिस प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाया है। इसके लिए प्रेस क्लब को क्षेत्रवार पत्रकारों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है। शेखर गुप्ता के मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई को प्रेस क्लब ने सराहा और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

फर्जी पत्रकारों पर भी होगी निगरानी

प्रेस क्लब ने उन कथित पत्रकारों पर भी चिंता जताई जो पुलिस कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप करते हैं और जिनका पत्रकारिता से कोई वास्तविक संबंध नहीं है। क्लब ने पुलिस से ऐसे तत्वों को तवज्जो न देने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि ऐसे लोगों की पहचान कर संबंधित संस्था को जानकारी दी जाएगी, जिससे पत्रकारिता की गरिमा बनी रहे और पुलिस–पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय बना रहे।

फेरीवाले अब लगा सकेंगे ठेले

शर्तों के साथ निगम ने बदला फैसला

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की सड़कों से ठेले हटाने के नगर निगम के फैसले से उपजे असंतोष को देखते हुए अब प्रशासन ने अपना रुख नरम कर लिया है। पहले जहां सख्ती से फेरीवालों को हटाया गया था। वहीं अब निगम ने शर्तों के साथ उन्हें फिर से काम पर लौटने की अनुमति दे दी है। पिछले हफ्ते निगम की कार्रवाई से सैकड़ों फेरीवालों की रोजी-रोटी पर संकट आ गया था। नाराज़ फेरीवालों ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव किया और स्थायी वेंडिंग ज़ोन की मांग रखी। हालांकि तत्काल कोई समाधान नहीं मिला। इसके बाद फेरीवालों ने स्थानीय विधायक से मुलाकात की, जिनके हस्तक्षेप से निगम ने पुनर्विचार किया। अब निगम ने साफ किया है कि फेरीवाले सड़कों पर व्यवसाय कर सकते हैं, बशर्ते वे यातायात में बाधा न डालें। इस बीच व्यापार विहार और मुंगेली नाका क्षेत्र में प्रस्तावित वेंडिंग ज़ोन को लेकर स्थानीय लोगों की आपत्ति के चलते योजना को फिलहाल रोक दिया गया है। नगर निगम के इस यू-टर्न से फेरीवालों को अस्थायी राहत मिली है, लेकिन अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी मौजूदगी से ट्रैफिक प्रभावित न हो। यदि वे यह जिम्मेदारी निभाते हैं, तो यह व्यवस्था स्थायी रूप ले सकती है।

मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शी शासन से भारत बना विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था: कैट

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र गांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सलूजा,बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानंद जयसिंह एवं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उनकी आर्थिक सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी विकास के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुख स्थान दिलाया है - यह कहना है कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी का। अमर पारवानी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार, संघर्ष और पुनरुत्थान की कहानी है। उनका जन-हितैषी दृष्टिकोण, राजकोषीय अनुशासन और व्यवसाय-समर्थक नीतियाँ भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बना रही हैं। यह छोटे व्यापारियों के लिए बड़े कारोबारी बनने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें वित्तीय अनुशासन, सशक्तिकरण और डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाने में मदद मिलेगी।अमर पारवानी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने न केवल वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना किया है, बल्कि दीर्घकालिक और सतत विकास की एक मजबूत नींव भी रखी है।

नेटवर्क और ग्रामीण विकास में बनाएगी सक्षम

एक मजबूत अर्थव्यवस्था भारत को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, स्मार्ट सिटी, लॉजिस्टिक नेटवर्क और ग्रामीण विकास में निवेश करने में सक्षम बनाएगी। यह सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण योजनाओं में अधिक खर्च करने का अवसर देगा, जिससे सभी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। भारत का तेजी से बढ़ता डिजिटल परिवर्तन और नवाचार–आधारित अर्थतंत्र एआई, फिनटेक, अंतरिक्ष और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहेगा। भारत का यह उदय एक अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में अवसर, स्थिरता और प्रगति का प्रतीक है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है और आगे का सफर इससे भी अधिक उज्ज्वल संभावनाओं से भरा है।

नृत्यांगना इशिता को स्टार पैशन अवॉर्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की इशिता कश्यप को इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकार्ड्स द्वारा आयोजित इंडिया स्टार पैशन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इशिता 8 वर्षों से लगातार नृत्य साधना में लगी हुई हैं। इशिता नृत्य की अपनी सबसे खास प्रस्तुति में एक बार में 200 चक्कर लगाती हैं। इशिता अपने नृत्य कौशल से प्रतिभा परिज्ञान पुरस्कार, प्रणवम प्रतिभा सम्मान, कला संस्कृति सम्मान, राष्ट्रीय कला विभूति सम्मान, इंटरनेशनल किड्स आइकन अवार्ड एवं दुबई तथा मलेशिया में गोल्ड मेडल के साथ छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा आयोजित पाली महोत्सव, संस्कार भारती के कार्यक्रमों में सम्मानित की जा चुकी हैं।

ग्रामीण शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं: सुशांत

शिविर में 7062 आवेदनों का निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड मस्तूरी के ग्राम पंचायत कौड़िया में आयोजित शिविर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला शामिल हुए। श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में शासकीय योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर तेजी से बदल रहा है। सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान करें। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीईओ जे आर भगत, तहसीलदार सोनू अग्रवाल, टीआई गोपाल सतपथी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में कुल 7177 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7062 आवेदनों का निराकरण किया गया। विधायक सुशांत शुक्ला ने शिविर में पूरे स्टॉल का निरीक्षण किया। समाधान शिविर में समस्त विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में आवेदनों के निराकरण पर ग्रामीणों में खुशी देखी गई। कौड़िया समाधान शिविर में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन, ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति संबंधी मांग एवं शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण कर लिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवास एवं शौचालय संबंधी मांग एवं शिकायत को 98 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। *प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज जिले के 35 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच की व्यवस्था की गई थी, जिसमें उच्च जोखिम महिला को प्राथमिकता से विशेषज्ञ अथवा चिकित्सा दल द्वारा जांच किया गया।*

कलेक्टर सहित स्वास्थ्य टीम ने अभियान का लिया जायजा

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज सुबह जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण कर अभियान में दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। आज एक हजार से ज्यादा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई और जांच उपरांत 110 एवं जोखिम वाली महिलाओं को उच्च संस्था में रेफर किया गया। महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं परिवार नियोजन की भी जानकारी दी गई। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच एवं उपचार संस्था में उपलब्ध विशेषज्ञ एवं डॉक्टर द्वारा प्रदाय किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली महिलाओं का पहचान कर समुचित उपचार सेवाएं प्रदान करते हुए माता का सुरक्षित संस्थागत प्रसव करवाते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य से प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिन्हित एक महिला डॉक्टर एवं मितानिन समन्वय को अभियान की पूर्ण जानकारी प्रदाय की गई थी द्य सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी एवं जिले की टीम द्वारा कोटा एवं तखतपुर के विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

फर्जी सिम जारी कर धोखाधड़ी, मामला दर्ज

एजेंट के खिलाफ एफआईआर

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत वीआई केयर एजेंसी की एक एजेंट पर फर्जी सिम जारी कर धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप सामने आया है। प्रार्थी अविनाश मोगरे, निवासी इंदिरा कॉलोनी तारबाहर ने आरोप लगाया है कि मंदिर चौक स्थित वीआई केयर में कार्यरत एजेंट पिंकी शर्मा ने उनके पहचान पत्रों का दुरुपयोग कर उनके नाम पर वीआई कंपनी की सिम जारी की और उसका स्वयं उपयोग कर रही थी। प्रार्थी ने थाना सिविल लाइन में आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह वर्तमान में रेलवे में कार्यरत हैं और उन्हें हाल ही में जानकारी मिली कि उनकी पहचान का गलत उपयोग किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने एजेंट पिंकी शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी के अनुसार, पिंकी शर्मा ने न केवल उनके, बल्कि देव यादव और रोहित यादव सहित कई अन्य लोगों के पहचान पत्रों का भी दुरुपयोग किया है। इन फर्जी सिम कार्डों का उपयोग कुछ व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी और आर्थिक अपराधों में किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य पीड़ितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

सम्मान

पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान, 1100 दीप जलाकर दी गई श्रद्धांजलि

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व सैनिकों के सम्मान में निकाली गई शौर्य सम्मान यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सैनिकों के सम्मान में शनिवार को बिलासपुर में सिंदूर शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की अगवाई में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, पूर्व सैनिक और महिला संगठनों ने यह आयोजन किया।

दोपहर बाद यह यात्रा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान से शुरू हुई, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, मेयर पूजा विधानी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह आदि शामिल हुए। हाथों में बैनर पोस्टर लिए भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष और सैनिक एवं सैनिक परिवार इस शोभा यात्रा में शामिल हुआ। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान से होकर यह यात्रा सीएमडी चौक स्थित अमर जवान चौक पहुंची यहां पूर्व सैनिक महेंद्र प्रताप सिंह राणा और ग्रुप कैप्टन संजय पांडे का विशेष सम्मान किया गया।

देश के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीद स्मारक पर 1100 दीये जलाए गए। कई स्थानों पर स्टाल लगाकर यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया और उन्हें लस्सी, छाछ, जल जल आदि प्रदान किए गए। सीएमडी कॉलेज मैदान में रंगोली सजाई गई। सिंदूर शौर्य यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

स्मारक को फूल-मालाओं से सजाया

महिला और सामाजिक संगठन की ओर से स्मारक को फूल मालाओं से सजाया गया। ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सैनिकों के परिवार से सुनीता साहू , सोनिया साहू, अनीता कौशिक और अनु साहू भी इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रही। यात्रा के आरंभ में सैनिकों के माथे पर तिलक लगाया गया।

न्यूज गैलरी

भारत में आईफोन बनाने पर एपल को धमका रहे ट्रंप

नई दिल्ली। अमेरिका के सरकारी आंकड़ों के अनुसार वहां की 9 बड़ी कंपनियां अपने 80 फीसदी से अधिक उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाती है या बाहरी देशों से खरीदती है। आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया पर शेखी बघारने वाला अमेरिका करीब 425 लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पाद और सेवाएं, जो भारत की पूरी जीडीपी से भी करीब 32त्न अधिक है, आयात करता है।

जहां एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एपल को भारत में आईफोन का विनिर्माण नहीं करने के लिए धमका रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके देश के आंकड़े मेक इन अमेरिका की पोल खोल रहे हैं। अमेरिकी सरकार की वाणिज्य विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो अमेरिका की बड़ी कंपनियां से देश के भीतर न के बराबर उत्पाद बना रही है। आंकड़ों के अनुसार वहां की 9 बड़ी कंपनियां अपने 80 फीसदी से अधिक उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाती है या बाहरी देशों से खरीदती है। विभाग के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया पर शेखी बघारने वाला अमेरिका करीब 425 लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पाद और सेवाएं, जो भारत की पूरी जीडीपी से भी करीब 32त्न अधिक है, आयात करता है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2002 में अमेरिका के लोग अपने देश में बने हुए 77त्न उत्पाद का इस्तेमाल करते थे। लेकिन, 2023 तक आते-आते यह आंकड़ा घटकर महज 46त्न रह गया। रिपोर्ट के अनुसार 90त्न से अधिक इलेक्ट्रिक सामान, 50त्न दवाएं, 75त्न कपड़े और 60त्न घरेलू उपयोग की वस्तुओं के लिए अमेरिकियों को आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि, कोरोनाकाल के बाद से अमेरिका में देसी उत्पादों को बढ़ावा देने का चलन बढ़ा है। सरकार ने भी अमेरिका के भीतर ही वस्तुओं के विनिर्माण पर जोर दिया है। लेकिन इस राह का सबसे बड़ा अड़चन है, अमेरिका की भारी-भरकम श्रम लागत। अमेरिका में प्रति घंटे की न्यूनतम मजदूरी भारतीय रुपये में करीब 3,207 रुपये है, जो चीन के 116 रुपये की तुलना में काफी ज्यादा है। यही कारण है कि सरकार की पहल में शामिल होने के बावजूद करीब 300 से अधिक कंपनियां अपने उत्पाद अमेरिका में नहीं बना पा रही।

भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था; कौन-से क्षेत्र ग्रोथ इंजन

दिल्ली। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब भारत की अर्थव्यवस्था चार बिलियन डॉलर की हो चुकी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में इस समय भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी रह गए हैं। अनुमान यह भी जताया गया है कि अगले ढाई से तीन साल में भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की इस तेज रफ्तार वृद्धि के पीछे निर्माण क्षेत्र की ताकत को सबसे प्रमुख माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में निर्माण क्षेत्र में लगातार पैसा झोंका है। सड़क मार्ग, रेल परिवहन, पोर्ट निर्माण और आवासीय भवनों के निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। इसका लाभ कोर सेक्टर के स्टील, सीमेंट, बिजली, तेल सहित औद्योगिक सेक्टर के 50 बड़े क्षेत्रों को मिला है। इससे इसके साथ जुड़े अन्य सेक्टरों में भी तेज वृद्धि देखी गई है। केंद्र सरकार ने देश में लगातार निवेश का माहौल बेहतर बनाए रखा है। इसका असर हुआ है कि विदेशी निवेशकों ने यहां निवेश को अपनी प्राथमिकता बना रखा है। इससे देश के अनेक क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश प्राप्त हुआ है और इससे इन सेक्टरों को बढ़ाने में वित्तीय मदद मिली है। अभी जिस तरह के वैश्विक माहौल बने हैं, उसमें आगे भी भारत में निवेश की संभावनाएं बेहतर बनी रह सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हथियारों के निर्माण को अपनी प्राथमिकता में रखा है। इसका यह असर हुआ है कि भारत आज दुनिया में हथियार आयातकों के साथ-साथ हथियारों का बड़ा निर्यातक भी बन चुका है। आज भारत के ब्रह्मोस, आकाश और अन्य आयुध निर्माण की खरीद करने वाले दर्जनों देश की सेवाएं ले रहे हैं। इससे भी भारत की धमक पूरी दुनिया में बढ़ी है। लेकिन केंद्र सरकार के इस कदम ने भारत को न केवल हथियारों का निर्यातक बनाया है, बल्कि इसके जरिए भारत को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है।

जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 144.42 अंक अर्थात 0.32 प्रतिशत कमजोर होकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 44861.42 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 475.68 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 51521.42 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम-मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

अमेरिका और जापान दोनों में बढ़ते बॉन्ड यील्ड से निवेशकों की चिंता गहराई क्योंकि इससे उभरते बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर पलायन हो सकता है। इस बीच, अमेरिका द्वारा कंपनियों को चीन खासकर हुवेई टेक्नोलॉजीज के निर्मित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप्स को इस्तेमाल से रोकने के फैसले ने चीन के साथ व्यापार तनाव को और बढ़ा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम को 'एकतरफा बदमाशी' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया और सख्त प्रतिशोध की चेतावनी दी।

इस व्यापारिक तनाव और अमेरिकी आर्थिक संकेतकों के मिश्रित रुझानों ने बाजार धारणा को अस्थिर किया। इसके बावजूद भारतीय बाजार ने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के बीच भी उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया। इसका श्रेय घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) और खुदरा निवेशकों की मजबूत खरीददारी को है, जो भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं में भरोसे को दर्शाता है।

मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगी प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया

ड्रोन के जरिए पहुंचाई जाएगी दुर्गम इलाकों में मछली : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि दुर्गम इलाकों में एग्रीगेटर से वितरण बिंदु तक मछली ले जाने का काम बहुत जल्द ड्रोन के माध्यम से होता नजर आएगा। मछली पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव (मत्स्य पालन) डॉ. अभिलक्ष लिखी के अनुसार, जीवित मछली परिवहन के लिए वर्तमान में ड्रोन तकनीक पर एक पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है।

इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य 70 किलोग्राम पेलोड ड्रोन विकसित करना है, जो दुर्गम इलाकों में जीवित मछली ले जाने में सक्षम हो। एक कार्यक्रम में, डॉ. लिखी ने राज्यों से इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थागत तालमेल के जरिए मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगी प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। मछुआरों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया गया, जिसमें रिसोर्स मैपिंग, बायोमेट्रिक पहचान और चेहरे की पहचान जैसे पहलू शामिल हैं। ग्रीन और ब्लू सस्टेनेबिलिटी सिद्धांतों से जुड़ी स्मार्ट, इंटीग्रेटेड मछली पकड़ने के बंदरगाहों और मॉडर्न फिश मार्केट के विकास को भविष्य की प्रमुख प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया। उन्होंने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) और सपोर्टिव सब्सिडी स्ट्रक्चर के माध्यम से ड्रोन पहल को मजबूत करने का भी आह्वान किया। आईसीएआर संस्थानों के समर्थन से एडवांस मत्स्य पालन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, प्रॉसेसिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर विशेष रूप से क्लस्टर डेवलपमेंट और एक संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम के जरिए मजबूत फोकस को प्रोत्साहित किया गया। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए अमृत सरोवर का लाभ उठाने पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें राज्यों से सक्रिय समर्थन मांगा गया। विशेषज्ञों ने सजावटी मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और समुद्री शैवाल की खेती और कृत्रिम चट्टानों के विकास का भी आह्वान किया, जिससे इन उभरते क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिले। सजावटी मत्स्य पालन का मतलब आकर्षक और रंगीन मछलियों को पालने से है, जो अक्सर एक्वेरियम जैसे छोटे जलीय वातावरण में रखी जाती हैं। मत्स्य पालन विभाग के संयुक्त सचिव (अंतरदेशीय) सागर मेहरा ने अंतरदेशीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अंतरदेशीय मत्स्य पालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला। वन विभाग की संयुक्त सचिव (समुद्री) नीतू कुमारी प्रसाद ने मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट बंदरगाहों और प्रजातियों के विविधीकरण के विकास के महत्व पर जोर दिया।

2 जून से इन डिवाइसेस में नहीं चलेगा नेटफिलक्स

नई दिल्ली। पॉपुलर ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफिलक्स का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स के लिए एक अहम खबर है। अगर आप एंटरटेनमेंट के लिए Netfli& का उपयोग करते हैं और इसके लिए ˏmazon Fire TV Stick डिवाइस का सहारा लेते हैं, तो आपकी परेशानी बढ़ने वाली है। Amazon ने घोषणा की है कि 2 जून 2025 से कुछ पुराने Fire TV Stick डिवाइस पर Netfli& की स्ट्रीमिंग सुविधा बंद हो जाएगी।

इन डिवाइस पर नहीं चलेगा Netfli& Amazon ने स्पष्ट किया है कि 2014 से लेकर 2016 के दौरान लॉन्च हुए Amazon Fire TV डिवाइस पर Netfli& का सपोर्ट नहीं मिलेगा। इनमें पहली जनरेशन की फायर टीवी स्टिक, 2014 में लॉन्च हुआ Fire TV और 2016 में एलेक्सा वॉयस रिमोट के साथ लॉन्च किया गया फायर टीवी स्टिक शामिल हैं। यदि आपके पास इनमें से कोई भी डिवाइस है, तो 2 जून 2025 के बाद आप उस पर Netfli& का फायदा नहीं उठा पाएंगे। यदि आप Fire TV Stick के जरिए Netfli& का इस्तेमाल जारी रखना चाहते हैं, तो आपको अपना डिवाइस अपग्रेड करना होगा। Amazon के लेटेस्ट Fire TV Stick में बेहतर स्पीड, शानदार पिक्चर क्वालिटी और कई नए फीचर्स मिलते हैं।

आप इन्हें Flipkart और Amazon जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खरीद सकते हैं। इन डिवाइस की कीमत आमतौर पर पाँच से छह हजार रुपये के बीच होती है, हालांकि फेस्टिव सीजन में आपको डिस्काउंट ऑफर का लाभ भी मिल सकता है। यह कदम उन यूजर्स के लिए चिंता का विषय है जो अभी भी पुराने Fire TV Stick मॉडल का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन यह टेक्नोलॉजी अपग्रेड और बेहतर स्ट्रीमिंग अनुभव की दिशा में एक बदलाव का संकेत भी है।

पीएफ खाताधारकों को अगले एक साल तक मिलेगा ब्याज, सरकार ने लगाई मुहर

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को अपनी मंजूरी दे दी है।

इस फैसले से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अपने सात करोड़ से अधिक खाताधारकों के भविष्य निधि पर वार्षिक ब्याज जमा कर सकेगा। EPFO ने 28 फरवरी, 2025 को ही वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को बरकरार रखने का फैसला किया था। यह पिछले वित्त वर्ष में दी गई ब्याज दर के बराबर है। स्वीकृत ब्याज दर को वित्त मंत्रालय की मंजूरी के लिए भेजा गया था। श्रम मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर देने पर सहमति दे दी है और श्रम मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को ईपीएफओ को इस संबंध में सूचना दे दी है। अब वित्त वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत दर के अनुसार ब्याज ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक अंशधारकों के खातों में जमा किया जाएगा।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 28 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 237वीं बैठक में ब्याज दर पर निर्णय लिया गया था।इससे पहले वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर को 8.15त्न से 0.10त्न बढ़ाकर 8.25त्न किया गया था। वहीं 2022-23 में 8.10त्न से 0.05त्न बढ़ाकर 8.15त्न किया गया था।

ऑनलाइन धोखाधड़ी पर लगेगी लगाम! अब आपका डिजिटल पेमेंट होगा और भी सुरक्षित

नई दिल्ली। टेक्नोलॉजी ने हमारी जिंदगी को जितना आसान बनाया है, उसके साथ उतने ही खतरे भी जुड़े हैं। इंटरनेट की बढ़ती पहुँच के बाद से पैसों के लेन-देन में सबसे बड़ा बदलाव आया है। अब अधिकांश लोग ऑनलाइन माध्यम से ही भुगतान करते हैं, चाहे किसी को पैसे भेजने हों या दुकान से खरीदारी करनी हो। अगर आप भी ऑनलाइन पेमेंट करते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। अब आपका डिजिटल पेमेंट और भी ज्यादा सुरक्षित होने जा रहा है।पिछले कुछ समय में डिजिटल पेमेंट में धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए टेलीकॉम कंपनियों से लेकर सरकार तक नए कदम उठा रही है। अगर आप क्व्ह्न ऐप्स जैसे- Paytm,

PhonePe, Google Pay और BHIM का इस्तेमाल करते हैं, तो अब आपका ऑनलाइन पेमेंट पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। साइबर क्रिमिनल्स अब आपके पैसे पर सेंध नहीं लगा सकेंगे। आपको बता दें कि टेलीकॉम विभाग की तरफ से डिजिटल पेमेंट को सुरक्षित रखने के लिए एक नया 'सुरक्षा कवच' तैयार किया गया है। इस नए सुरक्षा कवच का नाम 'फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर' है। टेलीकॉम विभाग द्वारा पेश किए गए इस नए टूल का काम उन मोबाइल नंबर्स की पहचान करना है जो धोखाधड़ी में शामिल हो सकते हैं या पहले से शामिल किए गए हैं।अगर कोई मोबाइल नंबर साइबर अपराध के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, तो फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर उसे तुरंत ब्लॉक कर देगा। इतना ही नहीं, यह टूल यूजर्स को साइबर फ्रॉड से अलर्ट भी करेगा। जैसे ही कोई संदिग्ध नंबर किसी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में शामिल होता है, स्न्रऋ्ढ टूल उसे पहचान कर तुरंत वित्तीय संस्थानों को अलर्ट कर देगा। इससे यूजर्स के साथ फ्रॉड होने की संभावना पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर टूल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सिर्फ बैंकों के लिए ही काम नहीं करेगा, बल्कि यह नॉन-बैंकिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे Paytm, PhonePe, GPay जैसे प्लेटफॉर्म पर होने वाले ऑनलाइन फ्रॉड से भी यूजर्स को अलर्ट करेगा। यह लेटेस्ट टूल उन नंबरों पर कड़ी नजर रखेगा जो पहले से किसी धोखाधड़ी में जुड़े पाए गए हों, जिनका च्रङ्घष्ट या वेरिफिकेशन पूरा न हो, या फिर जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हों। यह कदम डिजिटल लेनदेन को और अधिक विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

खेल

मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे भारत के श्रीकांत

दिल्ली। श्रीकांत का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में दुनिया में 82वें नंबर पर खिसकने के बाद, दुनिया को अपनी क्षमता की याद दिलाने के लिए धैर्य और क्लास दिखाया। फिलहाल वह 65वें स्थान पर हैं। भारत के किदांबी श्रीकांत रविवार को मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली और वह उपविजेता रहे। उन्हें पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

चोट की वजह से हाल फिलहाल में कई अवसर गंवाने के बाद श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में जबरदस्त वापसी की। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालिफायर से शुरुआत की और खिताबी मुकाबले तक शानदार

प्रदर्शन किया। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का प्रदर्शन अनियमित रहा और वह दूसरे वरीय ली के मजबूत डिफेंस को भेदने में संघर्ष करते रहे।

वह मौके भुनाने में भी असफल रहे और आखिरकार 36 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए। हार के बावजूद श्रीकांत का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में दुनिया में 82वें नंबर पर खिसकने के बाद, दुनिया को अपनी क्षमता की याद दिलाने के लिए धैर्य और क्लास दिखाया। श्रीकांत पिछली बार 2019 इंडिया ओपन में क्व्ह्वस्न वर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंचे थे, जहां वे उपविजेता भी रहे थे। वे 2021 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता भी रहे। श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया।। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। इससे पहले श्रीकांत ने सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत सेमीफाइनल में दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को 21-18, 24-22 से शिकस्त दी थी। वहीं, क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर अंतिम चार का टिकट कटाया था। 65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। उससे पहले श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की थी। वहीं, मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए श्रीकांत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया था।

दो हाफ तक बिना गोल बराबरी पर रहा स्कोर पेनल्टी शूटआउट में सोनभद्र ने 4-1 से जीता मैच

वाराणसी। वाराणसी के कई स्थानों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान में हॉकी प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही अन्य खेलों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान के एस्ट्रोटर्फ पर शनिवार सुबह 28वीं पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सोनभद्र और प्रयागराज पीएसी की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ और 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र की टीम के बीच खेला गया।

निर्धारित दो हाफ खेलकर दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रहीं। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इसमें सोनभद्र की 48वीं वाहिनी पीएसी की टीम ने 4-1 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच प्रयागराज की 4वीं वाहिनी पीएसी और झांसी की 33वीं वाहिनी पीएसी के बीच हुआ। दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल करने में नाकाम रही। मैच के निर्णय के लिए रेफरी ने पेनल्टी शूटआउट कराया। प्रयागराज ने ने झांसी को 3-1 से हरा दिया। 4वीं वाहिनी पीएसी की ओर से प्रशांत त्रिपाठी, अभिषेक सिंह और शुभम यादव ने गोल जबकि 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी के सतीष ने एक गोल किया। इस प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की कुल 10 टीमें टीमें हिस्सा ले रही हैं। हॉकी का समापन 26 मई को होगा। आयोजन सचिव सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर शुभारंभ किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। सेनानायक ने कहा कि खेलों में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन जरूरी है। खेल में हार जीत एक पक्ष होता है, लेकिन हार से निराश नहीं होना चाहिए। 48वीं वाहिनी सोनभद्र और 20वीं वाहिनी आजमगढ़ में खेले गए मुकाबले में सोनभद्र पीएसी के राम जनम यादव, जगेश यादव, दीपक चौहान, लक्ष्मी शंकर ने एक एक स्ट्रोक लिया और गोल में बदला जबकि 20वीं वाहिनी आजमगढ़ की ओर से एकमात्र गोल अंगद यादव ने किया।

संक्षिप्त खबरें

लिफ्ट लेकर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार

रायपुर/नवपद्रेश। अज्ञात व्यक्ति ने लिफ्ट लेकर अधेड़ के रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप रहेजा 55 वर्ष टाटीबंध का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका कर्मचारी पितांबर चंद्राकर दुकान का वसूली पैसा लेकर एक्टिवा से जा रहा था, तभी भनपुरी चौक के पाटीदार भवन के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे लिफ्ट मांगा। जिससे पितांबर ने उसे लिफ्ट दिया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवपद्रेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार दिया। दोनों हही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में अमीनपरा पुरानी बस्ती निवासी शेख कुतुबदीन 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केआर 5054 को बागड़ी नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बजरंग नगर बीरगांव निवासी रूपेन्द्र निषाद 40 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएन 9887 को दुकान के बाहर जंजीर बांधकर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

यात्री बस से लैपटाप पार

रायपुर/नवपद्रेश। यात्री बस में अज्ञात चोर ने लेपटाप पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उमेश कुमार साहू 26 वर्ष कृष्णा नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कोण्डागांव से बस में बैठकर रायपुर आया। भाठागांव बस स्टैंड में उतरने के बाद अपना बैग देखा तो उसमें एचपी कंपनी का लेपटाप गायब था। चोरी गए लेपटाप की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर/नवपद्रेश। हेमु कल्याणी चौक नेवरा स्थित दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यनारायण साहू 30 वर्ष लांजा सिमगा का रहने वाला है। प्रार्थी का हेमु कल्याणी चौक नेवरा में दुकान है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके दुकान का ताला तोड़कर टेबल फैन, एल्युमिनियम वायर व ग्लैण्डर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवपद्रेश। पीडब्ल्यूडी ब्रीज के पास चाकू लहराते युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पीडब्ल्यूडी ब्रीज के पास चाकू लहराते आरोपी गजनी निहाल 20 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अडानी पॉवर प्लांट में मिट्टी धंसने से एक मजदूर की मौत

कोरबा/नवपद्रेश। उरगा थाना क्षेत्र के पताढ़ी गांव में स्थित अडानी पॉवर प्लांट में शनिवार को मिट्टी धंसने से एक मजदूर की मौत हो गई। 30 वर्षीय सतीश शांडिल्य, जो कि कापन का निवासी था, मिट्टी धंसने की घटना में मौत की भेंट चढ़ गया। वह ठेका कंपनी के जरिए वेल्डिंग हेल्पर के रूप में प्लांट में काम कर रहा था। मजदूरों का आरोप है कि प्लांट में सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। मजदूर बिना सेफ्टी गियर, बिना प्रशिक्षण और बिना निगरानी के खतरनाक निर्माण स्थलों पर झोंक दिए जाते हैं। ऐसे में कहना गलत नहीं है कि सतीश की मौत एक हादसा नहीं, मुनाफे की हवस में की गई हत्या है। अडानी समूह ने आठ महीने पहले 4200 करोड़ में लैंको अमरकंटक पॉवर प्लांट खरीदा, और तब से यहां निर्माण कार्य अंधाधुंध तेजी से चल रहा है। लेकिन मुनाफा कमाने की होड़ में मजदूरों की सुरक्षा और जीवन को खुलकर कुचला जा रहा है। साथी मजदूरों ने बताया कि जिस जगह सतीश काम कर रहा था, वहां पहले से मिट्टी धंसने की आशंका थी।

शौचालय वाहन में लगी आग

कोरबा/नवपद्रेश। जिले के पोड़ी उपरोड़ा गांव में एक शौचालय वाहन में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि वाहन धू-धू कर जल उठा। दमकल टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग को काबू में कर लिया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह शौचालय वाहन लंबे समय से वहां खड़ा था। इसका उपयोग आम दिनों में और विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान किया जाता था। घटना के समय धीरे-धीरे धुआं निकलना शुरू हुआ और फिर आग की लपटें तेज हो गईं। आग लगने के कारणों की जांच चल रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यह आग जानबूझकर लगाई गई हो सकती है।

बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

आपसी राजनीतिक खींचतान के चलते अधर में लटका पीएमश्री स्कूल

- अतिक्रमण के कारण रुका निर्माण कार्य
- पीएम की महत्वाकांक्षी योजना की जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही घोर उपेक्षा

राजिम/नवप्रदेश। पीएमश्री स्कूल भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना है। इस पहल का उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार/केवीएस और एनवीएस सहित स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित 14500 से अधिक पीएमश्री स्कूल विकसित करना है, जिसमें प्रत्येक छात्र का स्वागत और देखभाल की जाती है, जहां एक सुरक्षित और प्रेरक सीखने का माहौल मौजूद है। जहां सीखने के अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जाती है, और जहां सभी छात्रों के लिए सीखने के लिए अच्छा भौतिक बुनियादी ढांचा और उपयुक्त संसाधन उपलब्ध हैं। इस योजना से 20 लाख से ज़्यादा छात्रों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

वहीं नवापारा के सोमवारी बाजार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला आपसी राजनीतिक खींचतान और सरकारी जमीन पर बड़ी मात्रा में अतिक्रमण के कारण विकास के लिए संघर्ष कर रही है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2023-24 में इस स्कूल का उन्नयन कर पीएम श्री स्कूल योजना में शामिल किया गया है। इसके बावजूद यहां विकास और निर्माण कार्य कोसों दूर है। वैसे तो मौके पर बहुत सी सरकारी जगह उपलब्ध है जहां खेल मैदान सहित सर्वसुविधायुक्त बुनियादी ढांचा विकसित किया जा सकता है।

प्राप्त हुई राशि हो गई लेप्स

इस स्कूल में बुनियादी ढांचा के विकास, मरम्मत और निर्माण के लिए कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा 16 जून 2023 को 23.54 लाख रुपए जारी किए गए थे, जिसमें सीएमओ नगर पालिका परिषद गोबरा को एजेंसी बनकर कार्यादेश दिया गया था। लेकिन तत्कालीन सीएमओ की लापरवाही, जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य नहीं हो सका और राशि लैप्स हो गई।

क्या है स्कूल की वर्तमान स्थिति

सोमवारी बाजार स्थित शास. प्राथमिक शाला में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। स्कूल में कुल 5 कमरे जर्जर हालत में हैं। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था का अभाव है जिसका प्रमुख कारण पूरे क्षेत्र में लोगों द्वारा किया गया अवैध अतिक्रमण है। बारिश के दिनों में स्कूल परिसर में घुटनों तक पानी भर जाता है।

वर्ष 2023 में पीएम श्री योजना में शामिल किये जाने के बाद उम्मीद जगी थी कि स्कूल की स्थिति में गुणात्मक सुधार होगा। लेकिन जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा, आपसी राजनीतिक खींचतान और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के कारण यहां विकास कार्य ठप पड़े हैं।

वार्डवासियों ने की निर्माण की मांग, सौंपा ज्ञापन

दिनांक 22 मई 2025 को वार्डवासियों ने नगर पालिका सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपकर दोबारा निर्माण कार्य कराने की मांग की। वार्ड के लोगों ने बताया कि शासकीय प्राथमिक स्कूल अपनी दुर्दशा पर रो रहा है। सरकार शासकीय स्कूलों के विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च करती है। लेकिन सोमवारी बाजार का यह स्कूल विकास कार्यों से कोसों दूर है। अतिक्रमणकारियों के कारण स्कूल की हालत खराब हो गई है। लोगों का कहना है कि स्कूल में सुविधाओं और संसाधनों की कमी के कारण विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाती है। इससे शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है और बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

बतरा में आयोजित किया गया समाधान शिविर

कोरबा/नवपद्रेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बतरा में अंतिम चरण का समाधान शिविर आयोजित किया गया।

समाधान शिविर में नोडल अधिकारी सीमा पात्रे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली, सहायक नोडल अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सोनवानी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली, विधायक प्रतिनिधि पाली तानाखार कुलदीप सिंह मरकाम, जनपद सदस्य उत्तम सिंह, सुरेश निषाद, श्री सत्यनारायण पैकरा, सरपंच ग्राम पंचायत बतरा रामायण देवी कुसरो, कर्रानवापारा डिगेश्वर सिंह तंवर, कोडार प्रेममनी लकडा, शिवपुर ललिता बाई, सिल्ली श्रीमती संध्या उरांव, निरधी छत्रपाल, परसदा शिक्षा ध्रुव, पोलमी सुशील कुमार जगत एवं खंड स्तरीय विभागों के विभाग प्रमुख सहित अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

फांसी के फंदे पर लटका मिला 10 साल के बच्चे का शव

कोरबा/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार, वार्ड नंबर 4 निवासी रोशन साहू, उम्र लगभग 10 वर्ष की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है। बालक का शव राताखार स्थित एक खाली प्लॉट में अशोक के पेड़ पर नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। पास में उसका घर है और खाना खाने के बाद दोपहर करीब 2रू30 बजे वह घर से निकला था। कुछ देर बाद इस घटना की खबर मिली। मृतक के परिजनों ने हत्या कर लटका देने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भिजवाया है।

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पड़ा भारी, 24 लोगों के लाइसेंस निलंबित

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने विगत एक माह में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों–अशोक यादव (39 वर्ष, मरोल), सुरेश एक्का (46 वर्ष, काईकछार), रोशन तिर्की (37 वर्ष, सकरडीह) और विनय कुमार सिंह (34 वर्ष, दरबारी टोली)–को पकड़कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहाँ एमवी की धारा 185 के अंतर्गत प्रति व्यक्ति 10,000 का जुर्माना लगाया गया। साथ ही उनका ड्राइविंग लाइसेंस जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से निलंबित कराया गया। इसके अतिरिक्त, ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले 20 वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इन पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ उनके लाइसेंस भी निलंबित किए गए हैं। पुलिस ने मोडिफाइड साइलेंसर बेचने वालों पर भी शिकंजा कसा है।

शिक्षक युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा!

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा की खबर आने लगी है। ये गड़बड़ी शिक्षा विभाग के दफ्तरों तक सीमित नहीं है बल्कि दफ्तर के बाहर आ गई है, जिससे मसला सीधा जिले के कलेक्टर तक जा पहुंचा है। यही वजह है कि कड़े तेवर में कलेक्टर कुंदन कुमार ने शिक्षा विभाग के अफसर डीईओ-डीएमसी और बीईओ, बीआरसी को चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शिक्षक युक्तियुक्तकरण में जो गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा चल रहा है उसकी जानकारी और ब्रीफिंग मुझे मिल गई है। अगर इसमें कोई गड़बड़ी पाई गई तो विभागीय कार्रवाई बाद में होगी, कानूनी कार्रवाई पहले होगी।

कलेक्टर ने इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार धृतलहरे और [illegible] का कार्य संभाल रहे अजय नाथ को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि दोनों की लापरवाही साफ-साफ दिखाई दे रही है। मैं एक बार ही वार्निंग देता हूं। [illegible] और [illegible] भी सावधान हो जाएं। दरअसल कलेक्टर का संकेत है कि शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता सबसे जरूरी है, गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी ,ऐसी स्थिति आने पर कार्रवाई तय है।

जानिए कैसे दिया जा रहा गड़बड़ी और फर्जीवाड़े को अंजाम?

सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुंगेली जिले में शिक्षा विभाग के अफ़सरों द्वारा किस तरह से गड़बड़ियों को अंजाम दिया जा रहा है। आइए बताते हैं पूरा मामला।

बच्चों की संख्या में फर्जीवाड़ा: कई स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है, ताकि शिक्षक पद की अनावश्यक मांग की जा सके।

स्कूल की दूरी में हेरफेर: स्कूलों की आपसी दूरी में हेरफेर कर युक्तियुक्तकरण के मानकों को तोड़े जाने की खबर है।

लंबे समय से गैरहाजिर बच्चों को गिना जा रहा : ऐसे बच्चे जो महीनों से स्कूल नहीं आ रहे, उन्हें भी उपस्थिति में दिखाकर कुल संख्या बढ़ाए जाने की जानकारी सामने आई है।

अतिशेष शिक्षकों की जानकारी छुपाई जा रही : हद तो ये है कि अतिरिक्त शिक्षकों को छुपाकर उन्हें वहीं बनाए रखने की कोशिश की जाने की शिकायत मिल रही है, जिससे शिक्षक युक्तियुक्तकरण की नीति के

पारदर्शिता नहीं तो एफआईआर तय ?

कलेक्टर कुंदन कुमार ने जिस लहजे में गंभीरता से इस मामले में कहा है कि गड़बड़ी नहीं चलेगी। हर अधिकारी और कर्मचारी को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए। पारदर्शिता से समझौता करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ संकेत दिया है कि यदि किसी भी अफसर की शिक्षक युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी करने की पुष्टि हो गई तो उसके खिलाफ FIR दर्ज की जाएगी।

कलेक्टर की चेतावनी से मचा हड़कंप

मुंगेली जिले में शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबर से कलेक्टर एक्शन मोड़ में है। यही वजह है कि कलेक्टर चंदन कुमार की सख्त चेतावनी के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। अब देखना होगा कि अफसरों की नींद कब खुलती है और व्यवस्था कितनी जल्द सुधरती है।

शेयर मार्केट में पैसे डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में ठगी के दो अलग-अलग मामलों में कुल 38.5 लाख रुपये की चपत लोगों को लगी है. पहले मामले में एक ठग ने शेयर मार्केट में निवेश पर 100 दिन में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 16 लोगों से लाखों रुपये ऐंठ लिए. वहीं दूसरे मामले में एक शख्स ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक महिला को फर्जी आरोपों में फंसाने की धमकी दी और उससे लाखों रुपये ठग लिए. दोनों मामलों में सिविल लाइन थाना पुलिस की जांच जारी है।

शेयर मार्केट में पैसे डबल करने का लालच देकर ठगी

बिलासपुर में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 30 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है. सिविल लाइन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रेड जेनिक्स नामक फर्जी कंपनी के डायरेक्टर अनुज मेमन को एक होटल में सेमिनार करते हुए गिरफ्तार किया है. आरोपी अनुज मेमन लोगों को अमेरिकी डॉलर में निवेश करने पर हर दिन 2 प्रतिशत रिटर्न और 100 दिनों में राशि दोगुनी करने का झांसा देता था. अब तक वह 16 लोगों से कुल ?30 लाख 40 हजार रुपये की ठगी कर चुका है. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर महिला से 8.5 लाख रुपए की ठगी

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर महिला को झांसे में लिया और उसके बच्चों पर पोर्न फिल्म देखने का झूठा आरोप लगाकर उसे धमकाया. आरोपी ने महिला को डराया कि क्राइम ब्रांच में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है और जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है. गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर आरोपी ने महिला से अलग-अलग किस्तों में कुल 8.5 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। घटना की शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम

दुर्ग में लाइफस्टाइल क्लीनिक रोगों की रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य का नया माध्यम बना

रायपुर,/नवप्रदेश। रोगों की रोकथाम और जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने आयुष मंत्रालय के अंतर्गत देशभर लाइफस्टाइल क्लीनिकों की स्थापना करने के लिए सराहनीय पहल की है। इसी के अंतर्गत अप्रैल माह में दुर्ग में मोहनलाल बाकलीवाल शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में एक लाइफस्टाइल क्लीनिक का आरंभ किया गया। एक माह के अंदर ही इस क्लीनिक में मरीजों की भीड़ लगने लगी है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन की एक समीक्षा बैठक रायपुर में हुई, उसके बाद केंद्रीय आयुष विभाग के अधिकारियों ने चुनिंदा पत्रकारों के साथ दुर्ग के इस मोहनलाल बाकलीवाल शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय को भेंट देकर उसके कार्यान्वयन की समीक्षा की।

इन अधिकारी एवं पत्रकारों को जानकारी देते हुए आयुष विभाग के सह निदेशक डाक्टर सुनील दास ने बताया कि, यह लाइफस्टाइल क्लीनिक मरीजों के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है। जहाँ मरीजों को आहार, दिनचर्या, योग अभ्यास और तनाव प्रबंधन तकनीकों के बारे में संरचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। प्रारंभिक लाभार्थियों ने अपने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर में सुधार और संपूर्ण ऊर्जा व मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि, यह क्लीनिक विशेष रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायरॉइड विकार, मोटापा, तनाव और जोड़ों के दर्द जैसे जीवनशैली जनित रोगों के उपचार हेतु आयुर्वेद, योग, आहार परामर्श और जीवनशैली प्रबंधन के माध्यम से सेवा प्रदान करता हैं

दास ने कहा कि, इस क्लिनिक में बुजुर्गों के अलावा युवा भी लक्षणीय मात्रा में आते है। बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण ये रोग आज युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली जहां केवल लक्षणों के उपचार पर केंद्रित होती है, वहीं यह लाइफस्टाइल क्लीनिक समग्र दृष्टिकोण अपनाता है, जो कि मूल कारण की पहचान, व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव, प्राकृतिक उपचार और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देता हैं। उन्होंने कहा कि, उपचार के लिए इस क्लीनिक में योग्य आयुर्वेद चिकित्सक, योग विशेषज्ञ और प्रशिक्षित परामर्शदाता नियुक्त किए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com